CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 24-03-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLJKT1 User: cci Time: 03-23-2026 23:25 Color:

कानपुर (कन्नौज व लखनऊ में एक साथ प्रकाशित) > मंगलवार, 24 मार्च 2026 > चैत्र 3 शक संवत 1948 चैत्र शुक्ल पक्षी, विक्रम संवत 2083 WATCH GOD WATCHDOG पेज 16 > मूल्य सिर्फ ₹6.00 facebook.com/nbtlucknow twitter.com/nbtlucknow

# NBT नवभारत टाइम्स

एजेंसी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

आज मां कात्यायनी की पूजा

ईरान से हो रही बात, पावर प्लांट पर 5 दिन हमले नहीं: ट्रंप

▶देखें अंदर

LANDMARK COLLABORATION
between

OpenAI | UPES

We believe AI is not an add-on
**It is foundational.**

**Our University adopts an AI-First philosophy,**
embedding AI systematically in everything we do.

AI is designed into our systems by default, not by exception.

UPES

AI-FIRST
UNIVERSITY

Integrating Artificial Intelligence and Humane Intelligence

Personal AI Tutor

Integrated Learning Experience with
ChatGPT

AI Program with
EY India and KPMG

APPLY BY MARCH 26, 2026

LEAD THE FUTURE OF AI @ UPES

APPLY NOW

For more details visit upes.ac.in or call Toll Free 040 68440685 (10 am to 7 pm)

# रिंकू बनेंगे RSO, प्रगति को लक्ष्मीबाई सम्मान

## राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियां हासिल करने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों से आज सजेगा लोकभवन

■ NBT न्यूज, लखनऊ : मेडल लाओ और सम्मान पाओ, सीएम योगी आदित्यनाथ की यह बात बुधवार को सच होती दिखेगी। मंगलवार को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां हासिल करने वाले प्रदेश भर के खिलाड़ियों से लोकभवन का दरबार सजेगा। जहां देश और विदेश में अपनी चमक बिखेरने वाले खेल सितारों को रानी लक्ष्मी बाई और लक्ष्मण अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह ने बताया कि वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदेश को गौरवान्वित करने वाली पैरा खिलाड़ी प्रगति केसरवानी समेत कुल नौ खेल सितारों को सम्मानित किया जाएगा। डॉ.आरपी सिंह ने बताया कि इन खिलाड़ियों को लक्ष्मण व रानी लक्ष्मीबाई के एक कांस्य प्रतिमा, प्रशस्तिपत्र और तीन लाख 11 हजार रुपये की नकद धनराशि दी जाएगी।

**क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी होंगे क्रिकेटर रिंकू सिंह**

राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं ओलिंपिक गेम्स, पैरालंपिक गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स, विश्व कप/विश्व चैंपियनशिप (चार वर्षों में आयोजित होने वाली) में पदक जीतने वाले छह पदक विजेताओं को मुख्यमंत्री राजपत्रित अधिकारी के पद पर नियुक्ति पत्र बांटेंगे। खेल निदेशालय की ओर से जारी सूची के मुताबिक, क्रिकेटर रिंकू सिंह खेल विभाग में क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी (आरएसओ) के पद पर तैनात होंगे। इसके अलावा, पैरा ऐथलेटिक्स में गौतमबुद्ध नगर से प्रवीण कुमार, गाजियाबाद से सिमरन, मुजफ्फरनगर से प्रीतिपाल व इटावा से अजीत सिंह और हॉकी में गाजीपुर से राज कुमार पाल भी सम्मानित होंगे।

**शहर से ये :** तनुश्री पांडेय और ओम यादव को मुख्यमंत्री सम्मानित करेंगे। तनुश्री का पुरस्कार राशि के रूप में 14 लाख एवं ओम यादव को 12 लाख पुरस्कार राशि दी जाएगी।



**इन्हें मिलेगा सम्मान**

| नाम | जनपद | खेल |
|---|---|---|
| **लक्ष्मण पुरस्कार: (वर्ष 2024-25)** | | |
| उत्तम सिंह | गाजीपुर | हॉकी |
| अभिजीत कुमार | प्रयागराज | जिम्नास्टिक |
| जोन्टी कुमार | गौतमबुद्ध नगर | कुश्ती |
| **रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार: (वर्ष 2024-25)** | | |
| प्राची | सहारनपुर | ऐथलेटिक्स |
| तान्या चौधरी | बागपत | ऐथलेटिक्स |
| वर्तिका अग्रवाल | गौतमबुद्ध नगर | शतरंज |
| **लक्ष्मण पुरस्कार(पैरा सामान्य वर्ग): (वर्ष 2024-25)** | | |
| यश कुमार | आगरा | पैरा कैनोइंग |
| प्रवीन कुमार | गौतमबुद्ध नगर | पैरा एथलेटिक्स |
| **रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार(पैरा सामान्य वर्ग): (वर्ष 2024-25)** | | |
| प्रगति केसरवानी | लखनऊ पैरा | टेबल टेनिस |

## सुनीता ने अवनिका को किया चित

■ NBT न्यूज, लखनऊ : एसएसबी लखनऊ में तैनात और ऑल इंडिया पुलिस नैशनल मेडलिस्ट सुनीता सोमवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेली गई रेसलिंग गोल्ड कप 2026 लखनऊ में मुकाबला सिकंदर बनकर चमकीं। 65 किलोग्राम से अधिक भारवर्ग में गोरखपुर की अवनिका के खिलाफ सुनीता ने दमदार शुरुआत की लेकिन बढ़त हासिल नहीं कर पाई। मैच के आखिरी बाउट में सुनीता को अवनिका ने सात अंक से पीछे कर दिया। उस समय अवनिका की जीत लगभग तय मानी जा रही थी। तभी सुनीता ने फेंतलैंग तकनीक का उपयोग कर अवनिका पर ऐसा दांव लगाया जिससे अवनिका पूरी तरह चित हो गई। आखिरी डेढ़ मिनट में सुनीता ने अवनिका को हराकर हारी हुई बाजी अपने नाम कर ली। रेसलिंग गोल्ड कप 2026 में अवध लखनऊ के पांच पुरुष और चार महिला खिलाड़ियों ने अगले दौर में प्रवेश किया।

**ये जीते:** 57 किग्रा में अवध लखनऊ से कुहल ने गोरखपुर के विवेक, 53 किग्रा में इशिका ने गोरखपुर की दिव्या तोमर, 57 किग्रा में नीतू ने गोरखपुर की तनीषा, 65 किग्रा में विक्की ने गोरखपुर के विशाल पाठक, 65 किग्रा में एम. विश्वेश्वरैया चानु ने गोरखपुर की स्वाती शर्मा, 74 किग्रा में सिद्धार्थ ने गोरखपुर के अर्जुन, 65 किग्रा से अधिक भारवर्ग में सुनीता ने गोरखपुर की अवनिका, 86 किग्रा में मोहित कुमार ने गोरखपुर के मृत्युंजय को हराकर मुकाबले जीते।

## ऋषि, अंशुमान, वंश व चिन्मय अगले दौर में

■ NBT न्यूज, लखनऊ : लामार्टिनियर टेनिस लॉन फैसिलिटी में आइटा पुरुष प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट में सोमवार को मुख्य दौर के मुकाबले खेले गए। मुख्य दौर मुकाबलों के पहले दिन क्वॉलीफाइंग राउंड के लकी लूजर रहे ऋषि यादव ने महाराष्ट्र से पांचवें वरीय तनिष्क जाधव के खिलाफ जीत हासिल की। ऋषि ने तनिष्क से पहला सेट 6-3 से जीता। दूसरे सेट में ऋषि 2-0 से आगे थे। तभी तनिष्क ने मैच छोड़ दिया, जिसके चलते ऋषि ने प्री क्वॉर्टर में जगह बनाई।

हरियाणा के सुनील कुमार, अंशुमान सिंह, वंश यादव, चिन्मय देव चौहान, हर्ष मलिक, अमित, कौशिक ने अपने खेल से सबको प्रभावित किया। इससे पहले स्वरूप अग्रवाल टैलेंट हंट टेनिस टूर्नामेंट का उद्घाटन अजय दीक्षित ने किया।

## कलरीपयट्टू के लिए टीम घोषित

■ NBT न्यूज, लखनऊ : त्रिवेंद्रम के केंद्रीय स्टेडियम में आयोजित होने वाली 18वीं राष्ट्रीय कलरीपयट्टू प्रतियोगिता के उत्तर प्रदेश की 21 सदस्यीय टीम की सोमवार घोषणा हुई। प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 29 मार्च तक किया जाएगा। टीम रवाना होने से पहले पारा रोड स्थित आईबीएसआर स्पोर्ट्स अकैडमी में खिलाड़ियों का सम्मान समारोह हुआ और मौके पर उन्हें किट वितरित की गई। प्रवीण गर्ग के मुताबिक यूपी टीम में शहर से सात खिलाड़ियों को जगह मिली है।

## एयरपोर्ट : टैक्सी-वे की शुरुआत, होल्डिंग क्षमता बढ़ी

■ NBT न्यूज, लखनऊ : चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सोमवार को एक अन्य टैक्सी-वे का आगाज हुआ। एयरपोर्ट के सीएओ दर्शन सिंह ने पूजा कर नए टैक्सी-वे की शुरुआत की। एयरपोर्ट पर नया टैक्सी-वे बनने से अब यहां विमानों की होल्डिंग क्षमता बढ़ जाएगी, जिससे अब एक ही समय में पहले से अधिक विमान ऑपरेशन के लिए तैयार हो सकेंगे।

अब एयरपोर्ट पर टैक्सी-वे की संख्या सात से बढ़कर आठ हो गई है। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि लखनऊ एयरपोर्ट से प्रतिदिन 17 हजार यात्री सफर करते हैं। इन यात्रियों के लिए 110 से 116 विमानों का ऑपरेशन होता है। इसमें सुबह और शाम को पीक समय में विमानों का अधिक संचालन होता है।

लखनऊ एयरपोर्ट पर टैक्सी-वे की संख्या मौजूदा क्षमता के अनुसार कम है। विशेषकर शहर में होने वाली समिट जैसे बड़े-बड़े आयोजन के दौरान यहां पर निजी चार्टर और विमानों से आने वाले अतिथियों को स्थान उपलब्ध करवा पाना चुनौती भरा होता है। ऐसे में यह नया टैक्सी-वे बनने से लखनऊ एयरपोर्ट प्रबंधन तेजी से विमानों का ऑपरेशन कर सकेगा। एयरपोर्ट अधिकारियों के मुताबिक इस वर्ष की शुरुआत में लखनऊ एयरपोर्ट पर पांच ही टैक्सी-वे थे। दो नए टैक्सी-वे का उद्घाटन इसी वर्ष किया गया है।

## फटाफट खबरें

### 'सत्यदेव त्रिपाठी युवाओं के प्रेरणास्रोत थे'

■ NBT न्यूज, लखनऊ : प्रदेश के पूर्व मंत्री, विधायक स्व. सत्यदेव त्रिपाठी की प्रथम पुण्य तिथि पर सहकारिता भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर राजनीतिक सहित विभिन्न क्षेत्रों के लोग शामिल हुए। प्रदेश के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने कहा कि उनके जैसा व्यक्तित्व सदियों में पैदा होता है। वह युवाओं के प्रेरणा स्रोत थे। रामाशीष राय ने कहा कि वह नई पीढ़ी के प्रेरणास्रोत थे। इस दौरान विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, विधायक नीरज बोरा, विनोद चौधरी, सतीश सिंह, सिद्धार्थ शंकर, पद्माकांत शर्मा, देवेंद्र प्रताप सिंह, संजीव कुमार सिंह, गणेश ज्ञानार्थी, अनीता अग्रवाल मौजूद रहीं।

### सविता समाज के अध्यक्ष बने पंकज शर्मा

■ NBT न्यूज, लखनऊ : सविता समाज युवा संस्था की रविवार को जननायक कर्पूरी ठाकुर पार्क में बैठक में संगठन की नई जिम्मेदारी तय की गई। निवर्तमान अध्यक्ष राधारानी के त्यागपत्र के बाद उनके प्रस्ताव पर वर्तमान उपाध्यक्ष पंकज शर्मा को संस्था का नया अध्यक्ष चुना गया। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सभापति शर्मा के प्रस्ताव पर विमल वर्मा को संरक्षक, शिव कुमार शर्मा को उपाध्यक्ष और कमलेश चंद्र को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान महासचिव बुद्ध प्रकाश, विजय वर्मा और संगठन मंत्री कौशल किशोर सहित अन्य पदाधिकारियों ने नवनियुक्त टीम का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

### नवीन अध्यक्ष, विजय बिष्ट बने महासचिव

■ NBT न्यूज, लखनऊ : कूर्मांचलनगर स्थित मोहन सिंह बिष्ट सभागार में रविवार को उत्तराखंड महापरिषद की 51 सदस्यीय नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। नई कार्यकारिणी में नवीन चौधरी को अध्यक्ष और विजय बिष्ट को महासचिव बनाया गया। इस अवसर पर परिषद की युवा शाखा का भी गठन किया गया। सुरेंद्र राजेश्वरी को संयोजक, नवीन चौधरी को अध्यक्ष और विजय बिष्ट को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। महापरिषद के अध्यक्ष हरीश चंद्र पंत और महासचिव भरत सिंह बिष्ट ने युवा टीम का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

### 40 छात्र-छात्राएं सम्मानित

■ NBT न्यूज, चौक : रमजान के पवित्र एवं मुबारक माह में आयोजित होने वाली धार्मिक क्लासेज 'दीन और हम' का पुरस्कार वितरण समारोह चौक थाना क्षेत्र के अकबरी गेट स्थित गोल्डन पैलेस में हुआ। दीन और हम के दसवें दौर में 100 % उपस्थिति दर्ज कराने वाले 40 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान पाठ केंद्रों में विद्यार्थियों को शिक्षा देने वाले अध्यापक मौलाना अली हादी, मौलाना मोहम्मद यासिर, मौलाना मुराहिद आलम, मौलाना हुसैन जाफर और मौलाना अली अब्बास खान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मौलाना कल्बे जवाद नकवी, मौलाना एहतिशाम उल हसन, मौलाना अरशद हुसैन मूसवी मौजूद रहे।

### अब तो लुगाई से कहीं बेहतर है AI...

■ NBT न्यूज, लखनऊ : हिंदुस्तानी अकादमी प्रयागराज एवं साहित्यिक संस्था लोकायतन की ओर से सोमवार को कपूरथला स्थित एक होटल में फागुनाहट कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कवियों ने हिंदी प्रेम, देशभक्ति सहित विविध विषयों पर काव्य प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। डॉ. मालविका हरिओम ने हिंदी के प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए पढ़ा कि हिंदी का परचम हमको लहराना है, दुनिया-भर में इसका अलख जगाना है...। वहीं पंकज प्रसून ने तकनीक और नई पीढ़ी पर व्यंग्य प्रस्तुत किया कि अब तो लुगाई से कहीं बेहतर है एआई, जाने क्या गुल खिलाएगी इक्कीसवीं सदी।

### कर्मचारियों की छंटनी पर रोक की मांग

■ NBT न्यूज, लखनऊ : उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन निविदा एवं संविदा कर्मचारी संघ ने सोमवार को मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर निकाले गए आउटसोर्स कर्मचारियों को कार्य पर वापस लेने और छंटनी पर रोक लगाने की मांग की है। संघ के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि 15 मई-2025 के आदेश व अन्य प्रावधानों के उल्लंघन में हजारों कर्मचारियों को हटाया गया है। पत्र में कहा गया है कि गठित मानक समिति की रिपोर्ट आने से पहले ही कर्मचारियों की छंटनी की जा रही है, जिससे बिजली आपूर्ति की व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उपभोक्ताओं को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने कर्मचारियों की बहाली और छंटनी पर तत्काल रोक के निर्देश जारी करने की मांग की है।

### अटल स्कूल : एंट्रेंस एग्जाम का रिजल्ट जारी

■ NBT न्यूज, लखनऊ : सरोजनी नगर स्थित अटल आवासीय स्कूल में दाखिले के लिए हुए प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है और अगले सप्ताह से काउंसलिंग शुरू होगी। इस स्कूल में लखनऊ मंडल के अंतर्गत आने वाले लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, रायबरेली और उन्नाव के जनपद के पंजीकृत निर्माण कामगारों के बच्चे पढ़ाई कर सकेंगे। प्रिंसिपल सुखवीर सिंह ने बताया कि चयनित बच्चों के अभिभावकों को काउंसलिंग के लिए व्यक्तिगत रूप से फोन कर सूचित किया जाएगा। इससे अभिभावकों को भाग-दौड़ नहीं करनी होगी और उन्हें सीधे स्कूल प्रशासन से मार्गदर्शन मिल सकेगा।

### संरक्षा के लिए सात कर्मचारी सम्मानित

■ NBT न्यूज, लखनऊ : उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल प्रबंधक की ओर से सोमवार को संरक्षा पुरस्कार वितरित किए गए। इसमें लखनऊ मंडल में रेल परिचालन में सतर्कता बरतने वाले और यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाले मंडल के सात कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। उत्तर रेलवे के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि डीआरएम सुनील कुमार वर्मा द्वारा पांच पॉइंट्समैन कर्मचारी और दो ट्रेन प्रबंधक की सूझबूझ से दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिली।

### नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

■ NBT न्यूज, लखनऊ : पशु चिकित्सा फॉर्मेसिस्ट संघ, यूपी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को निदेशालय स्थित संघ कार्यालय में हुआ। फॉर्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने सभी पदाधिकारियों को संविधानपरक पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह के दौरान अध्यक्ष अशोक कुमार ने फॉर्मेसिस्ट संवर्ग की प्रमुख मांगों पर चर्चा की। सर्वसम्मति से तैयार मांग पत्र में चीफ वेटनरी फॉर्मेसिस्ट को राजपत्रित दर्जा देने, रिक्त पदों को भरने और पदनाम बदलकर 'फार्मेसी अधिकारी' किए जाने की मांग शामिल की गई। बैठक में कार्यकारिणी विस्तार पर भी विचार हुआ और संगठन की एकता पर जोर दिया गया। नवनिर्वाचित महामंत्री ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए प्रदेश भर का दौरा किया जाएगा।

## BBAU में अब डिस्टेंस एजुकेशन की सुविधा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय (BBAU) में अब जल्द ही दूरस्थ शिक्षा (डिस्टेंस एजुकेशन) की सुविधा शुरू होने जा रही है। छात्र ऑनलाइन दाखिला लेकर घर बैठे पढ़ाई कर सकेंगे। ऐसे में नौकरी पेशा व कोई दूसरी शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र भी अतिरिक्त कोर्स के रूप में बीबीएयू से ऑनलाइन पढ़ाई कर सकेंगे। विवि की ओर से इसकी कार्ययोजना तैयार की जा रही है। विवि की कोशिश है कि इसी साल से डिस्टेंस एजुकेशन में पढ़ाई शुरू कर दी जाए। अब तक शहर में सिर्फ लखनऊ विश्वविद्यालय में ही डिस्टेंस मोड में कोर्स संचालित किये जा रहे हैं।

यूजीसी के मानकों के मुताबिक नैक ए ग्रेड या उससे अधिक ग्रेड वाले विश्वविद्यालय डिस्टेंस लर्निंग में पाठ्यक्रम शुरू कर सकते हैं। इसके लिए विश्वविद्यालयों को कहीं से अनुमति लेने की भी जरूरत नहीं है। बीबीएयू को नैक से A++ ग्रेड मिला है। ऐसे में अब विवि की ओर से डिस्टेंस एजुकेशन शुरू करने की तैयारी की जा रही है। शुरुआती प्रस्ताव के तहत मैनेजमेंट, होमसाइंस, सोशल वर्क और योग समेत कई विषयों के पाठ्यक्रम ऑनलाइन शुरू करने की योजना है।

**साल में दो बार होंगे दाखिले :** ऑफलाइन कोर्सों के लिए साल में एक बार ही दाखिले लिये जाते हैं लेकिन डिस्टेंस एजुकेशन में साल में दो बार दाखिले लिए जाएंगे। ऐसे में अगर किसी छात्र को ऑफलाइन दाखिला नहीं मिल पाता है तो वह ऑनलाइन कोर्स में दाखिला लेकर बीबीएयू से पढ़ाई कर सकेंगे।

वीसी राजकुमार मित्तल ने कहा कि डिस्टेंस एजुकेशन के लिए ढांचा तैयार हो रहा है। तैयारी है कि इसी साल से डिस्टेंस मोड में भी पढ़ाई शुरू हो सके। कोर्स का निर्धारण किया जा रहा है।

## एग्जाम में कॉमन सवाल पर किया जवाब तलब

■ NBT न्यूज, लखनऊ : राजधानी के परिषदीय स्कूलों में पर्यावरण और खेल-स्वास्थ्य विषयों की परीक्षा में कक्षा 6, 7 व 8 के छात्रों से कॉमन प्रश्न पत्र पूछे जाने पर निदेशालय स्तर से उच्चाधिकारियों ने ऐसी गंभीर लापरवाही पर जिम्मेदारों से जवाब तलब किया है। साथ ही भविष्य में इस तरह की गलतियों पर विभाग की फजीहत होने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

16 मार्च से स्कूलों में शुरू हुई वार्षिक परीक्षा के पहले दिन खेल और स्वास्थ्य विषय परीक्षा हुई। इसमें कक्षा 6, 7 व 8 के छात्रों से कॉमन प्रश्न पत्र पूछा गया, जिसमें सभी कक्षाओं का प्रश्नपत्र तो अलग था लेकिन इसमें पूछे गए प्रश्न हूबहू एक जैसे थे। ऐसे में जब शिक्षकों ने आपस में पर्चों का मिलान किया तो वह एक ही जैसे थे, जिस पर खाली क्लास बदली थी। इसके बाद शुक्रवार को हुई पर्यावरण विषय परीक्षा में ठीक वैसी ही घटना हुई। इसमें भी कक्षाओं के प्रश्नपत्र तो अलग थे लेकिन पूछे गए सवाल एक जैसे ही थे। इस पर शिक्षकों ने चिंता जताई कि कक्षा 6 के बच्चों की तुलना कक्षा 8 से कैसे की जा सकती है, यहां छात्रों के मूल्यांकन में बहुत समस्या पैदा करने वाला होगा। वहीं एक जैसे सवालों पर परीक्षा से संबंधित जिम्मेदारों का कहना था कि तीनों कक्षाओं किताब एक जैसी है इसलिए एक जैसे सवाल पूछे जाने पर हैरानी नहीं होनी चाहिए।

**डायट में बनते हैं प्रश्नपत्र :** परिषदीय स्कूलों में होने वाली परीक्षाओं के प्रश्नपत्र जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में तैयार होते हैं। यहीं पर ये मॉडरेट भी होते हैं। ऐसे में इस तरह कॉमन प्रश्नपत्र छपने और फिर उससे बच्चों की परीक्षा करवाए जाने की लापरवाही भी वहीं से होने की आशंका है।

> परीक्षा के प्रश्न पत्र में सवालों के कठिनाई का स्तर अलग होना चाहिए था। हम कक्षा 6 के बच्चे और कक्षा 8 के बच्चे की ज्ञान की तुलना समान रूपसे नहीं कर सकते हैं। – *विनय कुमार सिंह, प्रांतीय अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक असोसिएशन*

## CBSE के निर्देश

### स्कूलों में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन कॉर्नर बनेंगे

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सीबीएसई स्कूलों को अब छात्राओं के मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर विशेष प्रबंधन करना होगा। स्कूलों में समर्पित मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन कॉर्नर बनाए जाएंगे। जिससे छात्राओं को उनके स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जानकारी दी जा सके। सीबीएसई ने इस संबंध में नया सर्कुलर जारी किया है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपने सभी संबद्ध स्कूलों के लिए मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन को लेकर कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यह कदम सुप्रीम कोर्ट के 20 जनवरी के उस फैसले के बाद उठाया गया है, जिसमें मासिक धर्म स्वास्थ्य को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गरिमा के अधिकार का अनिवार्य हिस्सा माना गया है। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि लड़कियों के लिए शिक्षा और समान मौके देने के लिए उचित स्वच्छता सुविधाएं होना बेहद जरूरी है।

बोर्ड के जारी सर्कुलर के अनुसार, अब सभी स्कूलों को लड़कियों के लिए अलग और स्वच्छ शौचालय और हाथ धोने की उचित व्यवस्था करनी होगी।

## भाषा विश्वविद्यालय ने जारी किया आवेदन फॉर्म

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में नए सत्र के लिए दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शहर में सबसे पहले भाषा विवि की ओर से आवेदन फॉर्म जारी किए गए हैं। इसमें यूजी पीजी से लेकर डिप्लोमा कोर्सों में दाखिले के लिए अभ्यर्थी आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। विवि की ओर से अभ्यर्थियों को फॉर्म भरने के लिए इस बार दो माह का समय दिया जा रहा है। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई है। विवि में संचालित होने वाले कुल 81 यूजी पीजी कोर्सों के लिए आवेदन फॉर्म जारी किया गया है।

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES

CAPT. VINAY SACHAN
13 JAN 77 – 24 MAR 03
Forever 26 is what you chose to be. We miss you in every single moment of everything we enjoy or grieve about.
WE ALWAYS LOVE YOU!
DEEPLY REMEMBERED BY –
MUMMA, DADDY & ALL

## बच्चों को सिर्फ सुविधाएं नहीं, माता-पिता का साथ भी चाहिए

■ NBT न्यूज, लखनऊ

तेज रफ्तार और आधुनिक जीवनशैली के बीच जब बच्चों की भावनाएं कहीं पीछे छूट जाती हैं, तो उसके क्या परिणाम हो सकते हैं, इसी संवेदनशील विषय को नाटक 'एक बच्चे की डायरी' ने मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में नाटक के साथ डॉ. करुणा पांडेय के उपन्यास का लोकार्पण भी किया गया।

संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से लखनऊ लिट्रेरी क्लब की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में नाटक का निर्देशन ज्ञानेश्वर मिश्र 'ज्ञानी' ने किया। कहानी समीर नाम के एक संवेदनशील बच्चे के इर्द-गिर्द घूमती है, जो माता-पिता की अपेक्षाओं और तुलना के दबाव में घुटता रहता है। मां अपने बेटे को बेहतर जीवन देने की कोशिश में उसकी भावनाओं को समझ नहीं पाती, जिससे समीर अकेलेपन का शिकार हो जाता है। डायरी उसके मन की आवाज बनती है, जो अंततः परिवार को अपनी गलतियों का एहसास कराती है। नाटक यह संदेश देता है कि बच्चों को केवल सुविधाएं नहीं, बल्कि समझ, समय और स्नेह भी उतना ही जरूरी है।

### विकास की दौड़ मानव अस्तित्व पर भारी तो नहीं...

■ NBT न्यूज, लखनऊ : तैयबगंज बाजार स्थित माध्यमिक विद्यालय इंटर कॉलेज प्रेक्षागृह में हुए नाटक 'चिमनी-धोंवा' ने दर्शकों सोचने पर मजबूर किया कि विकास की अंधी दौड़ कहीं मानव अस्तित्व पर ही भारी तो नहीं पड़ रही। नाटक का लेखन राजेश जैन और निर्देशन रोजी मिश्रा ने किया। दरअसल नाटक पर्यावरण संकट की सजीव तस्वीर है, जिसमें चिमनी से उठता धुआं और धीमा प्रकृति की पीड़ा को दर्शाते हैं। यह प्रस्तुति पर्यावरण संकट की गंभीरता को दर्शाती है और दर्शकों को सोचने पर मजबूर करती है।

## सुरों से दिया विश्व शांति का संदेश

■ NBT न्यूज, लखनऊ : उत्तर प्रदेश राज्य अभिलेखागार में सोमवार को व्हाइट स्वान आर्ट्स ने रिसर्जेन्सिबल आर्ट, म्यूजिक और फूड फेस्टिवल फॉर वर्ल्ड पीस ऐंड सस्टेनेबिलिटी पर आधारित एक कार्यक्रम किया। इसमें कला और संगीत के जरिए विश्व शांति का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अंजली निगम ने तानपुरे पर 'ज्योति कलश छलके' की प्रस्तुति से की। मुख्य आकर्षण 'म्यूजिक फॉर वर्ल्ड पीस ऐंड सस्टेनेबिलिटी' विषय पर पैनल चर्चा रही। जिसमें प्रो. सृष्टि माथुर ने कहा कि भारतीय शास्त्रीय संगीत नाद पर आधारित है, जो हमें आध्यात्म से जोड़कर आंतरिक शांति की ओर ले जाता है। डॉ. रुचि खरे ने संगीत की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि संगीत से शांति आती है। मौके पर प्रो. कुमकुम धर, प्रणिता लेले, एके श्रीवास्तव ने भी अपने विचार रखे।

### कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी

पं0 दीनदयाल उपाध्याय भवन, 1, चकबस्त रोड कैसरबाग लखनऊ-226018

पत्रांक:- 15वां वित्त आयोग/2025-26/4845 दिनांक: 18.03.26

**किराये पर भवन की आवश्यकता हेतु विज्ञापन सूचना**

जिला स्वास्थ्य समिति, लखनऊ 15वें वित्त आयोग द्वारा अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्थापना हेतु निम्नलिखित नगर पंचायत/स्थानों में किराये पर भवन की आवश्यकता है:-

| क्रम संख्या | नगर पंचायत का नाम | इकाई की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | बक्शी का तालाब | 03 |
| 2. | मोहनलाल गंज | 01 |
| 3. | मलिहाबाद | 01 |

इच्छुक भवन स्वामियों से किराये पर भवन उपलब्ध कराने हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। भवन हेतु निर्धारित मानक निम्नवत है-

| क्रमांक | सुविधा | आवश्यक न्यूनतम कारपेट एरिया (वर्ग फुट) | आवश्यक मानक |
|---|---|---|---|
| 1. | ओ0पी0डी0 कक्ष | 100 | 1. भवन में कम से कम 04 कक्ष होने चाहिए। |
| 2. | औषधि भण्डार एवं वितरण | 80 | 2. भवन का कुल क्षेत्रफल 1400 वर्ग फुट होना चाहिए क्योंकि (कारपेट एरिया का न्यूनतम 25 से 30 प्रतिशत अंश दीवार एवं सर्कुलेशन का होता है) |
| 3. | टीकाकरण / काउंसलिंग | 80 | 3. भवन हवादार एवं धूप से प्रकाशमय होना चाहिए। |
| 4. | प्रसव पूर्व कक्ष एवं परीक्षण कक्ष | 100 | 4. भवन में विद्युत कनेक्शन एवं पानी की नियमित आपूर्ति हो। |
| 5. | वेटिंग रूम व पंजीकरण | 210 | 5. मरीजों हेतु एम्बुलेंस आवागमन की सुविधा हो। |
| 6. | शौचालय 02 कक्ष | 60 | 6. दिव्यांगजनों हेतु रैम्प की व्यवस्था हो। |
| 7. | वेलनेस कक्ष | 250 | 7. भवन का किराया पचास हजार रू0 प्रतिमाह अथवा पी0डब्ल्यू0डी0 सर्किल रेट (जो भी कम हो) के अनुसार देय होगा। |
| 8. | डे केयर रूम | 220 | |
| | योग:- | 1100 वर्ग फुट | |

संबंधित भवन स्वामी (भवन का नक्शा, विद्युत बिल, स्वामित्व संबंधित अभिलेख- जैसे पैन, आधार कार्ड दिनांक 28.03.2026 तक डाक अथवा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के द्वितीय तल के कक्ष संख्या 22 में उक्त तिथि तक किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त कराना सुनिश्चित करें।
अंतिम तिथि के बाद किसी भी दशा में आवेदन स्वीकार नहीं होगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सचिव
जिला स्वास्थ्य समिति, जनपद- लखनऊ।

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

टेंडर और नोटिस

निविदाएं (टेंडर्स)

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
प्रापण विभाग
यूनियन बैंक भवन, प्रथम तल, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई-400 021.
अखिल भारतीय स्तर पर भौतिक सुरक्षा उत्पादों की खरीद हेतु ओईएम को सूचीबद्ध करने के लिए आरएफपी.
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, तीन वर्षों की अवधि हेतु अखिल भारतीय स्तर पर शाखाओं में भौतिक सुरक्षा उत्पादों की खरीद हेतु ओईएम को सूचीबद्ध करने के लिए एक बोली प्रणाली में बैंक की वेबसाइट और भारत सरकार के सीपीपी पोर्टल के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित करता है. विस्तृत जानकारी बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.bank.in एवं सीपीपी पोर्टल www.eprocure.gov.in पर उपलब्ध है. निर्धारित प्रपत्र में प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 13.04.2026, अपराह्न 03:00 बजे तक है.
बैंक प्राप्त किसी भी या सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार कर सकता है.
सहायक महाप्रबंधक

NOTICES

सूचना
मैं शिवानी तिवारी पत्नी श्री भानु प्रकाश तिवारी पुत्री अनिल कुमार पाण्डेय निवासी-एल-1/541 विनय खण्ड गोमतीनगर लखनऊ पो0 गोमतीनगर जिला लखनऊ में शिवानी पाण्डेय वर्तमान में 3090 लोक निर्माण विभाग जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत हूँ। मेरी शादी 30.01.2011 को श्री भानु प्रकाश तिवारी से हुई थी। विवाह के उपरांत मेरा नाम शिवानी तिवारी रखा गया है। अतः भविष्य में सभी शासकीय अर्ध शासकीय एवं अन्य अभिलेखों में शिवानी तिवारी नाम से जानी जाऊंगी। इस सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में सूचित करें। शिवानी तिवारी (पूर्व नाम शिवानी पाण्डेय) पत्नी भानु प्रकाश तिवारी निवासी-एल-1/541 विनय खण्ड गोमतीनगर, लखनऊ, पो0 गोमती नगर जिला लखनऊ

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

मैं सीमा रानी W/o बीपी सिंह A-8/4 RDSO कॉलोनी लखनऊ U.P. भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम बदलकर सीमा सिंह कर रही हूँ।

I, (Old Name Svapnil kumar) S/O (Father's Name Vijay Narayan) born on (Date of Birth 10/07/1993) residing at (Full Address: village- Belauna poorab, lambhua, sultanpur, uttar pradesh), have changed my name to (New Name Swapnil Kumar Dwivedi) vide affidavit dated (Affidavit date 12-03-2026) at (sultanpur uttar pradesh)

मैं, विमल किशोर खंडूरी, पुत्र कुलानंद खंडूरी, निवासी विला नं.-570, एल्डिको सिटी, आईआईएम रोड, मुबारकपुर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, यह सूचित करता हूँ कि मेरे पुत्र अर्जुन खंडूरी के पासपोर्ट में मेरा नाम गलती से विमल खंडूरी अंकित हो गया है, जबकि मेरा सही नाम विमल किशोर खंडूरी है। अतः विमल खंडूरी और विमल किशोर खंडूरी एक ही व्यक्ति के नाम हैं। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम विमल किशोर खंडूरी के नाम से ही जाना व पहचाना जाए। तथा पासपोर्ट में सही किया जाए

मैं मो. आसिफ पुत्र मो. शफीक निवासी भेलसर फैजाबाद उत्तर प्रदेश मेरे पुत्र (अब्दुलरहमान अय्यूब) के विद्यालय में पिता का नाम मो. आसिफ अय्यूब लिख गया है जो गलत है सही नाम मो. आसिफ है

I, Gopesh Tewari R/o 1/498, Vinay Khand, Gomti Nagar, Lucknow (UP) have changed my minor son's name from APRAMEYA TEWARI to JAY TEWARI for all future purposes.

नाम परिवर्तन
मैं रत्ना देवी, आर्मी नंबर 15676783F हवलदार विवेक कुमार तिवारी की असली पत्नी, निवासी गाँव और पोस्ट ऑफिस - नीबी कलां, तहसील - फूलपुर, जिला - प्रयागराज, राज्य उत्तर प्रदेश, PIN-191021 एतद्द्वारा घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम रत्ना तिवारी से बदलकर रत्ना देवी कर लिया है। अब से, मुझे सभी कामों के लिए रत्ना देवी के नाम से जाना जाएगा, जिसमें मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड भी शामिल हैं।
पुराना नाम : रत्ना तिवारी
नया नाम : रत्ना देवी

ARCADE

education

BHALCHANDRA INSTITUTE
AWARDED 'A' GRADE BY UGC-NAAC
LU / NC / UP GOVT / PCI / AICTE / BTE APPROVED
DUBAGGA, HARDOI ROAD, LKO.
B.El.Ed. | B.Ed.
B.P.Ed. | B.B.A.
D.El.Ed. | (BTC)
B.Sc. (Ag.) | D.Pharma
BSc NURSING GNM | ANM
8953056086, 8953056080

ADMISSION OPEN
Heeralal Yadav Law College
Associated with LU and Approved by Bar Council of India
LL.B.
3&5 YEAR COURSE
6393520059/9793000300

ADMISSION OPEN 2026-27
CENTRAL LAW COLLEGE
(A Unit of City Group of Colleges)
Affiliated to LU / Approved by BCI
LL.B. PROUDLY RANKED 1 IN U.P.
03 & 05 Years Course
Sec.-F, Sushant Golf City, Lko.
6306233816
9369638650

HEALTH & WELLNESS

Readers are recommended to make appropriate enquiries and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All advertisements marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.




PLEASE CALL US
LUCKNOW: Kuldeep Tiwari – 9044122662
Anurag Nautiyal – 8840945902
KANPUR: Anoop Dixit – 7860802468
ALLAHABAD: Amit Srivastava – 9044075051
VARANASI: Nitesh Arora – 9559983838
GORAKHPUR: Chandrasekhar – 9415019274
WE OFFER ADVERTISING SOLUTIONS IN
Print Radio Digital

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 24-03-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG5 User: pratik.awasthi@timesofindia.co Time: 03-24-2026 00:22 Color:



# रॉन्ग साइड ड्राइवर बेखौफ

■ NBT न्यूज, लखनऊ : शहर के व्यस्त इलाकों में ट्रैफिक नियमों की अनदेखी लगातार बढ़ती जा रही है। टीम एनबीटी ने विभूतिखंड और चौक इलाके में पड़ताल की तो बड़ी संख्या में लोग रॉन्ग साइड चलते नजर आए।

Sandeep Kashyap

### नियम कायदे किताबों में सड़क पर सब रॉन्ग

विभूतिखंड इलाके में पिकप बिल्डिंग की ओर से लोग उल्टी दिशा में वेव की तरफ सर्विस लेन की तरफ जाते हुए दिखाई दिए। लोग कट से निकल कर बाए रॉन्ग साइड मुड़ रहे थे। इसके बाद कुछ दूर चल कर राइट साइड वेव की सर्विस लेन पर जा रहे थे। 13 मिनट मे करीब 60 दो और चार पहिया वाहन इसी तरह नियमों की अनदेखी कर रॉन्ग साइड जाते हुए दिखे, जिसके चलते पॉलिटेक्निक की ओर आकर बाए मुड़कर लोहिया संस्थान की ओर जाने वाले लोगों को दिक्कत हो रही थी।

वेव सिनेमा से पॉलिटेक्निक चौराहे की ओर बड़ी संख्या में वाहन चालक रॉन्ग साइड पार्राटा भरते नजर आ रहे थे। सुबह-शाम के पीक ऑवर्स में यह स्थिति और गंभीर हो जाती है। जब ऑफिस जाने और लौटने वाले लोगों की भीड़ रहती है। ट्रैफिक के दबाव के बीच अचानक सामने से आ रहे वाहन कई बार टकराव की स्थिति पैदा कर देते हैं। 10 मिनट में करीब 50 दो व चार पहिया वाहन रॉन्ग साइड जाते हुए दिखाई दिए।

चौक में बड़ी कालीजी मंदिर की तरफ से कोनेश्वर मार्ग की ओर भी लोग नियमों को दरकिनार कर उल्टी दिशा में वाहन चैड़ा रहे थे। भीड़भाड़ वाले इस इलाके में रॉन्ग साइड ड्राइविंग और भी ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां अक्सर जाम की स्थिति बनती है। 10 मिनट में यहां करीब 30 दो और चार पहिया वाहन रॉन्ग साइड निकलते दिखाई दिए। काफी संख्या में ई-रिक्शा वाले भी उल्टी दिशा में जा रहे थे।

वाहन चालकों को जागरूक किया जा रहा है। कई पॉइंटो पर रोड़ इंजिनियरिंग की दिक्कत है, जिसकी वजह से वाहन चालक जल्दबाजी मे सड़क पर रॉंग साइड से गुजरते है। ऐसे प्वॉइंटो को चिह्नित कर संबंधित विभाग से दुरुस्त करवाया जाएगा। *-रवीन्ना त्यागी, डीसीपी, ट्रैफिक*

## प्री-स्कूल के नाम पर की आपत्तिजनक पोस्ट

■ NBT न्यूज, लखनऊ : विकास नगर मे स्थित एक प्री-स्कूल के नाम का दुरुपयोग कर अश्लील टिप्पणियां और फर्जी पोस्ट सोशल मीडिया पर डाले गए। पोस्ट पर स्कूल संचालिका का नंबर भी अटैच कर दिया गया। लगातार फोन आने से संचालिका परेशान है। रविवार को उन्होंने विकासनगर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई। विकास नगर निवासी महिला सेक्टर पांच स्थित एक प्री स्कूल की संचालिका है। तहरीर में उन्होंने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके स्कूल के नाम के बैनर और फोन नंबर का दुरुपयोग करते हुए कई सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर पोस्ट डाल दी। इन पोस्ट पर अश्लील और आपत्तिजनक टिप्पणियां की जा रही है। जिससे स्कूल की छवि खराब हो रही है। वहीं नहीं आरोपित ने संचालिका का फोन नंबर अटैच कर दिया। 12 मार्च से उन्हें लगातार अश्लील और परेशान करने वाली फोन कॉल्स आ रही है।

## बेटे का आरोप, वसूली के लिए दबाव बना रहे थे बैंककर्मी

■ NBT न्यूज, अंबरा : नौवां गंज मे लोन वसूली को लेकर कथित दबाव बनाने के आरोप में आत्महत्या करने वाले रूपनारायण के बेटे कुलदीप ने डीसीबी बैंक के कर्मचारियों के खिलाफ बंथरा थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**बंथरा थाने में दी तहरीर, तीन लोगों ने जहर खाकर की थी आत्महत्या**

कुलदीप का आरोप है कि परिवार ने 28 नवंबर 2023 को आशियाना स्थित डीसीबी बैंक से करीब 5.30 लाख रुपये का लोन लिया था। आर्थिक तंगी के चलते किस्तें जमा न हो पाने पर बैंक कर्मचारी लगातार दबाव बना रहे थे। आरोप है कि कर्मचारियों ने घर के बाहर नोटिस चस्पा किया और दुकान पर पहुंचकर पिता रूपनारायण के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए बकाया रकम तुरंत जमा करने व मकान नीलाम करने की धमकी दी। कुलदीप का कहना है कि परिवार ने बीमारी और आर्थिक समस्याओं का हवाला दिया, लेकिन कर्मचारियों ने कोई राहत नहीं दी। इसी दबाव और अपमान से आहत होकर परिवार ने आत्मघाती कदम उठाया। रूपनारायण चौरसिया (55), उनकी पत्नी तारावती (52) और बेटे संदीप (30) ने जहर खा लिया था। तीनों की इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

पुलिस के मुताबिक मामले मे पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच जारी है। कृष्णानगर एसीपी रजनीश कुमार वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर पूरे प्रकरण की बारीकी से जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## शाइन सिटी पर एक और मामला दर्ज

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : गोमतीनगर थाने मे शाइन सिटी के खिलाफ एक और रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। पीड़ित के मुताबिक कंपनी ने 6 महीने मे रकम दो गुना करने का झांसा दिया था। पीड़िता को बताया था कि क्रिप्टो करंसी व रियल एस्टेट की योजनाओं में पीड़ित के रुपये निवेश किए जाएंगे। पीड़ित ने आरोपितों के जाल में फंस कर कई बार मे 16,41,739 रुपये निवेश कर दिए थे। कोर्ट के आदेश पर गोमतीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वजीर हसन रोड इलाके के मुकेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उनकी मुलाकात आरोपित विक्रम सिंह यादव से हुई थी। आरोपित ने खुद को शाइन सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट प्रा. लि. का अधिकारी बताता था। कंपनी के आर स्क्वायर कॉम्प्लेक्स स्थित कार्यालय में मीटिंग कर उन्हें निवेश योजनाओं के बारे में बताया गया था। आरोप है कि कंपनी के लोगों ने 6 महीने में रुपये दोगुना करने का झांसा दिया गया था।

## हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

■ NBT न्यूज, काकोरी : काकोरी मे आउटर रिंग रोड पर रविवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार अन्य का इलाज जारी है। उदित खेड़ा गांव के पास आगरा से लौट रही इंडिवर कार आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा टकराई गई थी, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में फैजल उर्फ लकी (24) निवासी सहादतगंज गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां देर रात उसकी मौत हो गई। कार में सवार उसके दोस्त नौशान, लाला, उनैस और नूर भी घायल हैं। बताया गया कि सभी युवक इंद के बाद आगरा घूमने गए थे। नवंबर में फैजल की शादी होनी थी।

**रविवार देर रात किसान पथ पर हुआ था हादसा**

## HT लाइन की चपेट में आने से रेस्तरां संचालक की मौत

■ NBT न्यूज, लखनऊ : मैसामऊ क्रॉसिंग के पास रविवार को मकान के ऊपर से गुजरी हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से रेस्तरां संचालक की मौत हो गई। परिवारीजनों ने लेसा पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

फैजुल्लागंज के पुराना दारुल नगर निवासी मनीष कुमार ने भाई रंजीत (25) के साथ बीकेटी के मैसामऊ क्रॉसिंग के पास पूर्वांचल कैफे ऐंड रेस्टोरेंट के नाम से रेस्तरां खोला था। शनिवार को रेस्तरां की ओपनिंग थी। मनीष ने बताया कि जिस मकान में रेस्तरां था, उसके ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजरी है। रविवार दोपहर रंजीत फर्स्ट मंजिल पर सामान रख रहा था। उसके काफी देर तक नीचे न उतरने पर आशंका हो गई। कोई आहट न होने पर मनीष छत पर गए तो रंजीत अचेत अवस्था में पड़ा था। करंट लगने से उसका शरीर झुलस गया था। आनन-फानन में उसे हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने रंजीत को मृत घोषित कर दिया। मनीष ने लेसा पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बीकेटी पुलिस से शिकायत की है। इंस्पेक्टर बीकेटी संजय सिंह का कहना है कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**बीकेटी की घटना, ओपनिंग के 24 घंटे बाद हुआ हादसा**

**तय थी शादी, मातम में बदली खुशियां** : भाई मनीष ने बताया कि तीन वर्ष पहले ही पिता राम अवतार का देहांत हो चुका है। परिवार खर्च के लिए दोनों भाइयों ने मिलकर रेस्टोरेंट खोला था। उन्होंने बताया कि रंजीत की शादी तय थी, अगले वर्ष आजमगढ़ बरात जानी थी। अचानक रंजीत की मौत से परिवार सदमे में है। मां कलावती का रो-रो कर बुरा हाल है।

## रिवॉर्ड पॉइंट के नाम पर ट्रांसफर करवाई रकम

■ NBT न्यूज, लखनऊ: ठाकुरगंज मे क्रेडिट कार्ड का रिवॉर्ड पॉइंट दिलाने का झांसा देकर साइबर जालसाज ने बैंक अकाउंट से 1.48 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। पीड़ित ने रविवार देर शाम रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

ठाकुरगंज समानन गार्डन निवासी जाहिद फजल ने पुलिस को दी तहरीर मे बताया कि एक जनवरी को उनके मोबाइल पर अंजान नंबर से युवती की कॉल आई थी। कॉल करने वाली युवती ने खुद को बैंककर्मी बताया। क्रेडिट कार्ड पर रिवॉर्ड पॉइंट मिलने की पीड़ित को जानकारी दी। रिवॉर्ड पॉइंट रिडिम करने के लिए जालसाज युवती ने पीड़ित से मोबाइल पर आईसीआईसी कार्ड एप डाउनलोड करवाया। जालसाज के कहने पर पीड़ित ने ऐप पर क्रेडिट कार्ड की डिटेल दर्ज कर दी। एप लॉगिन करते ही पीड़ित के क्रेडिट कार्ड से 1.48 लाख रुपये ट्रांसफर हो गए।

## सैन्यकर्मी से दो प्लॉट के नाम पर ठगे गए ₹14.55 लाख

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : विभूतिखंड पुलिस स्टेशन मे सैन्यकर्मी ने दो लोगों के खिलाफ जमीन के नाम पर 14.55 लाख रुपये ठगे जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पीड़ित के मुताबिक आरोपित मुंह बंद करने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की पड़ताल की जा रही है।

कृष्णानगर स्थित अलीनगर सुन्हरा इलाके में सैन्यकर्मी आलोक कुमार यादव रहते हैं। उनकी मुलाकात विभूतिखंड निवासी आरोपित हितेंद्र प्रताप सिंह यादव उर्फ आनंद से हुई। आरोपित ने पीड़ित को एक प्लॉट दिखाया। दावा किया कि प्लॉट उसका है। आरोपित ने 3,000 वर्गफुट और 1,500 वर्गफुट के दो प्लॉट देने का वादा किया। पीड़ित आलोक ने अपने लिए 1,500 वर्गफुट और अपने बहनोई के लिए 3,000 वर्गफुट प्लॉट का सौदा तय किया। रेट तय होने के बाद उसने किस्तों में 14,55,000 रुपये आरोपित को दिए। पीड़ित के मुताबिक 14,55,000 रुपये में 4 लाख रुपये उनके रिश्तेदार के थे। रुपये लेने के बावजूद आरोपित ने समय से प्लॉटों पर कब्जा नहीं दिया।

## जमीन के नाम पर लगाया ₹42.54 लाख का चूना

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : जुगौर मे फर्जीवाड़ा कर दूसरे की जमीन को जालसाजों ने अपना बताकर 42.54 लाख रुपये में सौदा कर दिया। फिरहत के गैरव विहार इलाके के आशुतोष यादव ने पुलिस को बताया कि जुगौर गांव मे एक जमीन का सौदा किया था। विश्वास शुक्ला ने जमीन अपनी बुआ के नाम होने की बात कहकर दिखाई थी। पीड़ित को एतराजेन भी दिखाए गए थे। पीड़ित ने जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम करवा ली। राजस्व अभिलेखों में भी नाम दर्ज हो गया। कुछ महीने बाद अरुण कुमार नाम के व्यक्ति ने जमीन पर अपना दावा किया। आरोप है कि दस्तावेज मांगने पर इन लोगों ने धमकी दी और फर्जी मुकदमे में फंसाने की बात कही। इसके बाद मामला बढ़ने पर स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप से पीड़ित ने जमीन वापस कर दी। पीड़ित को उनके 42.54 लाख रुपये लौटाने का आश्वासन दिया गया था। आरोप है कि जमीन वापस होने के बावजूद विश्वास ने रुपये लौटाने में टालमटोल शुरू कर दिया।

## इवेंट कंपनी पर फ्रॉड का आरोप

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : गोमतीनगर विस्तार निवासी डॉ. संतोष कुमार सिंह ने बेटे की शादी के लिए जश्न वेलनेस रिसॉर्ट बुक कर इनसाइट वेडिंग्स कंपनी को इवेंट मैनेजमेंट का जिम्मा दिया था। कंपनी ने 23.50 लाख रुपये खर्च बताकर पूरी रकम ले ली, लेकिन कार्यक्रम में दो दिन पहले काम करने से मना कर दिया। आरोप है कि अजय राज तिवारी और धीरज बिल्डा ने पैसे वापस भी नहीं किए। इस बीच रिसॉर्ट में दूसरे बड़े कार्यक्रम के चलते मेहंदी कार्यक्रम में अव्यवस्था हुई, जिससे परिवार को आर्थिक व मानसिक नुकसान झेलना पड़ा।


#ConmanVsCommonMan




© Bennett, Coleman & Company Ltd., All rights reserved

*अक्सर अजनबियों की फ्री इन्वेस्टमेंट सलाह, छुपा हुआ खतरा भी हो सकती है।*

**आसानी से पैसे कमाने वाली योजनाओं के झाँसे में न आएँ और हमेशा निवेश सलाहकार, वेबसाइट्स और ऐप्स की जाँच-पड़ताल करें। और यदि कोई आपको धोखा देने की कोशिश करे, तो कहें, "मैं मूर्ख नहीं हूँ"।**

**सैफ़्टी UPI की, समझदारी आपकी।**

UPI UNIFIED PAYMENTS INTERFACE
Easy. Safe. Instant.

Issued in public interest by NPCI
भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम
NATIONAL PAYMENTS CORPORATION OF INDIA

साइबर फाइनेंशियल फ्रॉड की रिपोर्ट **हेल्पलाइन नंबर 1930** पर करें।

tgthr/03/26/212


## समाधान दिवस में नहीं आए JE, DM ने रोका एक दिन का वेतन

■ टीम NBT, लखनऊ: रानघर्ना की तहसीलों में सोमवार को आयोजित 'संपूर्ण समाधान दिवस' में लापरवाही बरतने वाले अफसरों पर प्रशासन का हंटर चला। मोहनलालगंज तहसील में अध्यक्षता कर रहे डीएम विशाख जी ने जल निगम के जेई एसपी सिंह के अनुपस्थित मिलने पर उनका एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, उनसे स्पष्टीकरण भी तलब किया गया है। पूरी जनपद की तहसीलों में आए कुल 383 प्रकरणों में से 55 का मौके पर निस्तारण किया गया।

**संपूर्ण समाधान दिवस पर तहसील में आए फरियादी**

**3 महीने से पेंशन या गांव, पंचायत पर गायब मिले जेई**

उतरावं के सैदपुर निवासी अनुपम मिश्र सहित दर्जनों ग्रामीणों ने शिकायत की कि गांव में पेयजल पाइपलाइन व्यवस्था पिछले तीन महीनों से ठप है। पानी की टंकी होने के बावजूद सप्लाई नहीं मिल रही है। डीएम ने जब इस पर जवाब मांगा और जल निगम के जेई एसपी सिंह को पुकारा, तो वे मौके से गायब मिले। इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए डीएम ने वेतन काटने के आदेश दिए और मामले की जांच सीडीओ अजय जैन को सौंप दी।

**पेंशन के 64 अपात्रों से होगी सरकारी धन की रिकवरी**

करोरा निवासी अनिल सिंह ने शिकायत की कि गांव में वृद्धावस्था पेंशन के 262 लाभार्थियों में से 64 अपात्र पाए गए थे। इनकी उम्र 60 वर्ष से कम होने के बावजूद इन्हें लाभ मिल रहा था, लेकिन एक साल बाद भी वसूली नहीं हुई। डीएम ने एडीओ सम्मान कल्याण शोभित शंकर को फटकार लगाते हुए दो दिन के भीतर रिकवरी के लिए आरसी (RC) जारी करने के निर्देश दिए। सरोजनीनगर तहसील में एडीएम (पूर्वी) मोहेंद्र पाल की अध्यक्षता में जनसुनवाई हुई। बेलवा बाजार निवासी धर्मेंद्र कुमार ने विधायक निधि से बनी सड़क पर बारंट्रीवॉल खड़ी कर रास्ता बंद करने का आरोप लगाया। वहीं, काल्पी पूरब मे मनरेगा के तहत बने तालाब के सौंदीकरण को नष्ट कर अवैध कब्जे की शिकायत भी सामने आई।


माननीय उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली आवास परियोजना लर्नेड कोर्ट रिसीवर के माध्यम से एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड द्वारा निष्पादित

NBCC नवरत्न सीपीएसई

ASPIRE

ई-नीलामी के माध्यम से मालसूची की थोक बिक्री

**एस्पायर सिलिकॉन सिटी**
फेज़-IV, सेक्टर-76, नोएडा, उत्तर प्रदेश
- मालसूची आधुनिक सुविधाओं से युक्त 4 बी.एच. के. और विशाल इम्पेक्स अपार्टमेंट
- स्पेक्ट्रम मॉल, नोएडा के पास और निकटतम मेट्रो स्टेशन नोएडा सेक्टर-50 (एक्वा लाइन) एवं सेक्टर-76 मेट्रो हैं तथा आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन 25 मिनट

एस्पायर सिलिकॉन सिटी

एस्पायर लेज़र पार्क

**एस्पायर लेज़र पार्क**
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
- मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच. के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
- डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन 30 मिनट

**एस्पायर लेज़र वैली**
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
- मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच. के. एवं 4 बी. एच. के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
- डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन 35 मिनट

एस्पायर लेज़र वैली

एस्पायर सेंचुरियन पार्क

**एस्पायर सेंचुरियन पार्क**
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
- मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच. के. एवं 4 बी. एच. के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
- डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन 30 मिनट

ई.एम.डी. जमा करने की अंतिम तिथि: 27.03.2026

ई-नीलामी 28.03.2026 को आयोजित की जाएगी

ई.एम.डी. राशि 9.70 करोड़ रु. से 20.90 करोड़ रु. तक

6 पैकेज जिनका मूल्य 485 करोड़ रु. से 1,045 करोड़ रु. तक है

कृपया अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें: www.nbccindia.in | www.receiveramrapali.in
या : 9772907414

कृपया ई-नीलामी दस्तावेज के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें:

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 24-03-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG6 User: cci Time: 03-24-2026 00:24 Color:



# 'आउटसोर्सिंग के सहारे भर्ती टालना अनुचित'

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सरकारी संस्थानों द्वारा नियमित नियुक्तियों को नजरअंदाज कर लंबे समय तक आउटसोर्सिंग के जरिए कर्मचारियों से काम लेने की प्रवृत्ति पर कड़ा रुख अपनाया है। अदालत ने इसे शोषण को बढ़ावा देने वाली व्यवस्था करार देते हुए कहा कि इससे कर्मचारियों के अधिकारों का हनन होता है और सरकार नियमित भर्ती से बचती है।

जस्टिस विक्रम डी चौहान ने बरेली नगर निगम को 13 वर्षों से कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर के नियमितीकरण पर पुनर्विचार करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि जब किसी कर्मचारी से लंबे समय तक लगातार और स्थायी प्रकृति का कार्य लिया जाता है, तो उसे आउटसोर्सिंग के जरिए रखना उचित नहीं है। यह न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि प्रशासनिक जिम्मेदारी से बचने का तरीका भी है। मामले में याचिकाकर्ता कमी अहमद खान 2011 से नगर निगम में कार्यरत था, जिसे पहले दैनिक वेतन और बाद में ठेकेदार के माध्यम से रखा गया था। कोर्ट ने नगर आयुक्त को आदेश रद करते हुए चार महीने के भीतर कानून के अनुसार निर्णय लेने के निर्देश दिए।

HC ने 13 साल से कार्यरत कर्मचारी के नियमितीकरण पर पुनर्विचार के दिए निर्देश

## JE को सस्पेंड नहीं कर सकते अधीक्षण अभियंता: HC

प्रयागराज: इलाहाबाद हाई कोर्ट ने नोएडा में तैनात उप्र पावर कॉर्पोरेशन के अवर अभियंता द्वारा जेई को निलंबित करने के आदेश पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने प्रथमदृष्टया माना है कि नई नियमावली के तहत कर्मचारियों को निलंबित करने का कानूनी अधिकार अधीक्षण अभियंता को नहीं है। यह आदेश न्यायमूर्ति विक्रम डी चौहान ने सचिन वर्मा की याचिका पर उसके अधिवक्ताओं सरकारी वकील को सुनकर दिया है।

पावर कॉर्पोरेशन में अवर अभियंता के पद पर कार्यरत याची को अधीक्षक अभियंता ने नौ जनवरी 2026 को निलंबित कर दिया। याची के अधिवक्ता सत्यव्रत सहाय ने तर्क दिया कि उप्र पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड कर्मचारी (अनुशासनात्मक एवं अपील) नियमावली 2020 के अनुसार निलंबन की शक्ति केवल नियुक्ति प्राधिकारी यानी मुख्य अभियंता के पास है। इस पर कोर्ट ने सवाल उठाया कि नई नियमावली आने के बाद पुराने आदेश प्रभावी रह सकते हैं या नहीं। साथ ही कहा कि निलंबन के साथ कोई औपचारिक अनुशासनात्मक कार्यवाही या चार्जशीट का स्पष्ट उल्लेख नहीं था। साथ ही कोर्ट ने विभाग से जवाबी हलफनामा मांगा है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि शक्तियों के हस्तांतरण की कानूनी स्थिति क्या है।

**घर में नमाज से नहीं रोका गया:** बरेली में घर के भीतर नमाज अदा करने से रोका नहीं गया था, कानून व्यवस्था के मद्देनजर निरोधात्मक कार्यवाही की गई थी। इसके बाद भी नमाज से रोका नहीं गया और रोज लगभग 50 लोग नमाज अदा कर रहे हैं। यह बात इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश पर उपस्थित डीएम व एसएसपी की तरफ से अपर महाधिवक्ता अनूप त्रिवेदी ने बताई।

## UP बोर्ड: फरवरी में होंगी परिक्षाएं

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: यूपी बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अकैडमिक कैलेंडर जारी कर दिया है। शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल से आरंभ होगा और परीक्षाएं फरवरी 2027 में होंगी। प्रायोगात्मक परीक्षाएं 27 जनवरी से 10 फरवरी तक होंगी। कक्षा 9 और 11 की परीक्षाएं 1 से 10 फरवरी के बीच होंगी। दसवीं और बारहवीं के पाठ्यक्रम पूरा करने की तारीख 10 जनवरी निर्धारित की गई है। कक्षा 12 की प्री बोर्ड प्रायोगात्मक परीक्षाएं 11 जनवरी से होंगी। वहीं कक्षा 10 और 12 की प्री बोर्ड की लिखित परीक्षाएं 18 जनवरी से होंगी। कक्षा 9 से 12 तक सत्र शुरू होने से जुलाई के पहले सप्ताह तक पढ़ाया गए पाठ्यक्रम के अनुसार पहला यूनिट टेस्ट ऑप्शनल प्रश्नों के आधार पर जुलाई 2026 के दूसरे सप्ताह में होगा। अकैडमिक कैलेंडर के साथ-साथ बोर्ड ने हर महीने आयोजित की जाने वाली गतिविधियों का विवरण भी साझा किया है। बोर्ड के सचिव भगवती सिंह के अनुसार वार्षिक परीक्षा के लिए 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी।

## जासूसी के शक में शामली से दबोचा गया युवक

■ NBT न्यूज, शामली: गाजियाबाद पुलिस की स्पेशल टीम ने बबरी के गांव बुरहाड़ा निवासी युवक को पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पकड़ा है। आरोप है कि युवक सैन्य ठिकानों और अन्य संवेदनशील स्थानों की जानकारी जुटाकर पाकिस्तान भेज रहा था। जानकारी के अनुसार ईद के दिन पुलिस ने गांव के ही दो अन्य युवकों को भी उठाया था। हालांकि पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया, जबकि समीर को पुलिस साथ ले गई। पूरे मामले के तार मध्यप्रदेश निवासी मौसा ठाकुर से भी जुड़े बताए जा रहे हैं।

# जंगल, झीलों को पर्यटन स्थल बनाने की मंज़ूरी

## बाराबंकी के नियामतपुर में होना है काम, मिले ₹2 करोड़

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: पर्यावरण वन व जलवायु परिवर्तन विभाग ने जिले के नियामतपुर जंगल व तीन झीलों को इको पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मंजूरी दे दी है। इसके लिए शासन से दो करोड़ रुपये भी मंजूर हुए हैं। इनमें से 52 लाख रुपये नियामतपुर फॉरेस्ट के विकास के लिए स्वीकृत किए गए हैं। 200 हेक्टेयर में फैले इस जंगल के 50 हेक्टेयर हिस्से का पहले चरण में विकास किया जाएगा।

शासन ने पहले चरण में कमसावां, बनगंवा व सराही की आर्द्रभूमि को वेटलैंड के रूप में विकसित करने की मंजूरी दी है। जिले की आठ झीलों को वेटलैंड के रूप में विकसित करने की कार्रवाई शुरू की गई थी। इसमें बैनारीकाइर, सादुल्लापुर, मगरा बवाई, सिरसी, नकटौली, खुटौमऊ, मंगर व चकौरा को अंतिम रूप से तीन दिसम्बर को अधिसूचित करते हुए आपत्ति मांगी गई थी। तय अवधि में एक भी आपत्ति नहीं मिली। इस पर प्रशासन ने अंतिम रूप से अधिसूचित किए जाने की रिपोर्ट दी। एक सप्ताह में अंतिम अधिसूचना जारी होने की उम्मीद है।



नियामतपुर जंगल से निकली सुरम्य ड्रेन और कमरावां वेटलैंड का प्राकृतिक दृश्य (नीचे)।

**कल्याणी नदी पर ₹7.87 करोड़ से जल्द बनेगा पुल**

शासन ने दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के मुरारपुर में कल्याणी नदी पर पुल के निर्माण की सोमवार को मंजूरी दे दी है। पुल के निर्माण पर 7.87 करोड़ रुपये खर्च होंगे। मंत्री सतीश चंद्र शर्मा के अनुसार पुल के निर्माण से क्षेत्र के एक दर्जन से ज्यादा गांवों के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।

> दो करोड़ से अधिक राशि शासन से मिल गई है। जल्दी ही पक्षियों व पर्यटकों की जरूरतों और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य करवाए जाएंगे।
> - आकाशदीप बधावन, डीएफओ, बाराबंकी

## फटाफट खबरें

### धर्मांतरण की कोशिश, 4 गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, गोरखपुर : गुलरिहा थाना क्षेत्र में अवैध धर्मांतरण की कोशिश के आरोप में मां-बेटे समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया है कि आरोपित अयुष्य विधि के आस्पास, जंगल एकला, सरहरी, पिपराइच व पीपीगंज इलाकों में लोगों को बरगलाकर धर्मांतरण की कोशिश कर रहे थे।

### राम मंदिर प्लिंथ पर 80 म्यूरल तैयार

■ NBT रिपोर्ट, अयोध्या : राम मंदिर के प्लिंथ पर रामकथा को जीवंत रूप देने वाले करीब 80 म्यूरल तैयार हो गए हैं। मंदिर के निचले चबूतरे पर रामायण काल और प्रभु राम के जीवन से जुड़े प्रमुख प्रसंगों को थ्री-डी भित्ति चित्रों के माध्यम से उकेरा गया है। करीब 800 मीटर लंबी प्लिंथ पर साढ़े पांच फीट ऊंचे म्यूरल में राम जन्म, सीता विवाह, वनवास, बाली-सुग्रीव युद्ध और लंका विजय जैसे प्रसंगों को खूबसूरती से दर्शाया गया है। इसमें राम दरबार की विशेष कलाकृति भी शामिल है।

### गंगा में खाया था नॉनवेज, जमानत नहीं

■ NBT न्यूज, वाराणसी : बनारस के अपर मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट अमित कुमार यादव की अदालत ने सोमवार को गंगा में नाव पर हुक्का पार्टी के दौरान मांसाहार खाने के आरोपितों की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। कोर्ट को बताया गया कि गंगा में हुक्का पार्टी के दौरान मांसाहार का सेवन गंभीर प्रकृति का अपराध है, जिसमें दस वर्ष तक की सजा का प्रावधान है।

### गैर इरादतन हत्या में 10 साल की सजा

■ NBT रिपोर्ट, बाराबंकी: 11 साल पहले लखपेड़ाबाग में युवक की मौत मामले में अपर जिला जज विनय कुमार सिंह ने सोमवार को गैर इरादतन हत्या के आरोपित भरत उपाध्याय को दोषी करार देते हुए 10 साल की सजा सुनाई। साथ ही 10 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। कार्तिक विहार निवासी सत्येंद्र मिश्रा (25) का शव एक मई 2015 को शुक्लाई नहर के किनारे फतहाबाद की बाग में मिला था। आरोप था कि भरत ही उसे बुलाकर ले गया और मोपीन की ओवरडोज दी जिससे सत्येंद्र की मौत हो गई थी।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया-शाहजहांपुर ने बाढ़ से प्रभावित मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल को 41 लाख रुपये की राहत राशि क्लेम के रूप में दी। इस दौरान बैंक के डिप्टी जनरल मैनेजर धीरज कुमार, रीजनल मैनेजर अखिल गुप्त, चीफ मैनेजर साथ प्रकाश त्रिपाठी, रीजनल सेल्स मैनेजर आदेश निगम, मॉड्यूल सेल्स मैनेजर दिव्यांशु धवन तथा एरिया मैनेजर अजय सिंह मौजूद रहे।

### सड़क हादसों में दो लोगों की मौत

■ NBT रिपोर्ट, बाराबंकी: सड़क हादसों में किशोर सहित दो लोगों की मौत हो गई। रविवार शाम नाका सतरिख बूथ के पास लखपेड़ाबाग निवासी वसीम सिद्दीकी (16) डीसीएम की चपेट में आ गए। इलाज के दौरान केजीएमयू में उसने दम तोड़ दिया। वहीं लखनऊ-सुलतानपुर हाइवे पर लोनीकटरा के मिलवल चौराहे के पास कार की चपेट में आकर घायल शहपुर सिदौली के शिवकुमार यादव (40) ने भी केजीएमयू में दम तोड़ दिया।

### सलहज के घर मौत, हत्या का आरोप

■ NBT न्यूज, त्रिवेदीगंज: लोनीकटरा के रौराकनकू निवासी शत्रोहन रावत (59) की लखनऊ के निगोहां में मेहदौली निवासी सलहज के घर में मौत हो गई। शव गांव पहुंचने पर बेटी सरस्वती ने हत्या का शक जताया। शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने के साथ ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### फंदे से लटका मिला महिला का शव

■ NBT रिपोर्ट, बाराबंकी: फतेहपुर के शाहपुर चक बहेरवा निवासी वीरेंद्र यादव की पत्नी रीना (25) का शव सोमवार सुबह घर में फंदे से लटका मिला। दोनों का छह साल पहले विवाह हुआ था और दो बेटे हैं। बताया जा रहा है कि रविवार को गांव के एक युवक से बातचीत की जानकारी होने पर दंपती में विवाद हुआ था। मामला थाने पहुंचने पर पुलिस ने समझौता करवा दिया था। वीरेंद्र सोमवार सुबह वीरेंद्र अपनी सास को छोड़ने बिदौरा चौराहे तक गया था। घर लौटने पर रीना को फंदे से लटका देख पुलिस को सूचना दी थी।

### 291 मामलों में से 43 का निस्तारण

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: छह तहसीलों में सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 291 मामलों में से 43 का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। डीएम शशांक त्रिपाठी व एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने तहसील फतेहपुर में सुनवाई की।

### एयरलाइंस की महिलाकर्मी ने दी जान

■ NBT रिपोर्ट, गोरखपुर : स्पाइसजेट एयरवेज में सिक्योरिटी एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत शिवानी वर्मा (24) ने रविवार रात जहर खाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले वॉट्सऐप स्टेटस पर "मैं जहर खाने जा रही हूं" लिखा था। मकान मालिक सोमवार सुबह स्टेटस देखकर कमरे पर पहुंचा, तो दरवाजा अंदर से बंद था। सूचना पर पहुंची एम्स थाना पुलिस को शिवानी बेड पर मृत मिली। बलिया के मालौजू गांव निवासी परिजनों को सूचना देने के साथ ही शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

### सर्जरी के बाद मौत, 5 डॉक्टरों पर केस

■ NBT रिपोर्ट, वाराणसी : बलिया के एक प्राइवेट अस्पताल में पथरी के ऑपरेशन के बाद सुरहपुरा निवासिनी सुप्रिया राय (24) की मौत हो गई। इससे नाराज परिजनों ने अस्पताल में हंगामा करते हुए सील करने के साथ ही केस दर्ज करने की मांग पर अड़ गए। हालात बिगड़ते देखे पुलिस ने डॉ. ज्योत्सना सिंह, डॉ. अमृत सिंह, डॉ. दीपक सिंह, डॉ. संजय सिंह और डॉ. रोशन गुप्ता के खिलाफ केस दर्ज कर स्थिति संभाली।

### पूर्व MLA से 30 लाख की ठगी, FIR

■ NBT न्यूज, सुलतानपुर : सपा के पूर्व विधायक अनिल कुमार पाण्डेय ने 30 लाख रुपये की ठगी का आरोप लगाते हुए केस दर्ज करवाया है। लंभुआ क्षेत्र के भदैया गांव निवासी पूर्व विधायक के अनुसार गांव के ही वरुण मिश्र ने लखनऊ निवासी अविंद मिश्रा से मुलाकात करवाई। अविंद ने त्रिगोनिनर 2 स्थित मकान बेचने के लिए 60 लाख रुपये मांगे। इसके बाद उन्होंने कई बार में 57 लाख रुपये दे दिए। आरोप है कि रजिस्ट्री के लिए कहने पर अविंद टरकाने लगा। शक होने पर मौके पर पहुंचे तो पता चला कि मकान अविंद के बहनोई अरुण का है। इसके बाद विरोध जताने पर आरोपित ने 27 लाख लौटाने के बाद बाकी रकम देने से इनकार कर दिया था।

### शंकराचार्य बनाएंगे सेना, होंगे अध्यक्ष

■ NBT रिपोर्ट, वाराणसी: ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने सोमवार को चतुरंगिणी सेना के गठन की प्रक्रिया शुरू करने का ऐलान किया। श्रीविद्या मठ में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि सेना में देशभर से 2 लाख 18 हजार सैनिकों की भर्ती की जाएगी। सेना गोरक्षा, धर्म रक्षा, मंदिरों की सुरक्षा और समाज के कमजोर वर्ग के सशक्तिकरण की सहायता के लिए समर्पित होगी। सेना के जवान पीले रंग की वर्दी पहनेंगे और हाथ में परशु (फरसा) रखेंगे। संगठन के संचालन के लिए 27 सदस्यीय चतुरंगिणी सभा बनाई गई है, जिसकी अध्यक्षता स्वयं शंकराचार्य करेंगे। सेना का ढांचा प्राचीन भारतीय सैन्य पद्धति पर आधारित नौ स्तरीय पदानुक्रम में होगा, जिसमें पत्तिका से लेकर महासेनापति तक विभिन्न पद निर्धारित किए गए हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 24-03-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG7 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 03-23-2026 22:44 Color:

युवा शक्ति के साथ
सड़क सुरक्षा संवाद

सड़क दुर्घटनाओं पर
प्रभावी नियंत्रण हेतु

स्काउट्स एंड गाइड्स, एन.सी.सी. एवं
एन.एस.एस. के
700 युवाओं की प्रदेश स्तरीय
दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

'सड़क सुरक्षा संवाद'
का
शुभारंभ
द्वारा
दयाशंकर सिंह
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), परिवहन,
उत्तर प्रदेश
एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

दिनांक : 24 मार्च, 2026 | समय : प्रातः 10:00 बजे
स्थान : जुपिटर हॉल, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ

सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा

- 'राह-वीर' योजना: सड़क दुर्घटना में घायल को तत्काल मदद करने वाले व्यक्ति को ₹25,000 तक का पुरस्कार एवं कानूनी सुरक्षा
- कैशलेस ट्रीटमेंट योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना के शिकार व्यक्ति को ₹1.5 लाख तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा
- उत्तर प्रदेश के 28 जनपदों में सड़क सुरक्षा मित्र योजना एवं 20 जनपदों में जीरो फटैलिटी डिस्ट्रिक्ट योजना लागू

24x7 टोल फ्री
149 परिवहन हेल्पलाइन सेवा

हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं
अभियान से दुर्घटना की आशंका घटी

व्हाट्सऐप पैसेंजर से जुड़ने के लिए 8005441222 पर HI मैसेज भेजें

या QR स्कैन करें

विकास की गति अपार-डबल इंजन सरकार

परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश



अपना
सीकेवाईसी नंबर
प्राप्त करें, यह आपका खाता खोलने और री-केवाईसी में सहायता करता है

यह कैसे काम करता है:

- बैंक ग्राहकों की केवाईसी संबंधी जानकारी प्राप्त करके उसे सेंट्रल केवाईसी रिकॉर्ड्स रजिस्ट्री (सीकेवाईसीआर) पर अपलोड करते हैं
- ग्राहक को 14-अंकों का एक नंबर जारी किया जाता है
- अन्य वित्तीय संस्थाओं द्वारा नया खाता खोलने और री-केवाईसी करने के लिए ग्राहक के मौजूदा केवाईसी संबंधी जानकारी प्राप्त करने हेतु 14-अंकों के इस नंबर का उपयोग किया जा सकता है

अपना सीकेवाईसी नंबर प्राप्त करने के लिए:
अपने बैंक से संपर्क करें या 7799022129 पर मिस्ड कॉल दें या https://ckycindia.in पर जाएँ

अधिक जानकारी के लिए,
https://rbikehtahai.rbi.org.in/CKYCR पर जाएँ
आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर:
99990 41935/99309 91935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in



Bennett & Coleman
THE TIMES OF INDIA

HAPPY NAVRATRI

NBT
नवभारत टाइम्स

KEY TO YOUR DREAM HOME

TIMESPROPERTY.COM
LUCKNOW EXPO

| DATE | TIME | VENUE |
|---|---|---|
| 25th-26th March 2026 | 11:00 am to 8:00 pm | Taj Mahal Hotel Gomti Nagar, Lucknow |




- Latest Projects • Special Booking Offers • Free Vastu Consultation
- Avail Finance Facilities at Easy EMIs • Real Estate Advise from Experts

PARTICIPANTS

OMAXE Turning dreams into reality
ekana SPORTZ CITY
MI GROUP
ELDECO
SAHU
IMPERIAL RESIDENCIA By Gandharva
SLD
GSR
DECOR Live beautiful

BANKING PARTNER
यूनियन बैंक Union Bank of India

DRIVEN BY
ELECTRIC ORIGIN SUVs mahindra

*Terms & conditions apply.

For Sponsorship & Stall Booking opportunities, please contact : 9506813752, 7355766802

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 24-03-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG8 User: cci Time: 03-23-2026 23:44 Color:



नवभारत टाइम्स । कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित) । मंगलवार, 24 मार्च 2026

यदि हर व्यक्ति अपनी अंतरात्मा की सुने, तो कोई युद्ध नहीं होगा।

*- लियो टॉल्स्टॉय*

# छोटी-सी आशा

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डॉनल्ड ट्रंप ने ईरान के पावर प्लांट और एनर्जी ठिकानों पर पांच दिनों तक हमला नहीं करने का ऐलान किया है। अगर वह अपनी इस बात पर कायम रहते हैं, तो 28 फरवरी से शुरू हुए मौजूदा युद्ध में यह सबसे सकारात्मक बात होगी। इससे यह छोटी-सी उम्मीद बंधती है कि होर्मुज स्ट्रेट पर ट्रंप के 48 घंटे वाले अल्टीमेटम के बाद जो युद्ध और तेज होता दिख रहा था, अब शायद उसमें थोड़ा ठहराव आए।

**ईरान का इनकार** । ट्रंप ने दावा किया है कि मौजूदा संकट को लेकर उनकी तेहरान के साथ बातचीत हुई है और यह बेहद सकारात्मक रही। ईरान की तरफ से ऐसी किसी बातचीत का खंडन आया है। हालांकि अगर वार्ता की थोड़ी-सी भी गुंजाइश बनती है, तो सही पक्षों को उसे दोनों हाथों से थामना चाहिए। इस संकट का केवल एक ही हल है, बातचीत। ट्रंप अगर अपनी तरफ से भी हमलों में कमी लाते हैं, तो वार्ता का रास्ता खुल सकता है। पश्चिम एशिया के दूसरे देशों को भी इसमें अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

ट्रंप पीछे हटे

**तेल में नरमी** । दुनिया किस बेताबी से शांति की राह देख रही है, इसका अंदाजा इस बात से लगता है कि भले ही ट्रंप ने पूरी तरह से युद्धविराम नहीं किया, पर क्रूड ऑयल के दाम में 9% की कमी आ गई। उनका पावर प्लांट को निशाना नहीं बनाने का ऐलान, भले वह एकतरफा हो, इस मायने में अहम है कि लड़ाई के इससे तेज होने का खतरा थोड़ा कम हुआ है। अगर ईरान के पावर प्लांट तबाह होते हैं, तो बदले की जवाबी कार्रवाई से होने वाला नुकसान भयानक होगा।

**संकट का सामना** । अमेरिका-इस्राइल और ईरान जंग ने अप्रत्याशित हालात पैदा कर दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संसद में स्वीकार किया कि देश के सामने बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि हमने कोरोना के वक्त ऐसी चुनौती का सामना किया है, हमें उसी तरह तैयार रहना है। यह स्वीकारोक्ति अच्छी बात है। किसी भी संकट से निपटने का पहला पड़ाव उसे स्वीकार करना होता है। अब देश किस तरह से इस चुनौती का सामना कर सकता है, सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए।

**समाधान का रास्ता** । होर्मुज से होने वाले व्यापार, वहां से आने वाले फर्टिलाइजर्स, खाड़ी में मौजूद भारतीयों और उनके रेमिटेंस - सभी को लेकर चिंता है। पीएम ने अपने भाषण में इन सभी को संबोधित किया। ऊर्जा जरूरतों की आपूर्ति में डायवर्सिफिकेशन और घरेलू उत्पादन व स्ट्रैटेजिक रिजर्व को बढ़ाने जैसे कदम अहम हैं।

## ऐवें कुछ भी

### हमारी हाउस हेल्प

चंदा रे चंदा रे कभी तो जमीं पर आ कैसे बातें करेंगे यह मेरा फेवरिट गाना था। लेकिन अब इस पर प्रतिबंध लग चुका है। जनवरी में चंदा जी ने हमें जॉइन किया था। चंदा जी हमारी मेड हैं। वाइफ का गॉल ब्लैडर का आपरेशन हुआ था। रिकवरी के लिए जरूरी था कि मेरे अलावा एक और हाउस हेल्प हो।



आलोक सिंह भदौरिया

तब से चंदा जी अपुन के साथ हैं। एक्चुअली चंदा जी मुंबई रिटर्न हैं, इसलिए नखलऊ में भी वह अपनी मुंबइया टोन नहीं छोड़तीं। आते ही बोलीं, मेरे को मच मच नई चइए साब। छुट्टी मय कबी लेनी नहीं, पगार कबी छोड़तीं नई। पगार वाले दिन पगार चइए मेरे कू। चंदा का क्लियर है, केवल ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर देखेगी मय, बर्तन विरतन धोएगी। फटका पोंछा मारेगी बस। दर्शनशास्त्र की भाषा में कहा जाए तो चंदा जी यथास्थितिवादी हैं। मतलब झाड़ू, पोंछा के बाद भी आपको वो सब चीजें मिल जाएंगी जिनके लिए झाड़ू, पोंछे की जरूरत थी। हां उनकी जगह जरूर बदल जाती है।

एक बार अपवाद स्वरूप किचन से कुछ चीजें गुमशुदा सी हो गई थीं। हमें कोई हक नहीं है कि इसके लिए हम अपने आप पर, पत्नी जी पर और बेटे जी को छोड़कर किसी गैर पर शक करते। हमें मशहूर शायर का शेर याद आया, वक्त दो मुझ पर कठिन गुजरे है सारी उम्र में, इक तिरे आने से पहले, इक तिरे जाने के बाद। तो इनसे प्रेरणा लेकर एहतियातन अब हम किचन की चम्मचें, कटोरियां गिन के लिस्ट बना लेते हैं, एक चंदा जी के आने से पहले एक उनके जाने के बाद। चंदा जी का कोने वाले मकान की मेम साब से उनका बोल बचन हो गया। चंदा जी ने साब को अल्टीमेटम दे दिया, या तो घर में मेम साब रहेंगी या मय काम करेंगी।

साहब बेचारे धर्मसंकट में हैं। चंदा काम छोड़ती है तो मेम साब घर छोड़कर मायके जाने की बात कह रही हैं, उधर चंदा मेम साहब के अस्तित्व को बर्दाश्त नहीं कर पा रही। कुल मिलाकर मामला होर्मुज जलडमरूमध्य हो गया है।

## बोल वचन

दिलीप लाल

### ताड़ का तरकून

ताड़ ऐसा शब्द है, जो अपने भीतर प्रकृति, भाषा और संस्कृति - तीनों को समेटे हुए है। आमतौर पर ताड़ का अर्थ उस लंबे, सीधे पेड़ से लिया जाता है, जिस पर नारियल की तरह गोल-गोल फल लगते हैं। इन फलों के भीतर का कोमल, रसयुक्त भाग 'तरकून' कहलाता है, जो झारखंड, बिहार और बंगाल में गर्मियों के दिनों में अत्यंत लोकप्रिय है। भाषाई दृष्टि से 'ताड़' का अर्थ केवल पेड़ तक सीमित नहीं। 'ताड़ना' का अर्थ है किसी बात को समझना, भांपना या सूक्ष्मता से देखना, जबकि 'प्रताड़ना' में यही शब्द कठोरता और कष्ट देने के भाव में प्रयुक्त होता है। 'तड़तड़ा जाना' जैसे प्रयोग अचानक तेज आवाज के साथ टूटने या बिगड़ने की स्थिति को क्यों करते हैं- जैसे सूखी लकड़ी का तड़तड़ा जाना, उम्मीदों का टूट जाना या बिजली का तड़तड़ा उठना। बारिश की मोटी बूंदें या ओले गिरते हैं, तो तड़तड़ की आवाज आती है। संस्कृत के 'ताल' शब्द से निकला 'ताड़' आगे चलकर 'ताल-तलैया' जैसे शब्दों में विकसित हुआ। 'ताल' संगीत में लय और ताप का प्रतीक भी है। ताड़ केवल एक पेड़ नहीं, अर्थों और अनुभवों की जीवंत यात्रा है।

अंकित रॉय

सरकारी प्रयासों और आम जन की भागीदारी से देश में घटे तपेदिक के मामले

# टीबी से लड़ाई में भारत ने पलटी बाज़ी

आज जब देश एक और टीबी मुक्त भारत अभियान - 100 दिनों की मुहिम शुरू कर रहा है, तब मैं तपेदिक (टीबी) को खत्म करने की हमारी यात्रा को अत्यधिक गर्व और नई उम्मीद के साथ देखता हूं। हाल के वर्षों में भारत की टीबी के खिलाफ प्रतिक्रिया अद्वितीय रही। यह जन-भागीदारी पर आधारित है और इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से प्रेरित सामूहिक जिम्मेदारी की भावना समाहित है। मिशन इंद्रधनुष जैसी प्रमुख पहलों की सफलता को बढ़ावा देकर और सामुदायिक स्तर पर 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' के संदेश को मजबूत करके, यह सम्पूर्ण समाज-आधारित दृष्टिकोण विभिन्न क्षेत्रों में अपनी ताकत साबित कर चुका है। दिसंबर 2024 में शुरू किए गए 100 दिन के गहन टीबी मुक्त भारत अभियान के अनुभव ने जन-शक्ति में हमारे विश्वास को और मजबूत किया है।

जगत प्रकाश नड्डा

**जन आंदोलन** । चिकित्सा अभियान के रूप में शुरू हुई यह मुहिम अब जन आंदोलन बन गई है। परिणाम स्वयं बोलते हैं - भारत में 2015 से टीबी की घटनाओं में 21% और मृत्यु दर में 25% की गिरावट आई है। यह दिखाता है कि जब विज्ञान, प्रणाली और समाज साथ काम करते हैं, तो क्या हासिल किया जा सकता है।

**युवाओ की भागीदारी** । भारत की तपेदिक के खिलाफ लड़ाई सामूहिक भागीदारी की ताकत को दर्शाती है। केंद्रीय मंत्रालयों से लेकर ग्राम पंचायतों तक, डॉक्टरों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक, हर कोई शामिल है। यहां तक कि उपचार पूरा कर चुके मरीज भी टीबी विजेताओं के रूप में दूसरों का समर्थन कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने अन्य मंत्रालयों, सभी पंचायती राज संस्थानों और सामुदायिक संगठनों की विशेषज्ञता, नेटवर्क और बुनियादी ढांचे को एकजुट करने के लिए उनके साथ हाथ मिलाया है। 'मेरा भारत' कार्यक्रम के माध्यम के युवाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी भी इतनी ही प्रेरणादायक रही है। दो लाख से अधिक मेरा भारत स्वयंसेवकों ने टीबी मरीजों की मदद के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है।

**20 करोड़ टेस्ट** । हमारी रणनीति नए साक्ष्यों और उभरती चुनौतियों के जवाब में लगातार विकसित हुई है। राष्ट्रीय टीबी प्रसार सर्वेक्षण से पता चला कि आधे मरीजों में सामान्य लक्षण नहीं दिखते। इसके बाद बारीर-लक्षण वाली संवेदनशील आबादी में जांच बढ़ी। AI सक्षम छोटी एक्स-रे मशीनें और अडवांस्ड टेस्टिंग टेक्निक से लैस वाहनों से जांच आसान हुई। 20 करोड़ से अधिक लोगों के टेस्ट में 32.65 लाख में टीबी के मामले पाए गए। 10.9 लाख केस बारीर लक्षण वाले थे।

**आगे का लक्ष्य** । अगले 100 दिन के अभियान में 3000 से अधिक AI संचालित एक्स-रे उपकरणों और अगली पीढ़ी की डायग्नोस्टिक मशीनों को तैनात किया जाएगा। डेटा पर आधारित टूल यह पहचानने में मदद करेंगे कि कौन-से गांव और शहर के इलाके ज्यादा जोखिम में हैं, ताकि वहां जांच पर ज्यादा ध्यान देकर बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकें। भारत का तेजी से शहरीकरण हो रहा है। घनी आबादी और कमजोर समुदायों को देखते हुए यदि जांच और देखभाल को मजबूत नहीं किया गया तो यह रोग अनजाने में फैल सकता है। इसलिए हम उच्च जोखिम वाले शहरी क्षेत्रों जैसे अनौपचारिक बस्तियों, प्रवासी श्रमिक समूहों और अन्य कमजोर आबादी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

**टीबी मुक्त की ओर**

- 2015 से बीमारी के मामलों में 21% की कमी
- AI तकनीक और अडवांस्ड मशीनों का इस्तेमाल
- चुनौतियों को देख बदली रणनीति, चलाए अभियान

**आगे का रास्ता** । जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, कार्य स्पष्ट होता जा रहा है - हासिल की गई गति को बनाए रखना, साथ ही इसे और भी अधिक तेजी से आगे बढ़ाना। जब हम साथ मिलकर प्रयास करते हैं, तो हमेशा सफल होते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने कोविड-19 के खिलाफ स्किॉई सफल में एक अरब लोगों का टीकाकरण किया। 'मेड इन इंडिया' विकास की रणनीति के साथ हम आशा से निश्चितता की ओर बढ़े हैं। हम इस साहस मिशन में हर नागरिक, संस्था और युवा मंच को शामिल करके प्रारंभिक जांच को बढ़ाना, निदान तक पहुंच का विस्तार करना जारी रखेंगे।

**क्षमता का प्रमाण** । टीबी के खिलाफ भारत का अभियान सिर्फ एक सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयास नहीं है। यह एक जन-सहभागिता है - उद्देश्य के लिए एकजुट होने की क्षमता का प्रमाण है। यदि हम साथ हैं, तो यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि अगली पीढ़ी टीबी को केवल इतिहास के एक अध्याय के रूप में जानेगी, न कि उनके जीवन की वास्तविकता के रूप में। यही वह भारत है जिसके लिए हम काम कर रहे हैं। इस भारत को हम मिलकर बनाएंगे।

*(लेखक केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री व रसायन और उर्वरक मंत्री हैं)*

## कांटे की बात

# आप हुक्म कीजिए, Dispatch संभाल लेगा

लंदन में यहूदी कम्युनिटी सर्विस से जुड़ी चार एंबुलेंस को आग लगाने की घटना भयानक है। पुलिस कह रही है कि ये हमले 'यहूदी-विरोधी नफरत' की वजह से हुए हैं। ऐसी नफरत के खिलाफ हमें एकजुट होना होगा।

-किएर स्टार्मर, *ब्रिटिश प्रधानमंत्री*

**AI की दुनिया**

***आप घर** से बाहर हैं और तभी ऑफिस से कुछ ऐसी रिपोर्ट्स आईं, जिन्हें तुरंत फाइनल करना है। वक्त पर काम होना मुश्किल लग रहा है, तो एंथ्रोपिक का Dispatch मदद कर सकता है। यह Claude Cowork का नया फीचर है। अपने फोन से सिर्फ एक मैसेज डालिए और यह काम पूरा कर देगा।*

**कैसे काम करता है**

**मेसेज मिलते** ही Claude Cowork कंप्यूटर पर एक्टिव हो जाता है। यह खुद से ब्राउजर खोल सकता है, कोड चला सकता है और टूल्स भी इस्तेमाल कर सकता है। सब कुछ आपके कंप्यूटर पर होगा। हालांकि किसी भी बदलाव के लिए आपकी अप्रूवल जरूरी होगी। इस्तेमाल करने के लिए कंप्यूटर ऑन रखना जरूरी है।

**प्रीमियम वालों की पहुंच**

**Claude Cowork** पुराना काम याद रखता है। अगर कोई नया टास्क पुराने से जुड़ा है, तो वह बताने की जरूरत नहीं। अभी यह रिसर्च प्रीव्यू में है और Max सब्सक्राइबर्स यानी एंथ्रोपिक के सबसे प्रीमियम प्लान वाले यूजर्स तक ही पहुंचाया गया है। Pro प्लान वाले यूजर्स तक भी कुछ दिनों में पहुंच जाएगा।

*-प्रदीप तिवारी*

**जनता जंक्शन** इरफान

# रोज़गार मिल रहे, पर क्वॉलिटी वाले नहीं

**कॉमन रूम**

भारत की बीते चार दशकों में औसत GDP वृद्धि दर लगभग 6% रही है। पिछले दशक में कुशल कर्मचारियों की नियुक्ति से रोजगार में लचीलापन देखने को मिला है। 2022 में तो यह आंकड़ा तीन गुना तक पहुंच गया था। यह बताता है कि भारत की रोजगार वृद्धि चुनौतियां शायद नौकरियों की कुल संख्या से जुड़ी न होकर, रोजगार की गुणवत्ता से जुड़ी है।

सुचिता दत्ता

**धीमी दर** । देश में हुए ढांचागत बदलावों की मुख्य विशेषता यह रही है कि कंस्ट्रक्शन में तो लोगों को काम मिला है, लेकिन सर्विस और मैन्युफैक्चरिंग में रोजगार मिलने की गति धीमी है, जो बड़ी चुनौती है। वजह कि कंस्ट्रक्शन और सर्विस में उत्पादकता बढ़ने की संभावना सीमित है, जबकि मैन्युफैक्चरिंग में बदलती तकनीक के कारण अब कम कुशल मजदूरों के लिए मौके घट रहे हैं। भारत के लिए चिंता की बात यह भी है कि कम उत्पादकता वाले सेवा क्षेत्रों में वर्कफोर्स तेजी से बढ़ रही है।

**बेहतर काम में मदद** । भारत में फॉर्मल स्टाफिंग इंडस्ट्री रोजगार औपचारिकता की चुनौती से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। स्टाफिंग कंपनियां मजदूरों को अनौपचारिक सेक्टर से निकालकर औपचारिक सेक्टर में लाने में मदद करती हैं, जिससे उन्हें सामाजिक सुरक्षा, बेहतर सुरक्षा और स्थिर नौकरी मिलती है। साथ ही यह इंडस्ट्री जरूरत के हिसाब से कुशल वर्कफोर्स देकर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ाने में मदद कर सकती है। कुल मिलाकर यह इंडस्ट्री भारत को ज्यादा औपचारिक और बेहतर रोजगार की ओर ले जा सकती है।

**स्किल की कमी** । रोजगार वृद्धि की चुनौती के बावजूद देश में कुशल कर्मचारियों और श्रम बाजार की मांग के बीच अंतर है। लाखों युवा बेरोजगार हैं, तब भी तमाम पद खाली रह जाते हैं। मानव संसाधन के मामले में सबसे युवा राष्ट्र होने के बावजूद भारत अब भी 24 सेक्टरों में लाखों लोगों को कौशल प्रदान करने की चुनौती से जूझ रहा है। केवल 4.6-9% लोगों ने औपचारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया है। प्रशिक्षित करने की वर्तमान क्षमता प्रति वर्ष 34 लाख लोगों की है, जबकि हर साल वर्कफोर्स में 1.2 करोड़ लोग शामिल होते हैं। 85% से अधिक लोग असंगठित कामों में लगे हुए हैं।

**आज की जरूरत** । वर्कफोर्स को स्किल्ड करने की शुरुआत हो चुकी है, लेकिन इसकी रफ्तार धीमी है। फॉर्मल स्टाफिंग इंडस्ट्री इस कमी को दूर करने में अहम भूमिका निभा सकती है। यह नौकरी चाहने वालों को ट्रेनिंग, स्किल डिवेलपमेंट और प्लेसमेंट की सुविधा देती है। इससे लोगों की स्किल और कंपनियों की जरूरतों के बीच बेहतर तालमेल बनता है। यह इंडस्ट्री सरकार और शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर काम कर सकती है ताकि कौशल विकास कार्यक्रमों को आज की जरूरत के हिसाब से तैयार किया जा सके।

*(लेखिका इंडियन स्टाफिंग फेडरेशन की कार्यकारी निदेशक हैं)*

# जीवन को सदा गतिमान रखने की शक्ति हैं दुर्गा

आनंदमूर्ति गुरुमां

'गतिस्त्वं गतिस्त्वं त्वं एका भवानि...' यानी हे मां भवानी, आप ही मेरी एकमात्र गति (सहारा) हैं। न मेरा कोई पिता है, न माता, न भाई, न पुत्र, न पुत्री, न ही कोई आश्रय। यह अटूट विश्वास दर्शाता है कि कठिन हालात- जल, अग्नि, पर्वत, शत्रु के बीच केवल मां ही रक्षा कर सकती हैं। यह स्तोत्र देवी की शरण में शरणागति का प्रतीक है, जो आमतौर पर नवरात्र में पढ़ा जाता है। यह पंक्ति हमें उस परमशक्ति की ओर संकेत करती है, जो समस्त सृष्टि की गति और आधार है।

पूरी दुनिया में ईश्वर को पिता के रूप में माना गया है, जबकि भारत की ऋषि-परंपरा ने उसे माता के रूप में भी पूरी श्रद्धा और भाव के साथ स्वीकार किया। यह सोच सृष्टि में निर्माण, संचालन और परिवर्तन की शक्ति है। मनुष्य के जीवन में जो भी खोज या ज्ञान विकसित हुआ, वह इसी शक्ति का परिणाम है। यह संपूर्ण सृष्टि - वनस्पतियों, जीव-जंतुओं, ग्रह-नक्षत्रों और प्रकृति के हर रूप में मौजूद है। विविधता से भरी इस सृष्टि के पीछे जो जड़ाभक चेतना कार्य कर रही है, वही चित शक्ति है। यानी मन की वह आंतरिक शक्ति, जो विचार करने, अनुभव करने, निर्णय लेने और आत्मचेतना को जागृत करने की क्षमता देती है।

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें www.speakingtree.nbt.in

हमारे ऋषियों ने इसको सरल भाषा में 'देवी' कहा है। हमारे शरीर की प्रत्येक क्रिया- हृदय की धड़कन, श्वास-प्रश्वास, पाचन, इंद्रियों का कार्य - सब उसी शक्ति से संचालित होते हैं, जबकि हमें इसका प्रत्यक्ष ज्ञान भी नहीं होता। मन के स्तर पर भी यही शक्ति विचार, भावना, सुख-दुख और इच्छाओं के रूप में प्रकट होती है। हम इन अनुभवों को महसूस तो करते हैं, पर इनके संचालन का मूल स्रोत नहीं जानते। यही अज्ञात, परंतु सर्वव्यापी ऊर्जा 'दुर्गा' है- जीवन को गतिमान रखने वाली शक्ति। दुर्गा सिर्फ मंदिरों तक सीमित नहीं, वह संपूर्ण जीवन-प्रवाह की प्रतीक है। शरीर में रक्तसंचार, प्रकृति में फूलों की सुगंध, सूर्य का तेज, चंद्रमा की शीतलता - ये सभी उसी शक्ति के विविध रूप हैं। इस प्रकार, देवी केवल पूजा का विषय नहीं, जीवन और ब्रह्मांड की मूल चेतना का प्रतीक हैं।

# केरल में क्या गुटबाज़ी ख़त्म कर पाएंगे राहुल

हेमंत राजौरा

**केरल** में कांग्रेस के नेतृत्व वाले UDF की स्थानीय निकाय चुनावों में जीत आत्मविश्वास बढ़ाने वाली थी। हालांकि पार्टी के भीतर गुटबाजी का डर अब भी है। यही वह चुनौती है, जो आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की संभावनाओं को तय करेगी। पार्टी 100 सीटों का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी है।

**विशुद्ध राजनीति** कसौटी

**राहुल की एंट्री से डैमेज कंट्रोल**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का 25 मार्च को केरल में प्रस्तावित बड़ा कार्यक्रम सिर्फ चुनावी रैली नहीं, संगठनात्मक संदेश भी है। हाल ही में उम्मीदवारों के चयन को लेकर उनकी नाराजगी और देर रात तक चली बैठकों से यह साफ है कि पार्टी के भीतर गहरे मतभेद थे। राहुल गांधी ने एक अहम फैसला लेते हुए चुनाव लड़ने के इच्छुक सांसदों को टिकट नहीं दिया। इससे यह संकेत गया कि पार्टी 'वन मैन, वन पोस्ट' की दिशा में सख्ती दिखाना चाहती है।

उनकी सक्रियता को दो तरह से देखा जा सकता है। पहला, वह चुनाव में कांग्रेस के सबसे बड़े स्टार प्रचारक हैं। दूसरा, वह गुटबाजी को नियंत्रित करने के लिए अंतिम निर्णायक की भूमिका में हैं। सवाल यह है कि क्या उनकी मौजूदगी सिर्फ असंतोष को दबा पाएगी या उसे स्थायी रूप से खत्म भी कर सकेगी? महिलाओं को कम टिकट दिए जाने से सवाल उठ रहे हैं, खासकर जब राष्ट्रीय स्तर पर महिला प्रतिनिधित्व बढ़ाने की बात होती है।

**निकाय चुनावों में जीत से जोश**

हालिया स्थानीय निकाय चुनावों में UDF के प्रदर्शन ने कांग्रेस के भीतर नई ऊर्जा भरी है। हालांकि केरल की राजनीति में स्थानीय और विधानसभा चुनावों का व्यवहार अलग रहा है। 2021 में भी कांग्रेस को उम्मीद थी, लेकिन LDF ने 99 सीटों के साथ वापसी कर इतिहास रच दिया था। ऐसे में लोकल बॉडी के नतीजों को विधानसभा की जीत का संकेत मानना जल्दबाजी हो सकती है। राज्य में मुकाबला हमेशा की तरह LDF और UDF के बीच ही है। LDF में सीपीएम, सीपीआई और केरल कांग्रेस (एम) शामिल हैं। पिनराई विजयन सरकार का प्रशासनिक अनुभव और वेलफेयर योजनाएं उसके पक्ष में जाती हैं। दूसरी ओर, UDF एंटी-इनकंबेंसी, निकाय चुनाव जीत और राहुल गांधी की लोकप्रियता के सहारे वापसी की उम्मीद कर रहा है। लेकिन, यह मुकाबला सिर्फ नीतियों का नहीं, संगठनात्मक मजबूती का भी है, जहां LDF अपेक्षाकृत अधिक अनुशासित नजर आता है।

कांग्रेस के सामने बड़ी चुनौती आंतरिक गुटबाजी है। टिकट बंटवारे के दौरान भी कई बड़े नेताओं की नाराजगी सामने आई थी, जिसे फिलहाल मैनेज कर लिया गया है। लेकिन, चुनाव के दौरान असंतोष फिर उभर सकता है। राहुल की भूमिका यहां निर्णायक होगी।

**BJP के उभार से LDF को फायदा**

केरल में BJP अभी तक विधानसभा में खाता नहीं खोल पाई है, लेकिन हालिया घटनाक्रम देखते हुए उसे नजरअंदाज नहीं कर सकते। त्रिशूर लोकसभा सीट की जीत और तिरुवनंतपुरम नगर निगम पर कब्जा यह संकेत देते हैं कि पार्टी शहरी क्षेत्रों में पैर बढ़ा रही है। BJP का बढ़ता वोट शेयर कांग्रेस के लिए चुनौती है, क्योंकि इसका असर UDF के पारंपरिक वोट बैंक पर पड़ सकता है। अगर BJP कुछ सीटों पर निर्णायक वोट काटने में सफल रही, तो इसका फायदा LDF को मिल सकता है।

## रीडर्स मेल

### आंतरिक संघर्ष बनाता है कमजोर

**23 मार्च** का लेख 'सीरिया के इस शहर से बेसे छिन गया लोकतंत्र' बेहद ज्ञानवर्द्धक है। इस लेख को पढ़ने के बाद यही समझ में आया कि क्रांति केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि सामाजिक जटिलताओं की परीक्षा भी है। आम लोगों के लिए लोकतंत्र उत्साह बढ़ाने वाला तंत्र हो सकता है। शायद इसमें जनता अपना अस्तित्व तलाश पाती है, लेकिन आंतरिक संघर्ष और बाहरी हस्तक्षेप ऐसे तंत्र को कमजोर कर देते हैं। लेख सिखाता है कि बदलाव के लिए केवल विद्रोह नहीं, बल्कि मजबूत संस्थाएं, दीर्घकालिक दृष्टि भी जरूरी होती है।

**पूर्णिमा रावत**, ईमेल से

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

नवभारत टाइम्स, ए. एम-एच.एन.आर.एस. एवं एम.एल.आर.एस. का सहयोग एवं सहभागिता नियमित बहुमूल्य द्वारा प्रकाशन हेतु: बी.एन.टी. मिडिया लिमिटेड, बाराकम्बा रोड, नई दिल्ली-110001 से, प्रेस: सोलीमैन एंड सन्स प्रिंटिंग प्रा. लि. के द्वारा मुद्रित किया जाता है। प्रकाशन स्थान: मुद्रित किया हुआ नवभारत टाइम्स प्रेस, बिल्हा रोड, कानपुर-208011, उत्तर प्रदेश से मुद्रित किया गया है। फोन: 0512-2328302, 0522-4154444, पंजीकृत कार्यालय: बाराकम्बा रोड, नई दिल्ली-110001। ■ संपादक: राजकुमार। मुद्रित किए जाने वाले अन्य स्थानों की सूची: एन.एम.आर.एस. मुंबई, आर. के. एस. के. प्रकाशन (अहमदाबाद)। ■ व्यवसायिक मुद्रित लिखित अनुमति के बिना मुद्रण व आंशिक पुनर्प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबंधित।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 24-03-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG9 User: cci Time: 03-24-2026 00:08 Color:



## जातीय जनगणना नहीं करवाना चाहती है भाजपा: अखिलेश

सपा प्रमुख ने पार्क में लोहिया की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण।

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : समाजवादी पार्टी ने डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती सोमवार को लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जिलों में मनाई। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ स्थित डॉ. लोहिया पार्क पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि डॉ. लोहिया ने गरीबों, पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों, आदिवासियों और महिलाओं के हक, सम्मान और बराबरी के लिए समाजवादी आंदोलन को दिशा दी।

अखिलेश यादव ने इस अवसर पर जातीय जनगणना का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि सभी जातियों को उनकी आबादी के अनुपात में अधिकार और हिस्सेदारी मिलनी चाहिए, लेकिन भाजपा सरकार जातीय जनगणना कराने से बच रही है। उनका आरोप था कि जनगणना के विज्ञापन जारी हुए हैं, पर जातीय जनगणना पर स्पष्ट निर्देश नहीं हैं, जिससे पिछड़ों और दलितों की गिनती प्रभावित होगी। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, अभिषेक मिश्र, संजय लाठर, रविंद्रनाथ मोहंतो, सपा लखनऊ नगर अध्यक्ष फहीम सिद्दीकी और महासचिव लखनऊ नगर गौरव सिंह यादव समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं हिस्सा लिया।

वहीं, राष्ट्रीय लोकदल की प्रदेश इकाई ने लोहिया अर्द्धांजलि दी। प्रदेशाध्यक्ष राजशेष राय सहित राजेंद्र नेताओं और कार्यकर्ताओं ने लोहिया के चित्र पर माल्यार्पण किया।

# 'राजधानी या अपने क्षेत्र तक सीमित न रहें मंत्री'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंत्रियों को राजधानी, अपने विधानसभा या गृह जिले तक ही सीमित न रहने की नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि प्रभारी मंत्री के रूप में आवंटित जिलों के साथ ही प्रदेश के सभी जिलों में दौरा करें, योजनाओं की पड़ताल और जनसंवाद पर फोकस करें।

सीएम ने सोमवार की दोपहर कैबिनेट की बैठक के बाद मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों के साथ बैठक की। सूत्रों के अनुसार, सीएम ने कहा कि पिछले 9 साल में टीम वर्क का बेहतर परिणाम मिला है। प्रदेश के विकास, जनता की सहूलियत के रूप में सरकार के रास्ते में अनेक उपलब्धियां हैं। इस पर हर जिले और निचले स्तर तक व्यापक संवाद करें और आगे की कार्ययोजना के लिए जनअपेक्षाओं को समझें। जिलों में समीक्षा बैठक, फीडबैक की प्रक्रिया तेज की जाए। योगी ने मध्य-पश्चिम के तनावपूर्ण हालात के चलते उपजे गैस संकट का भी जिक्र किया। सीएम ने कहा कि प्रदेश में सप्लाई गैस की पर्याप्त आपूर्ति है, आवश्यकतानुसार सबको उपलब्ध हो रही है। इस बीच अफवा फैलाने पर कार्रवाई की जाएगी। इसी बीच अफवा फैलाने की कोशिश हो रही है तो उस पर सख्त रुख अपनाएं। जिलों में खाद बेड़ों, गैस की उपलब्धता व वस्तु स्थिति में बारे में भी अवगत करवाएं।

सीएम ने मंत्रिमंडल संग की बैठक, कहा- जिलों के नियमित दौरे करें, गैस, खाद को लेकर पैनिक न होने पाए

**बजट का सही उपयोग हो :** सूत्रों के अनुसार योगी ने मंत्रियों से विभागीय बजट, उसके आवंटन एवं उपयोग की भी नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मार्च समाप्त होने की ओर है। विभिन्न योजनाओं के लिए जो बजट आवंटित हुआ है उसका समुचित उपयोग होना चाहिए। विभाग की समीक्षा कर वस्तुस्थिति का आकलन करें और समय से बजट जारी करवाएं। उन्होंने कहा कि नया वित्तीय सत्र भी 1 अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है। इसके लिए भी बजट के आवंटन, उपयोग एवं प्राथमिकता के आधार पर कार्ययोजना तैयार कर ले, जिससे जनता तक उसका अधिकाधिक लाभ पहुंचे।

**एसआईआर में निभाएं सक्रिय भागीदारी :** बैठक में चुनाव आयोग की ओर से आयोजित स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) की प्रगति पर भी बात हुई। सूत्रों की माने तो बैठक में यह भी बात हुई कि 70 से 75 विधानसभाएं ऐसी हैं, जहां पर 75 हजार से 1 लाख से अधिक वोट SIR के दौरान कटे हैं, जबकि वहां पर नए वोटरों को जोड़ने के लिए फॉर्म 6 बहुत कम संख्या में आए हैं। इसलिए, इन क्षेत्रों में नए और अर्ह वोटरों को जोड़ने पर ध्यान दें। संगठन के साथ बैठकर इसकी समीक्षा करें और आवश्यक कदम उठाएं।

# 'सुरक्षा, सम्मान और आर्थिक मजबूती देंगे महिला शक्ति केंद्र'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : दिल्ली सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यूपी को 2029 तक वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने और 'विकसित उत्तर प्रदेश 2047' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए महिलाओं की सक्रिय और बढ़ती भागीदारी अनिवार्य है। सरकार का स्पष्ट संदेश है कि विकास तभी संभव है, जब हर महिला सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर हो। केशव मौर्य सोमवार को राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा यूपी के सौ विकास खंडों में स्थापित किए जा रहे महिला शक्ति केंद्रों के शुभारंभ के मौके पर बोल रहे थे।

गोमतीनगर के एक होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में डिप्टी सीएम ने महिला शक्ति केंद्र के 'लोगो' का अनावरण और महिला सशक्त केंद्र के 'डैशबोर्ड' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा से जुड़ी एक पुस्तक का भी विमोचन किया। कहा, पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 100 ब्लॉकों में इसकी शुरुआत की जा रही है। कहा, इन केंद्रों की स्थापना कर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने लैंगिक समानता को अपने कार्य का अभिन्न अंग बनाते हुए महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के लिए जेंडर सिंसेर सेंटर बनाने की पहल की है। कहा, चरणबद्ध तरीके से आने वाले समय में राज्य के सभी ब्लॉकों में महिला शक्ति केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिला शक्ति केंद्र के संचालन के लिए ब्लॉक स्तर पर दो सौ वर्गीफिट का एक महिला शक्ति केंद्र का कार्यालय बनाया जाएगा। प्रति केंद्र डेढ़ लाख रुपये कम्प्यूटर, प्रिंटर, यूपीएस, कुर्सी मेज, अलमारी, नोटिस बोर्ड आदि के लिए और आपातकालीन पूंजी की सहायता के लिए प्रति वर्ष 1,16,000 रुपये की राशि का आवंटन किया गया है। महिला शक्ति केंद्र का संचालन संकुल संघ द्वारा किया जाएगा। यह केंद्र ग्रामीण महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और भरोसेमंद मंच के रूप में सामाजिक, कानूनी और आर्थिक अधिकारों का मार्गदर्शन करेगा। महिला शक्ति केंद्र ग्राम संगठनों के साथ समन्वय बनाकर ग्राम पंचायत विकास योजना के माध्यम से महिलाओं से संबंधित आर्थिक एवं सामाजिक मुद्दों से जुड़े मुद्दों का समाधान करने का प्रयास करेगा। इस मौके पर महिला एवं बाल विकास, पंचायती राज, ग्राम विकास विभाग और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारी मौजूद थे।

■ डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने सौ महिला शक्ति केंद्रों का किया शुभारंभ
■ महिला शक्ति केंद्र के 'लोगो' और 'डैशबोर्ड' का भी उद्घाटन

## पीएम एफएमई योजना लागू करने में यूपी देश में अव्वल

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन (पीएम एफएमई) योजना लागू करने में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर पहुंच गया है। इस योजना के जरीये पर उतरने से जहां यूपी में सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को नई ऊर्जा मिली है, वहीं इस योजना से प्रदेश में बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन हो रहा है।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के मुताबिक, इस वित्तीय वर्ष (2025-26) में पीएम एफएमई योजना के तहत 7,340 प्रस्तावों की मंजूरी के साथ यूपी पहले स्थान पर है। जबकि, 7293 प्रस्तावों के साथ बिहार दूसरे और 5695 प्रस्तावों के साथ महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में योजना के स्वीकृत प्रस्तावों की संख्या सर्वाधिक रही है, जिसमें 98% का स्वीकृत रेट दर्ज किया गया है, जो राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि योजना की प्रगति पर नजर डालें तो यूपी में विभिन्न बैंकों द्वारा 2000 करोड़ रुपये से अधिक का टर्म लोन स्वीकृत किया जा चुका है, जो उद्योग स्थापन के प्रति बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। योजना के तहत औसत स्वीकृति समय 100 दिन, औसत टर्म लोन 10 लाख रुपये और औसत अनुदान राशि चार लाख रुपये प्रति इकाई स्वीकृत है, जो देश में सर्वोत्तम है। डिप्टी सीएम के मुताबिक, उद्योग स्थापना को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक जिले में जिला रिसोर्स पर्सन (डीआरपी) की तैनाती मुख्य विकास अधिकारियों द्वारा की गई है। प्रत्येक इकाई की स्थापना में सहयोग के लिए डीआरपी को 20 हजार रुपये की प्रोत्साहन धनराशि दी जाती है, जिससे उद्यमियों को सहजता मार्गदर्शन मिल रहा है।

# ODOP से माटीकला उत्पादों को मिल रही राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय पहचान: सचान

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : मिट्टी के बर्तन बनाने वाले शिल्पकारों को सरकारी योजनाओं का समय से लाभ मिल सके, इसके लिए सोमवार को उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड की तरफ से अधिकारियों को प्रशिक्षण और राज्य सतीय पुरस्कार का वितरण किया गया। इस मौके पर खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि 'लोकल फॉर वोकल' और 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' जैसी पहलें माटीकला उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान दिला रही हैं।

कार्यशाला में प्रदेश के 75 जिलों से आए अधिकारियों एवं प्रशिक्षण केंद्रों के प्राचार्यों को माटीकला बोर्ड की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, ऑनलाइन आवेदन, ऋण स्वीकृति तथा अनुदान वितरण की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही 'माटीकला मोबाइल ऐप' के उपयोग की जानकारी दी गई।

■ अधिकारियों को दी गई ट्रेनिंग, राज्य स्तरीय माटीकला पुरस्कार भी दिए गए

### इन्हें किया गया सम्मानित

समारोह में राज्य सतीय माटीकला पुरस्कार प्रदान किए गए, जिसमें आजमगढ़ के भगवु प्रजापति को प्रथम, गोरखपुर के श्यामनाथ प्रजापति को द्वितीय और वाराणसी के अमित कुमार प्रजापति को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट कार्य के लिए गाजीपुर की जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अमिता श्रीवास्तव और बरेली के जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता को भी सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही लखनऊ के तीन माटीकला कारीगरों को आधुनिक प्रशिक्षण के बाद निशुल्क विद्युत चाक वितरित किए गए। इस दौरान विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर, विशेष सचिव शिशिर समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

## एक ही मोबाइल नंबर पर दर्ज मिली 59 बोगस फर्म

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : 100 करोड़ से ज्यादा के जीएसटी फर्जीवाड़े में पुणे से गिरफ्तार केशवानी अब्बास हुसैन रमजान अली के खिलाफ पड़ताल में एक और बड़ा खुलासा हुआ है। केशवानी ने एक ही मोबाइल नंबर पर 59 बोगस फर्मों का रजिस्ट्रेशन करवा रखा था। इनमें से करीब 25 फर्में अकेले यूपी के लखनऊ समेत अन्य जिलों के पतों पर रजिस्टर्ड थीं। आशंका है कि इन फर्मों के जरिए 500 करोड़ से भी ज्यादा का फर्जीवाड़ा किया गया। आश्चर्य की बात है कि एक राज्य कर अधिकारियों ने एक ही मोबाइल नंबर पर दर्ज इन फर्मों की पड़ताल ही नहीं की। अब एसटीएफ इस बात की भी पड़ताल कर रही है कि राज्य कर विभाग के अधिकारी भी इस फर्जीवाड़े में शामिल थे।

एसटीएफ के मुताबिक केशवानी मूलरूप से गुजरात के भावनगर का रहने वाला है। एमबीए करने के बाद वह भावनगर से सैकड़ों किलोमीटर दूर पुणे से रहकर अपना गैंग संचालित कर रहा था। एसटीएफ की शुरुआती जांच में खुलासा हुआ था कि हिंदन नगर के पते पर दर्ज आराध्या इंटरप्राइजेज फर्म के जरिये केशवानी ने अपने साथी रईस और मुंतजिर के साथ मिलकर 100 करोड़ की जीएसटी चोरी की, लेकिन जब आराध्या इंटरप्राइजेज से जुड़ी डिटेल्स खंगाली गईं तो खुलासा हुआ कि लखनऊ में दर्ज चार फर्मों के अलावा 50 से ज्यादा और बोगस फर्में एक ही मोबाइल नंबर पर दर्ज हैं। फर्मों से जुड़े ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर व अन्य क्रेडेंशियल सभी का कंट्रोल केशवानी के पास ही था। 59 बोगस फर्में यूपी के अलावा दिल्ली, गुजरात, मुंबई, कर्नाटक व अन्य राज्यों के पते पर हैं। लेकिन इनमें सबसे ज्यादा संख्या यूपी में दर्ज फर्मों की है।

**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0/यां0 विंग), उ.प्र. जल निगम (नगरीय), आर-16, नेहरू इन्क्लेव गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)**

पत्रांक: 403/6901/विविध -3/(26)/59
दिनांक : 23.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) की ओर से नगर पंचायत फतेहपुर जनपद-बाराबंकी सीमान्तर्गत स्थित जलकल परिसर नलकूप का कन्डेसर व ओ0पी0 यूनिट से विकास एवं सम्बन्ध कार्य हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 24.03.2026 से 30.03.2026 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, (विद्युत/यांत्रिक विंग) उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), आर-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, वि0/यां0 विंग-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 1000.00 + 18% जी.एस.टी. (1000.00+180.00 = 1180.00) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट WWW.UPJN.ORG से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**निविदा सूचना:-**
**निविदा विक्रय की तिथि** - 24.03.2026 से 30.03.2026 अपराह्न 03:00 बजे तक
**निविदा डालने की तिथि** - 01.04.2026 अपराह्न 03:00 बजे तक।
**निविदा खोलने की तिथि** - 02.04.2026 पूर्वाह्न 11:00 बजे

**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उ.प्र. जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)**

पत्रांक: 520/कार्य-9/(26)/236
दिनांक 23.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उ0प्र0 जल निगम की ओर से Supply, Installation, Testing and Commissioning of E/M Equipment for QWS के कार्य हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 24.03.2026 से 30.03.2026 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, (वि0/यां0 विंग) उत्तर प्रदेश जल निगम, फ्लैट नं0 आर0-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 1000.00+18% जी.एस.टी. (1000.00 + 180.00 = 1180.00) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट http://jn.upsdc.gov.in से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**निविदा सूचना:-**
**निविदा विक्रय की तिथि** - 24.03.2026 से 30.03.2026 अपराह्न 02:00 बजे।
**निविदा डालने की तिथि** - 01.04.2026 अपराह्न 12:00 बजे।
**निविदा खोलने की तिथि** - 01.04.2026 अपराह्न 02:00 बजे।

**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उ.प्र. जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)**

पत्रांक: 521/कार्य-9/(26)/237
दिनांक 23.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उ0प्र0 जल निगम की ओर से Miscellaneous E/M Work for Cantonment board Lucknow कार्यों हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 24.03.2026 से 30.03.2026 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, (वि0/यां0 विंग) उत्तर प्रदेश जल निगम, फ्लैट नं0 आर0-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 1000.00+18% जी.एस.टी. (1000.00 + 180.00 = 1180.00) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट http://jn.upsdc.gov.in से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**निविदा सूचना:-**
**निविदा विक्रय की तिथि** - 24.03.2026 से 30.03.2026 अपराह्न 12:00 बजे।
**निविदा डालने की तिथि** - 01.04.2026 अपराह्न 02:00 बजे।
**निविदा खोलने की तिथि** - 01.04.2026 अपराह्न 04:30 बजे।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 24-03-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLBP User: cci Time: 03-24-2026 00:05 Color:



**NBT AI टाइम मशीन**

## आज विश्व टीबी दिवस

आज के दिन हर साल विश्व टीबी दिवस मनाया जाता है। यह वैश्विक स्तर पर वैज्ञानिक यानी टीबी के खिलाफ जागरूकता फैलाने और उपचार और रोकथाम के महत्व को समझने के लिए समर्पित है। टीबी मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करती है। जब कोई मरीज खांसता, छींकता या बात करता है, तो उसमें मौजूद माइकोब्ज हवा में फैल जाते हैं, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा होता है।

NBT

Front Page-2

कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रकाशित)। मंगलवार, 24 मार्च 2026 > पेज 10

## भविष्य में वैक्सीन से मिलेगी सुरक्षा

ChatGPT के मुताबिक, भविष्य में टीबी एक दुर्लभ और नियंत्रित बीमारी बन सकती है, कई देशों में इसका उन्मूलन भी संभव है। इलाज तेज और प्रभावी होगा, जो 1-2 हफ्तों में पूरा हो सकेगा। नई तकनीकों से दवा के साइड इफेक्ट लगभग खत्म हो जाएंगे और ड्रग-रेजिस्टेंट टीबी भी आसानी से ठीक होगी। जांच घर पर ही संभव होगी। एक प्रभावी वैक्सीन जीवनभर सुरक्षा दे सकती है। नैनो मेडिसिन से हर मरीज के लायक अलग-अलग दवाब बन सकेगी।

AI Images

## फटाफट खबरें

### किम के हाथों में फिर नॉर्थ कोरिया की कमान

■ आईएएनएस, सोल : उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन फिर से राज्य मामलों के आयोग के अध्यक्ष चुने गए हैं। रविवार को हुए सुप्रीम पीपल्स असेंबली के पहले सत्र में किम को आयोग के सबसे ऊंचे पद पर फिर से नियुक्त किया गया।

### दिल्ली ब्लास्ट: NIA ने कश्मीर में मारे छापे

■ भाषा, नई दिल्ली/श्रीनगर : पिछले साल लाल किले के पास कार में हुए बम धमाके के मामले में एनआईए ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर में नौ स्थानों पर छापेमारी की। इनमें कुपवाड़ा जिले का हंदवाड़ा इलाका, बारामुला जिले का रफीयाबाद और कुलगाम सहित श्रीनगर जिले के क्षेत्र शामिल हैं।

### दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय 7.92% तक बढ़ी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली विधानसभा में सोमवार को पेश 'दिल्ली का आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26' के अनुसार, दिल्ली में बढ़ते विकास दर के बीच वित्त वर्ष 2025-26 में प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 5,31,610 रुपये होने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 7.92% अधिक है।

### मल्टी-विटामिन समेत 90 दवाओं पर सख्ती

■ NBT रिपोर्ट: भारत के दवा नियामक DCGI ने बिना मंजूरी वाली फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन (FDC) दवाओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। पिछले साल के लैब टेस्ट डेटा के विश्लेषण में खराब बिटीए, मल्टी-विटामिन समेत 90 दवाएं मिलीं, जो बिना केंद्रीय अनुमति के बेची जा रही थीं।

### असम से पाक जासूस गिरफ्तार

■ आईएएनएस, डिब्रूगढ़: असम के जयसेना अड्डे पर तैनात एक कर्मचारी सुमित कुमार (36) को पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वह यूपी के प्रयागराज स्थित लाहरपार का निवासी है और एमटीएस के पद पर कार्यरत है।

## पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच ऊर्जा बचाने के लिए उठाए गए कड़े कदम

# कई देशों में घर से पढ़ाई-काम, फैक्ट्रियां बंद, तेल की लिमिट...ऑड-ईवन लागू

■ NBT रिपोर्ट

**पश्चिम एशिया** में बढ़ते तनाव ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों में संकट पैदा कर दिया है। ऐसे में दुनियाभर के देशों को ईंधन बचाने, जरूरी क्षेत्रों को प्राथमिकता देने और अपनी आबादी के लिए लगातार ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाने पड़े हैं। एशिया से लेकर अफ्रीका और यूरोप तक, सरकारों ने ईंधन के सीमित भंडार को लंबे समय तक चलाने के लिए कई असाधारण कदम उठाए हैं। इनमें अतिरिक्त सार्वजनिक छुट्टियां, घर से काम करने के आदेश, ईंधन की राशनिंग और औद्योगिक इकाइयों को बंद करना शामिल है। कहां क्या कदम उठाए गए आइए जानते हैं....




AI Image

**श्रीलंका**
■ बुधवार को स्कूलों, विश्वविद्यालयों और गैरजरूरी सरकारी कर्मचारियों के लिए अनिवार्य सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया।
■ राष्ट्रीय ईंधन पास (QR-आधारित) को फिर शुरू किया गया। निजी वाहनों के लिए 15 लीटर/सप्ताह और सार्वजनिक परिवहन के लिए 200 लीटर की सीमा तय की गई।

**बांग्लादेश**
■ बिजली खपत कम करने के लिए सभी विश्वविद्यालय, विदेशी पाठ्यक्रम वाले स्कूल और कोचिंग सेंटर बंद कर दिए गए और ऑनलाइन कक्षाएं शुरू की गईं।
■ 8 मार्च से ईंधन की राशनिंग शुरू की गई।
■ घरों के लिए 5 घंटे की बारी-बारी से बिजली कटौती, कपड़ों के निर्यात क्षेत्र को बिजली देने को प्राथमिकता।

**पाकिस्तान**
■ सरकारी कर्मचारियों के लिए चार-दिवसीय कार्यसप्ताह और 50% घर से काम कर रहे हैं।
■ स्कूल और कॉलेज दो सप्ताह के लिए बंद कर दिए गए।
■ सरकारी विभागों को मिलने वाले ईंधन के कोटे में 50% की कटौती की गई।
■ गैरजरूरी सरकारी वाहनों को सड़कों से हटा लिया गया।

**न्यूजीलैंड**
■ सरकार 1979 के दौर की 'कार-लेस डे' नीति फिर लागू करने पर विचार कर रही है। लोग हफ्ते में एक दिन गाड़ी नहीं चलाएंगे।
■ ईंधन के स्टॉक की निगरानी के लिए 'एम्बर अलर्ट' प्रोटोकॉल सक्रिय कर दिए गए हैं। इसके तहत, आरक्षित भंडारों से 1.57 मिलियन बैरल ईंधन जारी किया गया है।
■ जेट ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी से 'एयर न्यूजीलैंड' की 1,100 उड़ानें रद्द कर दी गईं।

**भूटान**
■ जमाखोरी को रोकने के लिए नेपी कैन में ईंधन बेचने पर प्रतिबंध लगा दिया गया।
■ घर से काम करने की व्यवस्था (वर्क-फ्रॉम-होम प्रोत्साहन) को सक्रिय किया गया।
■ आपातकालीन सेवाओं के लिए ईंधन की राशनिंग में प्राथमिकता दी।

**फिलीपींस**
■ सरकारी कर्मचारियों के लिए चार-दिवसीय कार्यसप्ताह लागू किया गया।
■ निजी क्षेत्र को भी घर से काम करने की व्यवस्था अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।
■ सार्वजनिक क्षेत्र में गैरजरूरी यात्राओं पर प्रतिबंध लगा दिया गया।

**म्यांमार :** निजी वाहनों के उपयोग को रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर बारी-बारी से ऑड-ईवन दिनों तक सीमित कर दिया गया। ईंधन की भारी कमी के कारण पेट्रोल पंपों को बंद करना पड़ रहा है।

**वियतनाम :** व्यवसायों से घर से काम करने की व्यवस्था लागू करने का आग्रह किया गया। सार्वजनिक परिवहन, साइकल चलाने और कारपूलिंग को बढ़ावा दिया गया।

**कंबोडिया :** देश के 6,300 पेट्रोल स्टेशनों में से लगभग एक-तिहाई मार्च के मध्य तक बंद हो गए थे। क्योंकि, ईंधन की कीमतों पर संघर्ष के असर को लेकर अनिश्चितता बनी हुई थी।

**मिस्र :** ■ 28 मार्च से मॉल, रेस्टोरेंट और रिटेल स्टोर रात 9 बजे तक बंद हो जाएंगे। सरकारी इमारतें शाम 6 बजे तक बंद हो जाएंगी।
■ बिजली की खपत कम करने के लिए रोशन बिलबोर्ड (होर्डिंग) बंद कर दिए गए हैं।

**दक्षिण अफ्रीका**
■ ग्रीनिज और पेट्रोलियम संसाधन विभाग ने उद्योग स्तर पर 'नियंत्रित आवंटन उपाय' लागू किए हैं। इसका उद्देश्य ईंधन का उचित वितरण सुनिश्चित करना और घबराहट में की जाने वाली खरीदारी (panic-buying) को रोकना है।

**केन्या:** ■ ईंधन की राशनिंग और इसके निर्यात पर प्रभावी प्रतिबंध लगाया गया। संस्था ने चेतावनी दी है कि इन पाबंदियों के बावजूद, मौजूदा स्टॉक केवल अप्रैल तक ही चल पाएगा।

**लाओस**
■ सरकारी कर्मचारियों के लिए 'घर से काम' अनिवार्य।
■ रिमोट मीटिंग्स और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा, बारी-बारी से काम करने की व्यवस्था (शिफ्ट) शुरू।

## सरकार बोली

### 10 किलो के LPG सिलिंडर लाने की बात अफवाह है

संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सरकार ने मीडिया के एक हिस्से में आई उन रिपोर्ट्स को सोमवार को अफवाह करार दिया, जिनमें कहा जा रहा था कि 14.2 किलोग्राम के घरेलू LPG सिलिंडर में अब 10 किलो गैस भरकर सप्लाई होगी। सरकार ने कहा कि LPG की सप्लाई 'चिंता का विषय बनी हुई है', लेकिन किसी भी डिस्ट्रिब्यूटर के पास सिलिंडर खत्म नहीं हुआ है। शिपिंग मिनिस्ट्री में सचिव सेक्रेटरी रानेश कुमार सिन्हा ने कहा कि होर्मुज नलडमकमध्य से दो जहाज चल पड़े हैं, जिनमें करीब 92000 टन LPG है। देश में रोजाना की औसत LPG खपत के हिसाब से यह लगभग एक दिन के लिए पर्याप्त होगी। तेल और गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि पैनिक बुकिंग घटी है। डिलिवरी सामान्य है।

**होर्मुज स्ट्रेट से भारत के दो और जहाज LPG लेकर निकले**

**3 हफ्तों में साढ़े 3 लाख PNG कनेक्शन दिए गए**

सुजाता ने कहा कि 3 हफ्तों में साढ़े 3 लाख डोमेस्टिक और कमर्शल PNG कनेक्शन दिए गए हैं। राज्यों को PNG नेटवर्क बढ़ाने में सहयोग करने पर इंसेंटिव की घोषणा हुई है। उन्हें 10% अतिरिक्त कमर्शल LPG आवंटन के लिए कहा गया है। कमर्शल LPG का आवंटन 50% पहुंच गया है।

## 'अंबानी की कंपनियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच करे CBI, ED'

■ भाषा, नई दिल्ली: उच्चतम न्यायालय ने अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीएजी) और उसकी कंपनियों से जुड़े कथित बैंकिंग धोखाधड़ी मामले की जांच में सीबीआई और ईडी द्वारा दिखाई गई 'अनिच्छा' पर सोमवार को नाराजगी व्यक्त की और उन्हें इस मामले में 'निष्पक्ष, तटस्थ, पारदर्शी और समयबद्ध' जांच करने का निर्देश दिया।

'अनिच्छा' पर नाराजगी व्यक्त की सुप्रीम कोर्ट ने

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने CBI और ED की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों पर गौर किया और सभी संबंधित वित्तीय संस्थानों को 'ईडी को पूर्ण सहयोग प्रदान करने' का निर्देश दिया।

## दबाव में मेडिकल इंडस्ट्री, जांच केंद्रों की चिंता बढ़ी

Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

AI Image

■ नई दिल्ली : पश्चिम एशिया तनाव का असर हेल्थकेयर सेक्टर पर भी दिख सकता है। MRI मशीनों को ठंडा रखने के लिए इस्तेमाल होने वाली गैस हीलियम की सप्लाई पर दबाव बढ़ रहा है। भारत जरूरत का बड़ा हिस्सा कतर से आयात करता है। सप्लाई चेन में बाधा से अस्पतालों और डायग्नोस्टिक सेंटरों की चिंता बढ़ गई है।

विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में हीलियम का स्टॉक सीमित है और वैश्विक लॉजिस्टिक्स में अभिरुचा के चलते नई एमआरआई मशीनों की इंस्टॉलेशन में देरी हो सकती है। फिक्की के मेटर और महानन इमेजिंग एंड लैब्स के संस्थापक डॉ. हर्ष महानन के मुताबिक नई मशीनों को इंस्टॉल करने के लिए 1500 लीटर लिक्विड हीलियम की जरूरत होती है।

**संकट लंबा चला तो असर तय**

सप्लाई प्रभावित होने से इंस्टॉलेशन में देरी और लागत बढ़ने की आशंका है। वैसे पहले से चल रही MRI मशीनों पर बड़ा खतरा नहीं है। एक अन्य विशेषज्ञ के अनुसार देश में बड़ी सरप्लस में अस्पताल पारंपरिक हीलियम-आधारित तकनीक पर निर्भर हैं। संकट लंबा खिंचता है, तो असर हो सकता है।

## जज ने UAPA के अधिक इस्तेमाल पर जताई चिंता

■ पीटीआई, नई दिल्ली/योगकुरु: सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां ने कहा है कि अल्पमति को अपराध घोषित करने, आतंकवादरोधी कानून यूएपीए के तहत अभियुक्त गिरफ्तारियों और 'गहरी सामाजिक दरारों' से 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता है।

रविवार को बेंगलुरु में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन में न्यायमूर्ति भुइयां ने उच्च न्यायपालिका में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व पर अफसोस जताया। उन्होंने इसकी तुलना देशभर में जिला न्यायपालिका में न्यायिक अधिकारियों के पदों पर 50 प्रतिशत से अधिक महिलाओं की नियुक्ति से की।

## राज्यसभा में उठाए गए VIP कल्चर से लेकर स्कूलों की मनमानी फीस के मुद्दे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**राज्यसभा** में सोमवार को विभिन्न दलों के सांसदों ने अलग-अलग मुद्दे उठाए। इस दौरान शहरों-गांवों में भूजल के गिरते स्तर, वीआईपी कल्चर, ऑर्गेनिक के नाम पर नकली उत्पादों की बिक्री, स्कूलों में मनमानी फीस जैसे मुद्दे अहम रहे।

**वीआईपी सांसद ने घटते भूजल स्तर पर जताई चिंता :** राज्यसभा में बीजेपी सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने देश में घटते भूजल स्तर पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि भूजल दोहन से बड़े शहरों में पानी की समस्या विकराल रूप ले सकती है। टैंकर माफिया इसका फायदा उठा रहे हैं। वर्षा जल संचयन अनिवार्य होना चाहिए।

**उदय चरण ने कहा, VIP कल्चर से आम लोग परेशान :** SP सांसद नवा अमिताभ बच्चन ने वीआईपी कल्चर पर सवाल उठाते हुए कहा कि दिल्ली में जगह-जगह लगने वाले बैरिकेड्स के कारण सड़कें ब्लॉक कर दी जाती हैं, ट्रैफिक डायवर्जन हो जाता है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है।

**राव खोले-नकली ऑर्गेनिक उत्पादों की हो रही बिक्री :** बाजार में नकली ऑर्गेनिक उत्पादों की बिक्री का जिक्र करते हुए सांसद मधव राव गोपछड़े ने कहा कि ऐसे उत्पाद स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक हैं। आजकल हर व्यक्ति ऑर्गेनिक उत्पादों को जानता है, यह सोचकर खरीदता है कि यह सेहत के लिये अच्छा होगा। लेकिन ऑर्गेनिक उत्पादों के नाम पर नकली उत्पाद की बिक्री होती है और इस प्रैक्टिस पर रोक लगनी चाहिए।

### 'मनमानी फीस बढ़ोतरी से पैरेंट्स हो रहे परेशान'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : राज्यसभा में भी स्कूलों की मनमानी फीस बढ़ोतरी पर रोक लगाने की मांग उठाई गई है। कांग्रेस सांसद रजनी पाटिल ने चिंता जताते हुए कहा कि अभिभावक बहुत परेशान हैं, क्योंकि ट्यूशन फीस में बढ़ोतरी के साथ-साथ दूसरी तरह के शुल्क भी जमा करने पड़ते हैं। प्राइवेट स्कूलों में फीस बढ़ोतरी को लेकर पारदर्शी नियमों को लागू करने की जरूरत है।

■ UPSC ने अभ्यर्थी आंसू-की के लिए तैयार किए दिशानिर्देश : राज्यसभा में सरकार ने बताया कि UPSC ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा आयोजित करने के बाद अपनी वेबसाइट पर अभ्यर्थी आंसर-की जारी करने के लिए दिशानिर्देश तैयार कर लिए हैं। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि ये दिशानिर्देश सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के तहत तैयार किए गए हैं। यह प्रक्रिया 2026 की सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा से लागू होगी।

## अब फोटो छपवाने का मौका भी

**खबरों का ज्ञान**

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. किस जोग उत्तर कोरिया के राज्य मामलों के आयोग अध्यक्ष बने। यह उनका कौन सा कार्यकाल है?
A. दूसरा B. पहला C. तीसरा

2. 18वें ब्रिक्स+ समिट का आयोजन कहां होने जा रहा है?
A. रूस B. भारत C. ब्राजील

3. न्यूयॉर्क प्लेन हादसे में पायलट और कोपायलट की मौत हो गई। प्लेन किस देश का था?
A. कनाडा B. अमेरिका C. भारत

4. 2025-26 में दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय बढ़कर कितनी हुई?
A. 8,55,110 B. 6,55,888 C. 5,31,610

5. महिला आरक्षण बिल पास होने के बाद संसद, विधानसभाओं में महिलाओं के लिए कितनी सीटें आरक्षित होंगी?
A. 22% B. 33% C. 30%

**कल के जवाब**
Q1 C. फुनाम सोमथोंग Q2 A. पंचा चामलिंग Q3 B.R.L.D Q4 C. एलिजाबेथ सिटी स्टेट यूनिवर्सिटी Q5 C. 50%

**लकी विनर्स**

1. मुकुंद लाल, उत्तम नगर, दिल्ली
2. रिद्धिष्का अग्रवाल, दिल्ली
3. संगीता पुरिया, लखनऊ

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही दिये है।

## भारत-चीन पर सबसे भारी पड़ी ट्रंप की सख्त वीजा नीति

AI Image

■ पीटीआई, वॉशिंगटन : ट्रंप प्रशासन की सख्त इमिग्रेशन नीति का सबसे ज्यादा असर भारत और चीन पर पड़ा है। रिपोर्ट के अनुसार, 2025 के पहले 8 महीनों में, 2024 की इसी अवधि की तुलना में 2.5 लाख कम वीजा जारी हुए। स्टेट डिपार्टमेंट के डेटा के अनुसार, जनवरी से अगस्त 2025 तक, पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 11 प्रतिशत कम स्थायी निवासी और अस्थायी वीजा मंजूर हुए।

**2.5** लाख कम वीजा जारी किए गए 2025 के पहले आठ महीनों में 2024 की इसी अवधि की तुलना में

**छात्र वीजा सबसे कम**

**3.44** लाख से ज्यादा छात्र वीजा जनवरी से अगस्त 2024 तक जारी हुए

**2.38** लाख के आसपास रह गई 2025 की इसी अवधि में यह संख्या

**जीवनसाथी : संख्या आधी**

| 2024 के पहले आठ महीनों में | 2025 के इसी अवधि में |
|---|---|
| 37,229 वीजा | 18,894 पहुंचीं |

44,000 से ज्यादा की गिरावट आई पारिवारिक प्राथमिकता वीजा में (नोट : अकड़े भारत और चीन दोनों के मिलाकर है)।

**ट्रंप हमारे देश में बिना जांच विदेशी नागरिकों के बड़े पैमाने पर प्रवासन की अनुमति देने के लिए अमेरिकी लोगों की सुरक्षा से समझौता नहीं करेंगे। -टॉमी पिगॉट, विदेश विभाग के प्रवक्ता**

## 'अरे यह छिपकली नहीं, शिमला मिर्च है...'और वो खा गया

■ NBT रिपोर्ट : मध्य प्रदेश की राजीव गांधी टेक्निकल यूनिवर्सिटी के छात्रों ने आरोप लगाया कि उन्हें यूनिवर्सिटी कैंटीन के खाने में छिपकली मिली। लेकिन, कैंटीन के कर्मचारी ने उसे शिमला मिर्च का टुकड़ा बताकर खा लिया। TOI के अनुसार, इसका विडियो वायरल हो गया है। इसके बाद जांच समिति बनाई गई है। घटना 18 मार्च की है।

**मध्यप्रदेश के एक डिग्री की कैंटीन का विडियो वायरल**

## जेईई अडवांस्ड 17 मई को, पहले जैसा ही रहेगा परीक्षा का पैटर्न

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : JEE Advanced 2026 का परीक्षा पैटर्न पहले जैसा ही रहेगा। कार्यों समय से इसमें बदलाव के कयास लगाए जा रहे थे। लेकिन परीक्षा की जिम्मेदारी संभाल रही आईआईटी रुड़की ने कहा है कि इसका पैटर्न पिछली परीक्षाओं जैसा ही रहेगा। IIT कॉउंसिल की पिछली बैठक में पैटर्न में बदलाव पर चर्चा हुई थी और जेईई एडवांस्ड को एंडेप्टिव पैटर्न पर आधारित करने का सुझाव दिया गया है। जेईई-मेन रिजल्ट के आधार पर 2.5 लाख कैंडिडेट्स इसमें बैठेंगे।

**JEE मेन: दूसरे सत्र के एग्जाम की तारीख आई**

जेईई मेन दूसरे सेशन की परीक्षा के लिए एग्जाम सिटी स्लिप जारी कर दी गई है। जेईई और बीटेक पेपर-1 2, 4, 5, 6 और 8 अप्रैल को होगा। पेपर-2 बीआर्क और बी प्लानिंग की परीक्षा 7 अप्रैल को होगी।

**सदन से** वित्त मंत्री के सुझाव पर ध्वनिमत से लिया गया फैसला

## कॉरपोरेट लॉ बिल JPC को, नियम आसान बनाने पर ज़ोर

■ पीटीआई, नई दिल्ली: केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में कॉर्पोरेट लॉ (संशोधन) विधेयक, 2026 पेश किया। लोकसभा ने बिल को जॉइंट पार्लियामेंट्री कमिटी (JPC) के पास भेज दिया है। यह फैसला वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के सुझाव पर वॉयस वोट से लिया गया। अब JPC इस बिल की विस्तार से जांच कर अपनी सिफारिशें देगी।

**बिल में क्या है?** बिल का मकसद कंपनियों के लिए नियम आसान करना है। इसके तहत कंपनीज एक्ट और LLP (Limited Liability Partnership) एक्ट में बदलाव किए जाएंगे। छोटे-मोटे उल्लंघन को अपराधमुक्त न मानते हुए सिर्फ जुर्माने में बदला जाएगा। यानी कंपनियों पर केस कम होंगे और कामकाज आसान होगा।

**क्या बदल जाएगा?** इससे स्टार्टअप, छोटी कंपनियों और 'वन पर्सन कंपनी' को राहत मिलेगी। कंप्लायंस वाले नियमों का पालन आसान होगा, पेनाल्टी सिस्टम सरल और बिजनेस करना आसान बनेगा।

**विपक्ष ने किया विरोध :** विपक्ष का कहना है कि इस बिल से कंपनियों की CSR खर्च से जुड़े नियम कमजोर हो सकते हैं।

**लोकसभा में फाइनैंस बिल 2026 पेश**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में फाइनैंस बिल 2026 पेश किया, जो 2026-27 के बजट प्रस्तावों को कानूनी रूप देगा। इसमें इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार, स्किलिंग और निजी निवेश बढ़ाने पर जोर है। MSME, कृषि, मैन्युफैक्चरिंग और ग्रीन एनर्जी को सपोर्ट मिलेगा। टैक्स नियम आसान किए जाएंगे, टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव बोले

## 'ब्रिक्स समिट के लिए देते रहेंगे भारत को समर्थन'

रूस और भारत के बीच 96% व्यापार लोकल करेंसी में होता है। -विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**रूसी विदेश** मंत्री सर्गेई लावरोव ने सोमवार को कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी इस साल रूस की यात्रा कर सकते हैं। एक विडियो संदेश में उन्होंने कहा कि इस साल भारत की अध्यक्षता में होने वाली ब्रिक्स समिट को लेकर रूस समर्थन देता रहेगा। लावरोव ने भारत की स्वतंत्र और रणनीतिक स्वायत्ता वाली विदेश नीति के प्रति सम्मान भी जाहिर किया। उन्होंने कहा कि रूस और भारत के बीच विदेश नीति को लेकर काफी समन्वय मुद्दों पर रणनीतिक अस्थिरता के माहौल में अहम है। इस स्थिति में यूएस और इजराइल की ओर से शुरू किया गया सैन्य-राजनीतिक संकट भी शामिल है।

**'रूस के साथ काम करने को उत्सुक'**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि रूस और भारत के द्विपक्षीय रिश्तों ने क्षेत्रीय और वैश्विक शांति और प्रगति को दिशा दी है। दोनों देश 68.7 बिलियन डॉलर के मौजूदा द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक 100 बिलियन डॉलर पहुंचाने को प्रतिबद्ध हैं। जयशंकर ने कहा कि रूस और भारत के बीच आपसी साझेदारी है। भारत की अध्यक्षता में दिल्ली में हो रहे 18वें ब्रिक्स+ ब्रिक्स समिट को लेकर कहा कि हम रूस के साथ नजदीकी स्तर पर काम करने को उत्सुक हैं।

एस जयशंकर

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 24-03-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLJKT2 User: cci Time: 03-24-2026 00:27 Color:

पश्चिम एशिया संकट पर प्रधानमंत्री ने लोकसभा में कहा - जंग ने अप्रत्याशित चुनौतियां खड़ी कीं, हालात का फायदा लेने वाले झूठ फैलाएंगे, सावधान रहना

# पीएम ने दिया भरोसा, तेल-गैस सप्लाई बनाए रखने की कोशिशें

**जंग के बाद से होर्मुज में जहाजों का आना-जाना बहुत चुनौतीपूर्ण हो गया है। बावजूद इसके सरकार का प्रयास रहा है कि पेट्रोल, डीजल और गैस की सप्लाई बहुत ज्यादा प्रभावित न हो।**

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने पश्चिम एशिया में युद्ध से बने हालात पर लोकसभा में सोमवार को तेल-गैस से लेकर उर्वरकों तक की सप्लाई के बारे में देश को आश्वस्त किया। मोदी ने कहा कि सरकार प्रयास कर रही है कि आपूर्ति पर ज्यादा असर न पड़े। पीएम ने कहा, 'भारत में बड़ी मात्रा में कच्चा तेल, गैस और फर्टिलाइजर जैसी अनेक जरूरी चीजें होर्मुज के रास्ते से आती हैं। युद्ध के बाद से होर्मुज से जहाजों का आना-जाना बहुत चुनौतीपूर्ण हो गया है। बावजूद इसके सरकार का प्रयास रहा है कि पेट्रोल, डीजल और गैस की सप्लाई बहुत ज्यादा प्रभावित न हो।...देश जरूरत का 60% LPG आयात करता है। इसकी सप्लाई में अनिश्चितता के कारण सरकार ने एलपीजी के घरेलू उपयोग को प्राथमिकता दी है। साथ ही, एलपीजी के देश में उत्पादन को भी बढ़ाया जा रहा है। पेट्रोल-डीजल की सप्लाई पूरे देश में सुचारू रूप से होती रहे, इस पर भी लगातार काम किया गया है। पहले क्रूड ऑयल, LNG, LPG के लिए 25 देशों से इंपोर्ट किया जाता था, वहीं आज भारत 41 देशों से एनर्जी इंपोर्ट करता है।'

> 'पहले क्रूड, LNG, LPG 25 देशों से इंपोर्ट होता था, आज 41 देशों से होता है'

पीएम ने कहा, आज भारत के पास 53 लाख टन से अधिक का रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व है और 65 लाख टन से अधिक के रिजर्व की व्यवस्था पर देश काम कर रहा है। तेल कंपनियों के पास जो रिजर्व है, वह अलग है। सरकार तमाम देशों के सम्पर्क में है। सरकार खाड़ी और आसपास के शिपिंग रूट्स पर भी लगातार नजर बनाए है। हमारा प्रयास है कि तेल, गैस, फर्टिलाइजर जैसे हर जरूरी सामान से जुड़े जहाज भारत तक सुरक्षित पहुंचें। हम अपने वैश्विक सहयोगियों से निरंतर संवाद कर रहे हैं। ऐसे प्रयासों से बीते दिनों होर्मुज में फंसे कई जहाज भारत आए हैं।'

पीएम ने कहा कि भारत के पास पर्याप्त अन्नान है। मैं देश के किसानों को विश्वास दिलाता हूं कि सरकार किसानों की हरसंभव मदद करती रहेगी। पीएम ने कहा, युद्ध का बहुत बड़ा चैलेंज यह भी है कि भारत में गर्मी का मौसम शुरू हो रहा है। आने वाले समय में बढ़ती गर्मी के साथ बिजली डिमांड बढ़ेगी। फिलहाल देश के सभी पावर प्लांट्स में कोयले का पर्याप्त भंडार है।

## 'कानून-व्यवस्था से जुड़ी एजेंसियां अलर्ट मोड में'

पश्चिम एशिया में हालात के बीच आंतरिक सुरक्षा को अहम बताते हुए पीएम ने कहा कि जब ऐसे संकट आते हैं, तो कुछ तत्व इसका गलत फायदा उठाने की कोशिश भी करते हैं। इसलिए कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने वाली सभी एजेंसियों को अलर्ट पर रखा गया है। कोस्टल, बॉर्डर, साइबर सिक्योरिटी हो, स्ट्रैटेजिक इंस्टॉलेशंस हो, सब की सुरक्षा को और मजबूत किया जा रहा है।

## 'जहाजों में रुकावट और हमले अस्वीकार्य है'

पीएम ने कहा, 'भारत ने नागरिकों, एनर्जी और ट्रांसपोर्ट से जुड़े इन्फ्रा पर हमलों का विरोध किया है। कमर्शल जहाजों पर हमला और होर्मुज स्ट्रेट जैसे अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग में रुकावट अस्वीकार्य है। भारत डिप्लोमेसी के जरिए युद्ध के माहौल में भी भारतीय जहाजों के सुरक्षित आवागमन के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। ...बातचीत और कूटनीति ही इस समस्या का समाधान है।'

## '3.75 लाख से ज्यादा भारतीय सुरक्षित लौटे'

पीएम ने खाड़ी देशों में रहने वाले लगभग 1 करोड़ भारतीयों का जिक्र करते हुए कहा, 'जब से युद्ध शुरू हुआ है, तब से ही प्रभावित देशों में हर भारतीय को जरूरी मदद दी जा रही है। दुर्भाग्य से कुछ लोगों की मृत्यु हुई है और कुछ घायल हुए हैं। परिवारजनों को आवश्यक मदद दी जा रही है। जो घायल हैं, उनका बेहतर इलाज सुनिश्चित कराया जा रहा है। युद्ध शुरू होने के बाद से लेकर अब तक 3 लाख 75 हजार से अधिक भारतीय सुरक्षित भारत लौट चुके हैं। ईरान से ही अभी तक लगभग 1000 भारतीय सुरक्षित वापस लौटे हैं।'

# पाकिस्तान ने अमेरिका, ईरान के बीच सुलह की पेशकश की: रिपोर्ट

■ NBT रिपोर्ट

**पाकिस्तान ने** अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को खत्म कराने के लिए खुद को प्रमुख माध्यस्थ के रूप में पेश किया है। फाइनैंशल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में उच्चस्तरीय वार्ता कराने का प्रस्ताव रखा है, जिसमें ट्रंप प्रशासन और ईरान के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हो सकते हैं। मध्यस्थता में ईजिप्ट और कतर का नाम भी सुझाया गया है।

बताया गया कि पाकिस्तानी अधिकारी तेहरान और ट्रंप के करीबी सहयोगियों जैसे जारेड कुशनर और विटकॉफ के बीच बैक चैनल संपर्क बनाए हुए हैं। इसी बीच, पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने ट्रंप से बातचीत की, जबकि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन से बात की। इस बातचीत के बाद ट्रंप ने ईरान पर हमले की धमकी टाल दी और बातचीत को सकारात्मक बताया।

> इस्राइली मीडिया का दावा, होर्मुज पर ईरान और US के साझा कंट्रोल का प्रस्ताव

हालांकि, ईरान ने अमेरिका से सीधे बातचीत से इनकार किया, लेकिन सहमति किया कि कुछ क्षेत्रीय देश मध्यस्थता कर रहे हैं। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने ट्रंप पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अमेरिका से किसी तरह की बातचीत नहीं हुई है और ट्रंप के दावे पूरी तरह गलत हैं।

ट्रंप ने जब यह कहा कि ईरान बातचीत के माध्यम से नहीं मानता है और समझौता नहीं करता है, तो उस पर लगातार बमबारी होती रहेगी। ईरानी गार्ड्स (IRGC) ने ट्रंप को धोखेबाज राष्ट्रपति बताया और कहा कि ट्रंप का विरोधाभासी रवैया जंग के मैदान में ईरान का ध्यान नहीं भटका सकता और संघर्ष जारी रहेगा। इससे पहले ट्रंप ने कहा कि बातचीत ईरान के मौजूदा सुप्रीम लीडर से नहीं, बल्कि ईरान के 'वैकल्पिक नेतृत्व' के साथ हो रही है। ट्रंप ने दावा किया कि ईरान में 'रेजीम चेंज' यानी सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

## एस. जयशंकर ने रूबियो से की बात

**पीटीआई, नई दिल्ली:** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को अपने अमेरिकी समकक्ष मार्को रूबियो से फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं की बातचीत पश्चिम एशिया संघर्ष के वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले परिणामों पर केंद्रित रही। जयशंकर ने X पर एक पोस्ट में कहा, "हमारी चर्चा पश्चिम एशिया संघर्ष और अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव पर केंद्रित थी। हमने विशेष रूप से ऊर्जा सुरक्षा संबंधी चिंताओं पर बात की। संपर्क में रहने पर सहमति बनी।'

एस. जयशंकर, विदेश मंत्री

**होते रहे धमाके** इस्राइली हवाई हमलों में सोमवार को ईरानी राजधानी तेहरान के उत्तरी इलाके निशाना बने।

## क्या पांच दिन में निकलेगी राह?

कूटनीतिक हलचल ने पश्चिम एशिया के संघर्ष में समाधानों की राह जरूर खोल दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का हमलों को 5 दिन टालना और बातचीत जारी रखने का संकेत संघर्ष को थामने की दिशा में अहम माना जा रहा है। लेकिन जमीनी हकीकत यही है कि जंग खत्म नहीं हुई है। इसमें आने वाले पांच दिन बेहद अहम हैं, क्योंकि इसी दौरान तय होगा कि ईरान होर्मुज को आवाजाही के लिए पूरी तरह खोलता है या नहीं। जानकारों का कहना है कि अगर अमेरिका और इस्राइल ईरान से ठोस कदम चाहते हैं तो हमलों की भरपाई जैसे आर्थिक विकल्प सामने रखने होंगे। सवाल यही है कि क्या ये 5 दिन कुछ ठोस नतीजे देंगे।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

## एक्सपर्ट्स कमेंट

### 'ट्रंप बचने के लिए ऐसा कह रहे'

शशांक, पूर्व विदेश सचिव

अमेरिका राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि ईरान से बातचीत हुई है और पांच दिन जंग रोकने का आदेश दिया है। कहना मुश्किल है कि ट्रंप बचने के लिए ऐसा कह रहे हैं या वाकई ईरान से बातचीत चल रही है। युद्ध के वक्त इस तरह की अस्पष्ट स्थिति दिखती ही है। हालांकि हमें एनर्जी इन्फ्रा पर काम करते रहना चाहिए। कुछ वक्त का ब्रेक है। अमेरिकी और इस्राइली हमलों के बाद ईरान से जिस तरह की प्रतिक्रिया देखने को मिली है, संभव है इसके बाद अमेरिका अपनी स्थिति का आकलन करना चाहता है, लेकिन जो भी है, यह सकारात्मक खबर है। इस खबर से उम्मीद तो बंधी है, लेकिन देखने वाली बात यह है कि 5 दिन बाद क्या होता है, क्योंकि ईरानी सरकार तो दीर्घकालिक शांति की बात करती रही है।

### 'गेंद अब ईरान के पाले में है'

हर्ष पंत, अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार

**आर्थिक गतिविधियों** ने रूबरूट को देखकर अमेरिका अपनी रणनीति की समीक्षा कर रहा है। यह कहना भी ठीक नहीं कि बातचीत नहीं हो रही, दोनों देशों के बीच पैकेजेज बातचीत तो चल ही रही थी। राष्ट्रपति ट्रंप भले ही हमले रोकने की बात कर रहे हों, लेकिन सच यह है कि इस्राइल लगातार ईरान पर हमले कर रहा है। बहुत कुछ ईरान की प्रतिक्रिया पर भी निर्भर है। अगर होर्मुज पर ईरान नरमी दिखाता है, तो उससे इस 5 दिन के ब्रेक का भविष्य तय होगा। दुनिया को हो रहे आर्थिक नुकसान का दबाव ट्रंप पर है, अमेरिका में महंगाई की स्थिति भी इस फैसले के पीछे बड़ी वजह हो सकती है। हालांकि अमेरिका ने हिस्क्लेशन की प्रक्रिया शुरू की है। अब गेंद ईरान के पाले में है। देखना यह है कि ईरान की रणनीति क्या होगी, जिसके लिए इंतजार करना होगा।

ईरानी परिषद ने चेताया, हम पर हमले हुए तो फारस की खाड़ी में बारूदी सुरंगें बिछा देंगे

# होर्मुज़ पर शांति चाहिए तो US-इस्राइल हमले रोकें: ईरान

■ **एपी, तेहरान/दुबई:** अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप से ईरानी एनर्जी प्लांट्स पर पांच दिन तक हमले रोकने के निर्देश पर ईरान ने यही कहा कि हमारी कड़ी चेतावनी के बाद ट्रंप पीछे हटे हैं। इससे पहले ट्रंप ने अल्टिमेटम दिया था कि अगर ईरान ने होर्मुज को नहीं खोला तो वह ईरान के पावर प्लांट पर हमला कर देंगे। इस पर ईरान ने चेतावा कि अगर हमारे तटीय इलाकों या द्वीपों पर हमला हुआ तो हम पूरी फारस की खाड़ी में बारूदी सुरंगें बिछाकर सभी समुद्री रास्तों को बंद कर देंगे। ऐसी स्थिति में फारस की खाड़ी पूरी तरह बंद हो जाएगी। इसकी जिम्मेदारी उस पक्ष की होगी, जो हमला करेगा। ईरान ने लक्ष्यों की लिस्ट भी जारी की है, जिसमें बुशकाह एटमी प्लांट भी है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने भी कहा कि अगर होर्मुज स्ट्रेट में शांति और स्थिरता चाहिए तो अमेरिका और इस्राइल की गतिविधियों को रोकना होगा। ईरान जिम्मेदार देश के रूप में अंतरराष्ट्रीय कानून को मानता है। कई वर्षों से हमारी फारस की खाड़ी, होर्मुज स्ट्रेट और ओमान सागर सहित पूरे इलाके के समुद्री क्षेत्रों में इन सिद्धांतों को सुरक्षित रखने की कोशिश की है।

ईरान ने इस्राइल के कई शहरों पर क्लस्टर बम दागे।

**इस्राइल ने तेहरान में ईरानी शासन के ठिकानों को निशाना बनाया।**

## ...तो अमेरिकी ठिकाने तबाह करेंगे

ईरान के IRGC यानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने भी पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को बिजली देने वाले पावर प्लांटों पर हमला करने की धमकी दी। ईरानी गार्ड्स ने कहा कि 'हमने साफ कर दिया है कि अगर हमारे प्लांट्स पर हमला होता है तो ईरान जवाबी कार्रवाई करते हुए 'कब्जा करने वाले शासन' (इस्राइल) के पावर प्लांटों के साथ उन देशों के प्लांटों को भी निशाना बनाएगे, जो अमेरिकी ठिकानों को बिजली सप्लाई करते हैं। इस बीच रविवार को ईरान के खिलाफ मार्च निकाला गया।

है। इस रास्ते पर जहाज

## 'समुद्री रास्ता बंद नहीं'

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट बंद नहीं गुजरने से इसलिए हिचक रहे हैं कि तेल से लदे जहाजों का बीमा करने वाली कंपनियों को 'वॉर ऑफ थॉइस' से डर है जिसे अपने (अमेरिका और इस्राइल ने) शुरू किया है, ईरान की सत्ता ने नहीं।

## UAE के अबूधाबी में भारतीय घायल

■ **पीटीआई, दुबई (यूएई):** यूएई के अबू धाबी में अल जवाबेग्ज इलाके में हवा में मार गिराई गई मिसाइल का मलबा गिरने से एक भारतीय मामूली रूप से घायल हो गया। विदेश मंत्रालय ने सोमवार कहा कि इस्राइल में सभी भारतीय सुरक्षित हैं। क्षेत्र में जारी हिंसा में अब तक छह भारतीयों की मौत हो चुकी है। एक घायल है और एक लापता है।

## ईरान की मदद के लिए दिल खोलकर दान कर रहे कश्मीरी

■ **पीटीआई, श्रीनगर:** जंग से जूझ रहे ईरान के लिए कश्मीरियों ने मदद का हाथ बढ़ाया है। बडगाम और बारामूला समेत घाटी के कई इलाकों से लोगों ने स्वेच्छा से ईरान के लिए कैश, सोना, चांदी और बर्तन समेत कई चीजें दान की हैं। बच्चों ने तो गुल्लक तक दान की है। कई जगहों पर मस्जिदों और सामाजिक संगठनों के जरिये ईरान की मदद का यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें आम लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

## 12 राशियां और आपका दिन

**ARIES** 21 Mar-19 Apr
प्रॉपर्टी से संबंधित क्षेत्रों से उत्तम लाभ मिलेगा। आपको अपने परिवार के आशीर्वाद से समस्त द्वारा सम्मानित किए जाने की संभावना रहेगी। आज आप जनता के प्रिय बनेंगे। शाम के समय परिवारजन के खराब कारण होने से आपको कुछ देर परेशानी रहेगी, लेकिन देर रात तक दोबारा सब सामान्य हो जाएगा।

**TAURUS** 20 Apr-19 May
राशि स्वामी द्वारा प्रमुख व्यय एवं भाग्य का भाव में चल रहा है। मनल क्षेत्रों में होने से शत्रुओं को बल देगा। शुभ राशि का पंचम प्रभाव भाव में शुक्र के घर का होकर आपके अंदर निर्भीकता का भाव संचार करेगा, इसलिए आप निर्भयता से अपने कार्यों को सम्पन्न कराने में सक्षम रहेंगे। जीवन सभी सम मधुर संबंध रहेंगे।

**GEMINI** 21 May-21 Jun
आज आप इस बात का पूरा ध्यान रखें कि आपकी कोई बात सामने वाले को बुरी न लग जाए। यदि आपका धन कहीं रुका हुआ है तो आज मिल सकता है। बुद्धि-विवेक से लिए गए निर्णय लाभदायक रहेंगे। शाम से लेकर रात का समय मनोरमा आयोजन में व्यतीत होगा। मित्रों से से सहयोग मिलता रहेगा।

**CANCER** 22 Jun-22 Jul
आज आपको अपनाए छोटे भाई-बहनों से आशीर्वाद मिलेगा। आप अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें, कसी मेहनत से ही अपने कार्यों में सफल हो सकेंगे। भौतिक सुख-साधनों पर खर्च अधिक होगा। शत्रु अपने षड्यंत्रों में सफल नहीं हो पाएंगे। खुशमिजाज व्यक्ति होने के कारण दूसरे लोग आपसे संबंध बनाने की इच्छा रखेंगे।

**LEO** 23 Jul-22 Aug
आपके अंदर परोपकार एवं दान-पुण्य की भावना बढ़ने लगेगी। आज आपका अधिक समय धार्मिक अनुष्ठानों में व्यतीत होगा। आत्मविश्वास के बल पर किए गए प्रयत्नों में सफलता मिलेगी। पुराने रुके हुए कार्य थोड़ा रुकावट के बाद सफल हो जाएंगे। नई योजनाओं पर आज कार्य शुरू हो जाएगा।

**VIRGO** 23 Aug-22 Sep
भाग्य की दृष्टि से आज का दिन अच्छा रहेगा। यदि पिछले दिनों से शरीर में कोई कष्ट चल आ रहा है तो उसमें सुधार होगा। स्वास्थ्य में शुभ समाचार मिलने के संकेत हैं। भाईयों का सहयोग मिलने की संभावना बनी रहेगी। घर्षी पर ध्यान रखें। आप अपनी कार्यकुशलता से सर्वत्र विजय, विभूति और सफलता प्राप्त करेंगे।

**LIBRA** 23 Sep-22 Oct
यदि आप विद्यार्थी हैं तो आपकी शैक्षणिक दिशा में परिवर्तन होगा। दिशा की ओर आपकी रुचि बढ़ेगी। नए कार्य शीघ्रता में सफल होंगे। आप अपनी बातों को सरल सहित करने में सफल रहेंगे। माता-पिता, गुरु के प्रति निष्ठा और भक्तिभाव प्रतिष्ठा वृद्धि में सहायक होगा। शाम के समय में घोट या चोटों का भय है, इसलिए सावधान रहें।

**SCORPIO** 23 Oct-21 Nov
आज आमदनी के साथ ज्यादा खर्चे की स्थिति रहेगी। सरकार के द्वारा किए गए श्रेष्ठ कार्यों से आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आप अपने घेरे तथा प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। शाम से रात तक प्रिय व्यक्तियों के दर्शन से मन प्रफुल्लित रहेगा। मौज-मस्ती में समय व्यतीत होगा।

**SAGITTARIUS** 22 Nov-21 Dec
राशि स्वामी देवगुरु बृहस्पति सप्तम भाव में मिथुन पर भ्रमण कर रहे हैं। विद्या, बुद्धि और ज्ञान की वृद्धि होगी। आपके कठिन प्रयत्नों से ज्ञान की पूर्ति होगी। बृहस्पति शासन का प्रतिनिधि है, इसलिए शासन द्वारा आपको सम्मानित किए जाने की प्रबल संभावना है। शाम को धार्मिक अनुष्ठानों में समय व्यतीत होगा।

**CAPRICORN** 22 Dec-19 Jan
आज आपको पुश्तैनी से धन मिलने की संभावना है। इसलिए आपके संचित धन में वृद्धि होगी। तर्क-मंत्र सफलता में भी आपकी रुचि बढ़ सकती है। बिना मांगे किसी को सलाह न दें, अन्यथा उसका उल्टा प्रभाव पड़ सकता है। रात के समय पुण्य कार्य में लगेंगे, जिससे आपका मन शांत और प्रसन्न रहेगा।

**AQUARIUS** 20 Jan-18 Feb
आमदनी की बढ़ोत्तरी के लिए किए गए प्रयास शत-प्रतिशत सफल रहेंगे। श्रेष्ठ मार्ग द्वारा प्राप्त धन से लाभ में वृद्धि होगी। भाग्य की दृष्टि से आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपको हर क्षेत्र में लाभ की प्राप्ति होगी। आपको मित्रों का सहयोग मिलेगा एवं नए अच्छे मित्र भी मिलेंगे।

**PISCES** 19 Feb-20 Mar
आज आपकी अपनी संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको नेगोशन से भी धन-सम्मान मिलेगा। आपको पत्नी पक्ष एवं पत्नी की ओर से पूर्ण सहयोग मिलेगा। नौकरी में कुछ शुभ सुनाई देंगे, जिससे परेशानी हो सकती है। आपको राशि का स्वामी बृहस्पति उच्ची घर रहा है, इसलिए आज गुरु के प्रति निष्ठा व भक्तिभाव पूर्ण रहेंगे।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | 7 | | 5 | | |
| | | | | 4 | | 7 | 6 | |
| 6 | | | 9 | | | | 3 | |
| | | 9 | | | 8 | | 1 | |
| | 2 | | | 6 | | | 4 | |
| | 1 | | 2 | | | 9 | | |
| | 9 | | | | 3 | | | 7 |
| | 6 | 5 | | 9 | | | | |
| | | 8 | | 1 | 7 | | | |

## कल के सुडोकू का जवाब

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 7 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 1 | 7 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 9 |
| 5 | 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 4 |
| 4 | 2 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 5 | 4 | 2 | 9 | 8 |
| 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 9 | 7 | 6 |
| 8 | 4 | 6 | 2 | 9 | 7 | 3 | 5 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 6 | 3 | 5 | 4 | 8 | 2 |

## कल का पंचांग

(बुधवार, 25 मार्च 2026)

राष्ट्रीय तिथि पौष 4, शक संवत 1948, पौष शुक्ल, स्वामी, बुधवार, विक्रम संवत 2083। रवि पौष मास प्रविष्टे 12, शयनात 5, हिजरी 1447 (मुस्लिम), तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 25 मार्च 2026 है। सूर्य उगवाण, उत्तर गोल, वसंत ऋतु। राहु काल मध्याह्न 12 बजे से। बजकर 30 मिनट तक। स्वामी तिथि अमावा। बजकर 30 मिनट तक के बाद अष्टमी तिथि का आरंभ। मृगशिरा नक्षत्र शाम 5 बजकर 34 मिनट तक के बाद आद्रा नक्षत्र का आरंभ। सौभाग्य योग अर्धरात्रोपरांत 3 बजकर 10 मिनट तक के बाद शोभन योग का आरंभ। बालिज करण अमावा। बजकर 51 मिनट तक के बाद बव करण का आरंभ। चंद्रमा दिन रात मिथुन राशि पर संचर करेगा। आज के इस त्योहार स्कंद षष्ठी व्रत।

## जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष के स्वामी सूर्य शुक्र बने हैं। वर्षरजत पाद से प्रवेश हुआ है। मार्च शेष से अप्रैल तक कार्य के नए स्त्रोत सामने आएंगे। विरोधी पक्ष परजित होगा। मई-जून में व्यापार में ज्यादा धन लगाना लाभप्रद रहेगा। जुलाई व अगस्त में गलनाम्य व्यक्ति आपकी प्रशंसा करेंगे। सितंबर से अक्टूबर में पास व निकट की सार्थक तीर्थ यात्रा का योग बन रहा है। नवंबर से दिसंबर में आपके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। जनवरी से फरवरी 2027 में किसी मंगल कार्य की योजना बनेगी। अच्छे परिणाम के लिए पांच फैले फूल व दो केले सुबह केले के पेड़ की जड़ में रख दें।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

TELEVISION big magic

09:00 बबलू डबलू
10:00 बंदूबाज बुडबक
11:00 रुद्र के रक्षक
11:30 अलादीन
12:00 छछूंदरी अंदेव कृष्णा
13:30 भंसे भड़े
14:30 हम पांच
15:00 अजब देश की गजब कहानी
15:30 पप्पू मोहल्ले वाली लड़ी
19:30 रुद्र के रक्षक
21:00 चंदा

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 24-03-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLJKT3 User: cci Time: 03-23-2026 23:42 Color:

कानपुर (कन्नौज व लखनऊ में एक साथ प्रकाशित) > मंगलवार, 24 मार्च 2026 > चैत्र 3 शक संवत 1948 चैत्र शुक्ल षष्ठी, विक्रम संवत 2083 WATCH GOD WATCHDOG पेज 16 > मूल्य सिर्फ ₹6.00 facebook.com/nbtlucknow twitter.com/nbtlucknow

रिंकू सिंह बनेंगे क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी

▶ देखें अंदर

NBT

नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

दुबग्गा चौराहे का जाम ओवर करेगा 1.80 KM लंबा फ्लाईओवर

▶ देखें अंदर

INVEST UP

# उत्तर प्रदेश

पारदर्शिता एवं ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर

## Nivesh Mitra 3.0

SINGLE WINDOW SYSTEM

का

## शुभारंभ

एवं

- निवेश प्रस्तावों हेतु भूमि आवंटन
- उत्तर प्रदेश प्राइवेट बिजनेस पार्क डेवलपमेंट पॉलिसी 2025 का शुभारंभ
- 85 लेटर्स ऑफ कम्फर्ट एवं पात्रता प्रमाणपत्रों का वितरण
- ₹2,781 करोड़ सब्सिडी राशि का हस्तांतरण
- डी.बी.एफ.ओ.टी. मॉडल पर 'प्लग एंड प्ले' इंडस्ट्रियल शेड के विकास हेतु पॉलिसी का शुभारंभ

कौशल कनेक्ट सेल एवं उद्यमिता विकास सेल के गठन की घोषणा

द्वारा

## योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

गरिमामयी उपस्थिति

**केशव प्रसाद मौर्य**
उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**सुरेश कुमार खन्ना**
मंत्री, वित्त एवं संसदीय कार्य, उत्तर प्रदेश

**नन्द गोपाल गुप्ता 'नंदी'**
मंत्री, औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एन.आर.आई. एवं निवेश प्रोत्साहन, उत्तर प्रदेश

**सुनील कुमार शर्मा**
मंत्री, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी, उत्तर प्रदेश

**जसवन्त सिंह सैनी**
राज्य मंत्री, संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास, उत्तर प्रदेश

एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

24 मार्च, 2026 | पूर्वाह्न 11:00 बजे | लोक भवन सभागार, लखनऊ

### निवेश मित्र 3.0 पोर्टल की प्रमुख विशेषताएं

- कम्बाइंड एप्लिकेशन फॉर्म
- नो योर अप्रूवल्स / इंसेंटिव्स
- पैन आधारित सिंगल बिजनेस यूजर आईडी
- एआई चैटबॉट
- इंटीग्रेटेड वन मैप जीआईएस
- लाइव एसएमएस अलर्ट्स
- मल्टी-लैंग्वेज सपोर्ट
- स्मार्ट डैशबोर्ड्स
- नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम के साथ एकीकृत
- इंडस्ट्रियल पार्क्स मैप्ड विद इंडिया इंडस्ट्रियल लैंड बैंक

निवेश मित्र पोर्टल हेतु स्कैन करें

एकीकृत इंटरफेस. स्मार्ट अनुमोदन. असीमित निवेश संभावनाएं.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 24-03-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLJKT4 User: cci Time: 03-24-2026 00:13 Color:



हम सभी गलतियां करते हैं। आप कैच छोड़ेंगे, खराब शॉट खेलेंगे, खराब ओवर डालेंगे, लेकिन जब तक आप अपनी जानकारी और गेम प्लान पर टिके रहते हैं, और ऐसा करते हुए अगर आपसे कोई गलती हो जाती है, तो मेरी नजर में वह गलती नहीं है। -रिकी पोंटिंग, हेड कोच, पंजाब किंग्स

**229**

रन की साझेदारी की थी विराट कोहली और एबी डीविलियर्स ने दूसरे विकेट के लिए गुजरात लायंस के खिलाफ साल 2016 के एक मैच में। यह IPL इतिहास में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपीं खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. चेन्नै सुपरकिंग्स IPL 2025 की अंक तालिका में किस स्थान पर रही थी?
A) 5 B) 10 C) 8 D) 2

2. किस महिला प्लेयर को फरवरी महीने का ICC प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है?
A) स्मृति मंधाना B) लॉरा वोल्वार्ट C) एलिस पेरी D) अरुंधति रेड्डी

**कल के जवाब**
1. A) सनराइजर्स हैदराबाद 2. A) 26 मार्च

लकी WINNER

1. सुदेश कुमारी, उत्तम नगर, दिल्ली
2. नवनीत गुप्ता, गाजियाबाद, यूपी
3. यश ओमशंकर, पालघर, महाराष्ट्र

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, उत्तरीय और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और उत्तरीय हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

पांच बार की चैंपियन टीम पिछले सीजन सबसे आखिरी पायदान पर रही थी

# चेन्नै को पकड़नी होगी रफ्तार

■ NBT स्पोर्ट्स, नई दिल्ली: पांच बार की चैंपियन चेन्नै सुपरकिंग्स (CSK) IPL-2026 में रुतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में दबदबे वाला वह रुतबा शामिल करने उतरेगी जो उसने पिछले दो सीजन में खराब प्रदर्शन के कारण खो दिया है। साल 2024 में टीम पांचवीं पोजिशन पर रही थी, जबकि पिछले साल वह 10वें और आखिरी पायदान पर रही। इस नए सीजन कुछ नए, कुछ पुराने और होनहार प्लेयर्स के साथ चेन्नै अपनी चमक फिर से बिखेरने को तैयार है।

**संजू से होगी बड़ी आस:** CSK ने एक बड़े ट्रेड के तहत राजस्थान रॉयल्स से संजू सैमसन को रविंद्र जडेजा और सैम करन के बदले में लाया गया है। जडेजा के जाने से टीम के बैलेंस पर असर पड़ सकता है, लेकिन टॉप ऑर्डर में संजू की मौजूदगी से यह कोशिश होगी कि टीम की सारी खामियां ढक जाएं। संजू ने मैच टी20 वर्ल्ड कप 2026 अभियान में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और पंचम ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार जीता। वह टॉप पर अनुभव और क्लास लाते हैं। टीम को उनसे बड़ी आस होगी। दूसरे छोर से उनका साथ ICC अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान और मुंबई के युवा प्लेयर आयुष म्हात्रे दे सकते हैं। म्हात्रे ने अपने डेब्यू सीजन में प्रभावित किया था। तीसरे नंबर पर कप्तान गायकवाड़ होंगे। कोहली की चोट के कारण पिछले सीजन सिर्फ पांच मैच खेल पाने वाले कप्तान रुतुराज पूरी तरह फिट होकर लौट रहे हैं।

**मिडल ऑर्डर विस्फोटक:** टीम के मिडल ऑर्डर में कुछ युवाओं के अलावा देवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे और एमएस धोनी जैसे नाम हैं। ब्रेविस ने पिछले साल 180 स्ट्राइक रेट से 225 रन बनाकर पावरहिटिंग का शानदार नजारा पेश किया था। वह इस सीजन भी अपनी छोटी पारियों से बड़ी छाप छोड़ने को तैयार होंगे। चेन्नै के लिए इस सीजन प्लस पॉइंट दुबे का फॉर्म में होना है। वह टीम के भरोसेमंद फिनिशर हैं और जिस तरह का प्रदर्शन उन्होंने मेरा टी20 वर्ल्ड कप 2026 में किया है, उसके बाद से उनसे उम्मीदें और भी बढ़ गई हैं। एक चिंता है धोनी की बल्लेबाजी को लेकर। धोनी पिछले सीजन बैटिंग ऑर्डर में बहुत नीचे आए और अपना प्रभाव नहीं छोड़ सके। हालांकि, 44 साल की उम्र में भी धोनी इस फ्रेंचाइजी का चेहरा बने हुए हैं। टीम मैनेजमेंट ने पूरे सीजन के लिए उनकी उपलब्धता की पुष्टि की है, उनकी स्टाटिक भूमिका का निर्णय स्टीफन फ्लेमिंग की अगुआई वाले कोचिंग स्टाफ द्वारा किया जाएगा। उनके इम्पैक्ट प्लेयर, फिनिशर और मेंटर के रूप में शामिल होने की उम्मीद है।

IPL 2026 4 दिन बाकी काउंटडाउन

2 सेंचुरी और 20 फिफ्टी बना चुके हैं IPL में चेन्नै सुपरकिंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़

**84** सिक्स लगाए हैं शिवम दुबे ने साल 2023 से IPL में खेली 42 पारियों में। इस दौरान सर्वाधिक सिक्स के मामले में उनसे आगे सिर्फ निकोलस पूरन (102) और हेनरिक क्लासेन (88) हैं

**133.33** स्ट्राइक रेट रहा था चेन्नै सुपरकिंग्स का पिछले सीजन में। यह सभी टीमों में सबसे खराब स्ट्राइक रेट था

**24.36** बैटिंग एवरेज रहा था चेन्नै सुपरकिंग्स का पिछले सीजन, जो सभी टीमों में दूसरा सबसे खराब औसत था

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

### कार्तिक, प्रशांत को मिलेगा मौका?

CSK ने पिछले नीलामी में कार्तिक शर्मा और प्रशांत वीर जैसे युवा खिलाड़ियों पर बराबर 14.20 करोड़ रुपये की बोली लगाकर हैरान कर दिया था। उन्नीस वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज कार्तिक को धोनी के दीर्घकालिक उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है। 'सीरियल सिक्स हिटर' के नाम से मशहूर राजस्थान के इस बल्लेबाज ने अभी तक खेले आठ फर्स्ट क्लास मैच में 24 सिक्स, नौ लिस्ट-ए मैच में 26 सिक्स और 12 टी20 मैच में 28 सिक्स लगाए हैं। वहीं उत्तर प्रदेश के 20 वर्षीय ऑलराउंडर प्रशांत को जाडेजा के विकल्प के रूप में देखे जा रहा है। जाडेजा की ही तरह प्रशांत बाएं हाथ के बैटर हैं और पावर हिटिंग का कौशल रखते हैं। वह जाडेजा की ही तरह बाएं हाथ की स्पिन बॉलिंग भी करते हैं।

### बोलिंग है बड़ी चिंता

पिछले सीजन में टीम ने कई मुकाबले अपनी खराब बोलिंग के कारण गंवाए थे। इस साल टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही टीम को एक बड़ा झटका लगा है। हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण टीम के पेसर नाथन एलिस बाहर हो गए हैं। उनकी अनुपस्थिति में मैट हेनरी पर डेथ ओवर्स में बड़ी भूमिका निभाने की जिम्मेदारी आ जाएगी, जो मुख्यतः पावरप्ले ज्यादा प्रभावी बॉलिंग करते हैं। बोलिंग अटैक में तीसरे विदेशी पेसर जेमी ओवरटन हैं जो प्रभाव छोड़ सकते हैं, लेकिन इंग्लैंड में विदेशी प्लेयर की संख्या सीमित होने के कारण बेस्ट कॉम्बिनेशन हासिल करने में दिक्कत आएगी।

## IPL 2026 POWER स्टैट्स

### मास्टरमाइंड

IPL में कप्तानी महज टॉस जीतने या फील्ड सजाने का नाम नहीं, यह दबाव के क्षणों में सही फैसलों की अग्निपरीक्षा है। कप्तान का एक सही फैसला इतिहास रच देता है, तो एक मामूली चूक ट्रॉफी का सपना छीन लेती है। महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा ने साबित किया है कि कप्तानी जीत को 'आदत' बनाने की कला है। रेकॉर्ड गवाह है कि IPL के अल्टीमेट लीडर या मास्टरमाइंड कौन हैं।

**सर्वाधिक मैच और जीत**

**2** लगातार ट्रॉफी जीतने वाले कप्तान हैं महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा। धोनी ने चेन्नै के साथ 2010, 2011 में खिताब जीता था जबकि रोहित ने मुंबई के साथ 2019, 2020 में ऐसा किया था

**सर्वाधिक रन**




**सर्वाधिक IPL ट्रॉफी**

(6 कप्तानों ने एक-एक बार ट्रॉफी जीती है)

**लीग में सर्वाधिक प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड**

नोट: ये आंकड़े कप्तान के तौर पर किए गए प्रदर्शन से जुड़े हैं

# अक्षर को पसंद नहीं है 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम की आलोचना करते हुए कहा, 'मुझे यह पसंद नहीं है'। उनका कहना है कि इससे उनके जैसे खिलाड़ियों (ऑलराउंडर्स) के विकास में बाधा आती है। रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या भी 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम के खिलाफ बोल चुके हैं, जिसके तहत टीमें मैच के किसी भी समय अपनी इलेवन में किसी खिलाड़ी को सूचीबद्ध पांच खिलाड़ियों में से किसी एक से बदल सकती हैं। यह नियम 2023 में लागू हुआ था और कम से कम 2027 तक लागू रहेगा।

**यह है वजह:** भारतीय टी20 टीम के उप-कप्तान ने 'इम्पैक्ट प्लेयर' से जुड़े सवाल के जवाब में हंसते हुए कहा, 'मुझे यह नियम पसंद नहीं है, क्योंकि मैं खुद एक ऑलराउंडर हूं। पहले हम इस भूमिका (बैटिंग और बॉलिंग) के लिए ऑलराउंडर चुनते थे। अब टीम मैनेजमेंट किसी खास बैटर या बोलर को चुनता है। वे कहते हैं कि हमें ऑलराउंडर की क्या जरूरत है? खुद एक ऑलराउंडर होने के नाते मुझे यह पसंद नहीं है, लेकिन साथ ही नियम तो नियम होते हैं। हमें उनका पालन करना होता है। व्यक्तिगत रूप से मुझे यह पसंद नहीं है।'

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल

**बीते सीजन कम की थी बोलिंग**

अक्षर ने पिछले IPL सीजन में केवल 204 गेंदें डालीं थीं, जबकि उससे पिछले सीजन में उन्होंने 264 गेंदें की थीं। इस पर उन्होंने कहा, 'मैंने ज्यादा बोलिंग नहीं की। यह 'इम्पैक्ट प्लेयर' की वजह से नहीं था। मैं गेंद को स्पिन कराने के लिए जिस उसली का इस्तेमाल करता हूं, वह पैपियस ट्रॉफी के बाद चोटिल हो गई थी। मैं गेंद की लेंथ पर पकड़ नहीं बना पा रहा था।'

**स्टार्क को अभी NOC नहीं**

कैप्टंस टॉक

दिल्ली कैपिटल्स ने बताया कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (CA) ने अभी तक मिचेल स्टार्क को IPL में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) नहीं दिया है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि स्टार्क एक अप्रैल को टूर्नामेंट में शुरुआती मैच से पहले टीम से जुड़ जाएंगे। टीम के कप्तान अक्षर पटेल, क्रिकेट डायरेक्टर वेणुगोपाल राव और हेड कोच हेमांग बदानी ने मीडिया से बातचीत में स्टार्क की उपलब्धता से जुड़े कई सवालों के जवाब दिए। स्टार्क ने पिछले सीजन में 11 मैचों में 14 विकेट लिए थे। बदानी ने कहा, 'हम CA से NOC मिलने का इंतजार कर रहे हैं। जैसे ही हमें वह मिल जाएगा, हमें पता चल जाएगा कि वह कब टीम में शामिल होंगे।' NOC न हो रही देरी पर उन्होंने कहा, 'हम CA के साथ संपर्क में हैं। वह बोलिंग प्रैक्टिस कर रहे हैं, उन्होंने कुछ दिन पहले भी बोलिंग की थी। जब तक CA उन्हें खेलने के लिए फिट घोषित नहीं कर देता, तब तक फ्रेंचाइजी कुछ नहीं कर सकती।'

## फटाफट खबरें

### मैनचेस्टर सिटी चैंपियन

■ लंदन: मैनचेस्टर सिटी ने EFL कप फाइनल में आर्सेनल को 2-0 से हराकर खिताब जीत लिया। दूसरे हाफ में निको ओराइली ने चार मिनट में दो गोल दागकर जीत की नींव रखी। यह सिटी का नौवां लीग कप खिताब है। कोच पेप गार्डियोला ने पांचवीं बार यह ट्रॉफी जीतकर नया रेकॉर्ड बनाया।

### अनुहित को गोल्ड

■ मुंबई: अनुहित गोखला ने ग्लोबल ई-स्पोर्ट्स गेम्स में क्लैश रोयाल के फाइनल में कजाकिस्तान के मिरास को 3-2 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। भारत ने लीअर ब्रैकेट फाइनल में अमेरिका को हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी।

### DGC मेंबर्स लीग 26 से

■ नई दिल्ली: दिल्ली गोल्फ क्लब (DGC) में रेडिको मेंबर्स लीग का पांचवां एडिशन 26 मार्च से शुरू होगा। अमेचर खिलाड़ियों की इस लीग में 24 टीमों के 480 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। फाइनल 18 अप्रैल को होगा। क्लब के प्रेजिडेंट राज खोसला और कप्तान विक्रम सेठ ने कहा कि हर नए एडिशन के साथ इस लीग की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है।

### अदिति 14वें पर रही

■ मेनलो पार्क: अदिति अशोक ने फाउंडर्स कप में अतिम राउंड में तीन अंडर-69 का स्कोर कर संयुक्त 14वां स्थान हासिल किया। उन्होंने चार बर्डी और एक बोगी के साथ कुल आठ अंडर स्कोर बनाया। खिताब ह्यो जू किम ने जीता, जबकि नेली कोर्डा दूसरे स्थान पर रहीं।

ICC अवॉर्ड्स

### अरुंधति को प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड

■ एजेंसियां, दुबई: भारत की अरुंधति रेड्डी को फरवरी महीने के ICC बेस्ट प्लेयर चुना गया है। पुरुष वर्ग में पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान को यह अवॉर्ड मिला। अरुंधति ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में भारत की पेसर अरुंधति 2-1 जीत में अहम भूमिका निभाते हुए 7.25 इकॉनमी से आठ विकेट झटके थे। उन्होंने इस सम्मान को अपने लिए गर्व का क्षण बताया।

# शनाका दो करोड़ में रॉयल्स से जुड़े

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: श्रीलंका के टी20I कप्तान दासुन शनाका को सोमवार को IPL 2026 के लिए इंग्लैंड के चोटिल ऑलराउंडर सैम करन के स्थान पर राजस्थान रॉयल्स टीम में शामिल किए जाने की पुष्टि की गई। शनाका दो करोड़ रुपये में रॉयल्स से जुड़ेंगे। इस 34 साल के खिलाड़ी ने 2023 में गुजरात टाइटन्स के लिए IPL में तीन मैच खेले हैं।

IPL अपडेट

श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका

वहीं, कोलकाता नाइटराइडर्स ने चोटिल श्रीलंका टीम की जगह सौरभ दुबे को टीम में शामिल किया। सौरभ इससे पहले SRH का हिस्सा रह चुके हैं।

**पराग को कप्तान बनाने पर श्रीकांत के सवाल**

नई दिल्ली: भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ओपनर कृष्णमाचारी श्रीकांत ने राजस्थान रॉयल्स द्वारा रियान पराग को कप्तान बनाए जाने के फैसले पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा, 'राजस्थान का पराग को कप्तान बनाने का फैसला हैरानी भरा लगा, खासकर तब जब टीम में उनसे ज्यादा अनुभवी खिलाड़ी मौजूद थे। वहां उसके साथ राजा जैसा बर्ताव होता है।'

# जुर्माने का डर नहीं मुझे:हंपी

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: कोनेरू हंपी ने कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से हटने के अपने फैसले पर कायम रहते हुए साफ कहा कि युद्ध जैसे माहौल में निश्चित होकर खेलना संभव नहीं है। उन्होंने कहा, 'आप बैटलशिप से घिरे हों तो एकाग्रता बनाए रखना मुश्किल है।' हंपी ने स्पष्ट किया कि उन्हें संभावित जुर्माने का कोई डर नहीं है और वह आर्थिक लाभ के लिए नहीं खेलतीं। उनकी जगह यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को मौका मिला है। **स्वदेश चैंपियनशिप स्थगित:** अगले महीने इस्लामाबाद में होने वाली एशियन टीम स्वदेश चैंपियनशिप को भी वॉर कारण स्थगित कर दिया गया है। यह चैंपियनशिप 14 से 18 अप्रैल के बीच होनी थी। एक अधिकारी ने बताया कि इसे सितंबर में कराया जा सकता है।

वॉर का असर

भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हंपी

# हार्दिक, सुखजीत, सलीमा और नवनीत रेस में शामिल

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: हार्दिक सिंह, सुखजीत सिंह, अभिषेक और संजय इस साल होकी इंडिया के प्रतिष्ठित बलबीर सिंह सीनियर वर्ष के बेस्ट प्लेयर अवॉर्ड की रेस में शामिल है। महिला वर्ग में सलीमा टेटे, नवनीत कौर, लालरेम्सियामी और सविता पुनिया को नामांकन मिला है। शुक्रवार को आयोजित होने वाले पुरस्कार समारोह में अंडर-21 इम्पॉर्जिंग प्लेयर्स के लिए जुगराज सिंह और अर्मुथा लाकड़ा अवॉर्ड भी दिए जाएंगे। कुल आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को अंतिम लिस्ट में जगह मिली है। इसके अलावा एशिया कप विजेता भारतीय मेंस टीम और जूनियर वर्ल्ड कप में ब्रोन्ज मेडल विजेता टीम को भी मंच पर सम्मान मिलेगा।

होकी इंडिया अवॉर्ड्स

हार्दिक सिंह

**नॉमिनेशन**

**बेस्ट गोलकीपर:** प्रिसदीप सिंह, कृशन बहादुर पाठक, बिहू टेवी खारीबम, सूरज करकेरा
**बेस्ट डिफेंडर:** संजय, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह और हरमनप्रीत सिंह
**बेस्ट मिडफील्डर:** हार्दिक सिंह, सुमित, राजकुमार पाल, नीलाकांता शर्मा **बेस्ट फॉरवर्ड:** सुखजीत सिंह, अभिषेक, नवनीत कौर, शिलानंद लाकड़ा **इम्पॉर्जिंग विमेंस अंडर-21 प्लेयर:** स्वाती रागा, ज्योति सिंह, सुनीलिता टोप्पो, कनिका सिवाच **इम्पॉर्जिंग मेंस अंडर-21 प्लेयर:** प्रिसदीप सिंह, मनमीत सिंह, अनमोल इक्का, अर्शदीप सिंह **बेस्ट विमेंस प्लेयर:** नवनीत कौर, सलीमा टेटे, लालरेम्सियामी, सविता **बेस्ट मेंस प्लेयर:** हार्दिक सिंह, सुखजीत सिंह, संजय और अभिषेक

> भारतीय हॉकी के लिये यह अहम साल है और ऐसे में असाधारण प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और पिछले एक साल में अपना योगदान देने वालों को सम्मानित करना महत्वपूर्ण है।
> -दिलीप टिर्की, अध्यक्ष, हॉकी इंडिया

# अल्काराज हुए उलटफेर का शिकार, कोर्डा से हारे

■ एजेंसियां, मियामी गार्डन्स: वर्ल्ड नंबर-1 कार्लोस अल्काराज मियामी ओपन के तीसरे राउंड में सेबेस्टियन कोर्डा से हारकर बाहर हो गए हैं। अल्काराज को वर्ल्ड नंबर-36 कोर्डा ने दो घंटे 19 मिनट तक चले मैच में 6-3, 5-7, 6-4 से हराया। अब कोर्डा का सामना मार्टिन एल से होगा। अल्काराज का यह लगातार दूसरे साल मियामी ओपन में खराब प्रदर्शन है। पिछले साल उन्हें दूसरे राउंड में ही वर्ल्ड नंबर-55 डेविड गॉफिन के हाथों उलटफेर का सामना करना पड़ा था। वहीं, महिला वर्ग में अरिना सबालेंका अगले राउंड में पहुंच गईं।

मियामी ओपन टेनिस

अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा

# ईस्ट बंगाल की रेकॉर्ड जीत

■ एजेंसियां, कोलकाता: ईस्ट बंगाल एफसी ने इंडियन सुपर लीग (ISL) में मोहमडन स्पोर्टिंग क्लब पर 7-0 की ऐतिहासिक जीत दर्ज की। ईस्ट बंगाल और मोहमडन स्पोर्टिंग के बीच खेले गए सभी मुकाबलों में यह गेल के मामले में सबसे बड़ी जीत है। यह ISL के इतिहास में संयुक्त सबसे बड़ी जीत का रेकॉर्ड भी है। वर्ष 2015 में एफसी गोवा ने मुंबई सिटी को 7-0 के अंतर से ही हराया था। ईस्ट बंगाल के लिए अनवर अली, यूसुफ एजेनारी ने दो-दो गोल किए। वहीं, सोल क्रेग्पे, विष्णु पीवी और नन्दकुमार सेकर ने एक-एक गोल का योगदान दिया। इस जीत की बदौलत ईस्ट बंगाल की टीम छह मैच में 11 पॉइंट के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर भी पहुंच गई।

इंडियन सुपर लीग (ISL)

जश्न मनाते ईस्ट बंगाल के प्लेयर्स

## आज से होगी इंडोर नैशनल ऐथलेटिक्स

■ एजेंसियां, भुवनेश्वर: भारत इंडोर ऐथलेटिक्स में अपने सफर की औपचारिक शुरुआत मंगलवार से कलिंग स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में शुरू हो रही पहली नैशनल चैंपियनशिप के जरिए करेगा। नैशनल चैंपियनशिप दो दिन तक चलेगी। दो साल बाद इसी स्थान पर भारत की वर्ल्ड चैंपियनशिप की मेजबानी करनी है। भारत को वर्ल्ड इंडोर ऐथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी मिली है जो इसी स्थान पर तीन से पांच मार्च, 2028 में होगी।

300 ऐथलीट हिस्सा लेंगे

# THE ECONOMIC TIMES

## फटाफट खबरें

### भारत के GDP पर असर: Moody's

■ NBT रिपोर्ट: Moody's Analytics ने चेतावनी दी है कि अगर खाड़ी में संघर्ष जारी रहता है, तो भारतीय अर्थव्यवस्था को एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे तेज मंदी का सामना करना पड़ सकता है। सकल घरेलू उत्पाद (GDP) समाहित रूप से अपेक्षित स्तरों से लगभग 4% नीचे गिर सकता है।

### 15,000 युवाओं को AI स्कॉलरशिप

■ NBT रिपोर्ट: सूचना और प्रसारण मंत्रालय (MIB) ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजीज (IIICT) के सहयोग से मूलल और यूट्यूब के साथ क्रिएटिव सेक्टर के लिए AI स्किलिंग प्रोग्राम शुरू किया है। इसके तहत 15,000 युवाओं को स्कॉलरशिप दी जाएगी।

# संसेक्स 1,837 अंक फिसला, निफ्टी 22,512 अंक पर

एक ही सेशन में करीब 14 लाख करोड़ रुपये का नुकसान

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

**भारतीय शेयर** बाजार में सोमवार को गिरावट का सिलसिला फिर शुरू हो गया, जिसमें इक्विटी बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में 2% से ज्यादा की गिरावट आई। पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त होने के कोई संकेत नहीं होने से ग्लोबल बाजारों के कमजोर रुख से घरेलू बाजार में गिरावट रही।

सेंसेक्स 1,837 अंक, यानी 2.46% गिरकर 72,696 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 602 अंक, यानी 2.6% गिरकर 22,512 पर आ गया। BSE 150 Midcap और BSE 250 Smallcap इंडेक्स दोनों में 4% की भारी गिरावट आई। निवेशकों को एक ही सेशन में करीब 14 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, क्योंकि BSE में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन शुक्रवार के 429 लाख करोड़ से गिरकर 415 लाख करोड़ रुपये पर आ गया। बाजार में वोलैटिलिटी इतनी ज्यादा थी कि घरेलू बाजार में उतार-चढ़ाव का पैमाना, India VIX, 22.4% बढ़कर 20.98 पर पहुंच गया।

सोमवार को सेंसेक्स की कंपनियों में से टाइटन में सबसे अधिक 6.24 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, इंटरग्लोब एविएशन, टाटा स्टील और एचडीएफसी बैंक भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एक्सीलर टेक, पावर ग्रिड, इन्फोसिस और टेक महिंद्रा शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.97 प्रतिशत चढ़कर 113.3 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच कर गया।

AI image

### GIFT Nifty में 4% की उछाल

■ मुंबई: अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरानी पावर प्लांट और ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर पर सभी सैन्य हमलों को पाँच दिनों के लिए टालने के बयान के बाद GIFT Nifty में लगभग 4% की उछाल आई है। इसके साथ ही, सोने और चांदी की कीमतों में भी सुधार हुआ, और ग्लोबल शेयर बाजारों में भी तेजी दर्ज हुई।

### सोना 12 हजार, चांदी 31 हजार हुई सस्ती

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: पश्चिम एशिया में चल रही जंग के बीच सोने-चांदी की कीमतों में लगातार गिरावट जारी है। इंडिया बुलियन एंड जूलर्स असोसिएशन (IBJA) के मुताबिक, सोमवार को 10 ग्राम 24 कैरट सोना 12,077 रुपये घटकर 1,35 लाख रुपये पर आ गया। उधर, एक किलो चांदी की कीमत 30,864 रुपये घटकर 2.01 लाख रुपये पर आ गई। हालांकि शाम को सोने का रेट बढ़कर प्रति दस ग्राम 139,569 रुपये पर आ गया। उधर, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में घरेलू मांग में सुस्ती और कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच सोने की कीमतों लगातार गिरावट जारी है। इंडिया बुलियन एंड जूलर्स असोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 99.9% शुद्धता वाला सोना 9,050 रुपये, या करीब 6% गिरकर 1,43,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। चांदी भी 10,500 रुपये या 4.36% की भारी गिरावट के साथ 2,30,000 रुपये प्रति किलो (सभी करों सहित) पर आ गई। इससे पहले, पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के कारण महंगाई बढ़ने की आशंकाओं के चलते सोने ने लगभग 43 सालों में अपना सबसे बुरा हफ्ता देखा था। पिछले हफ्ते सोने की कीमतों में 10% से अधिक की गिरावट आई, जो चार दशकों से भी ज्यादा समय में सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट थी। एक्सपर्ट के अनुसार, इसकी वजह यह थी कि ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें अब ब्याज दरों में संभावित बढ़ोतरी की ओर मुड़ गईं।

# विदेशी निवेशकों को राहत, IPO प्रक्रिया भी हुई सरल

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

**बाजार नियामक** SEBI ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों यानी FPI (Foreign Portfolio Investors) के लिए नियम आसान कर दिए हैं। अब बड़े निवेशक हर सौदे को अलग-अलग सेटल करने के बजाय नेट आधार पर सेटलमेंट कर सकेंगे। इससे उनकी लागत घटेगी और फंड की जरूरत भी कम होगी। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब बाजार से भारी विदेशी पैसा निकल रहा है। 23 मार्च तक FIIs करीब 1.07 लाख करोड़ निकाल चुके हैं।

इसके साथ SEBI ने IPO (Initial Public Offering) के डिस्क्लोजर यानी जानकारी देने की प्रक्रिया को सरल करते हुए 'ड्राफ्ट एक्सिस्टिंग प्रोसेस्टस' पेश किया है। अब QR कोड और ऑनलाइन लिंक के जरिए निवेशक जरूरी जानकारी देख सकेंगे। कागजी प्रक्रिया कम होगी और जानकारी आसान भाषा में मिलेगी।

SEBI ने नियम आसान किए

### REITs और AIF में भी राहत

SEBI ने REITs (Real Estate Investment Trust), InvITs (Infrastructure Investment Trust) और AIFs (Alternative Investment Funds) में कारोबार आसान बनाने के फैसले लिए हैं। वहीं, सेबी चेयरमैन और WTMs (Whole-Time Members) के लिए हितों के टकराव और खुलासे के नियम कड़े किए हैं, ताकि पारदर्शिता बढ़ सके।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 24-03-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLFP User: cci Time: 03-24-2026 00:41 Color:

कानपुर (कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित) > मंगलवार, 24 मार्च 2026 > चैत्र 3 शक संवत 1948 चैत्र शुक्ल पक्षी, विक्रम संवत 2083 WATCH GOD WATCHDOG पेज 16 > मूल्य सिर्फ ₹6.00 facebook.com/nbtlucknow twitter.com/nbtlucknow Vol.8 no.79

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

'वैश्विक मंचों पर सहयोग बढ़ाएंगे भारत और रूस'

▶p10

कोर्डा से हारे अल्काराज टूर्नामेंट से हुए बाहर

▶देखें स्पोर्ट्स

# युद्ध में पहली बार ट्रंप के बदले तेवर, पर ईरान ने कहा-कोई बात नहीं हुई

## ईरान से बात हुई, पावर प्लांट पर पांच दिन हमला नहीं : ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप।

AFP

**हमले रहे जारी** ईरान की राजधानी तेहरान पर सोमवार को भी हमले हुए। इस दौरान एक रेजिडेंशल बिल्डिंग को भी निशाना बनाया गया।

■ एपी, दुबई : अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ युद्ध पर हल निकलने की संभावना जताई है। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों में अमेरिका और ईरान के बीच बहुत अच्छी बातचीत हुई है। इसके बाद अमेरिका ने ईरान के पावर प्लांट पर हमलों को पांच दिनों के लिए रोक दिया है। हालांकि ईरानी मीडिया ने विदेश मंत्रालय के हवाले से अमेरिका के साथ किसी भी बातचीत से इनकार किया।

इससे पहले अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में लिए ईरान को 48 घंटे का समय दिया था। ऐसा न करने पर उसके पावर प्लांट पर हमले की चेतावनी दी थी। ईरान ने भी जवाबी हमले की बात कही थी। ट्रंप के अचानक यू-टर्न से अमेरिका और ईरान की धमकियों के बाद राहत मिली। ट्रंप ने कहा कि ईरान समझौता करना चाहता है। उन्होंने कहा विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर ने बातचीत की। ट्रंप ने ईरान का प्रतिनिधित्व करने वाले किसी भी अधिकारी का नाम नहीं लिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार को कहा कि ईरान में सत्ता परिवर्तन शुरू हो चुका है। साथ ही चेताया कि अगर ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत सफल नहीं होती है तो बमबारी जारी रहेगी। ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई के साथ बातचीत नहीं हो रही। सबसे सम्मानित नेता से बात हुई। अब कोई युद्ध नहीं होगा। वे इस बात पर सहमत हो गए है कि उनके पास अब परमाणु हथियार नहीं होंगे। ब्रिटेन ने बातचीत की खबर का स्वागत किया।

खाड़ी में जंग 24 दिन

### ईरानी संसद के अध्यक्ष बोले, US से बात नहीं

ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबफ ने US के साथ किसी भी बातचीत से इनकार किया। उन्होंने कहा कि वित्तीय-तेल बाजारों में हेरफेर करने के लिए फर्जी खबरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। यरुशलम पोस्ट ने बताया कि गालिबफ US के साथ बातचीत की अनुशंसा कर रहे हैं। इसी हफ्ते पाकिस्तान में अमेरिका और ईरान मीटिंग की कोशिश की जा रही है।



गालिबफ

## कोरोना काल जैसी चुनौती, हमें एकजुट रहना होगा: PM

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में युद्ध से बने हालात में कोविड के दौर की याद दिलाते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। पीएम ने लोकसभा में दिए बयान में कहा कि भारत के सामने भी इस युद्ध से अप्रत्याशित चुनौतियां खड़ी कर दी है। ये चुनौतियां आर्थिक, राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी और मानवीय भी है। उन्होंने कहा कि इसके लिए देश को तैयार और एकजुट रहना होगा। उन्होंने कहा सरकार पश्चिम एशिया में युद्ध के शॉर्ट टर्म, मीडियम टर्म और लॉन्ग टर्म ऐसे हर असर के लिए एक रणनीति के साथ काम कर रही है।

**बोले, लोगों को कम परेशानी हो इस पर फोकस है**

पीएम ने जमाखोरी और कालाबाजारी पर तुरंत ऐक्शन लेने की जरूरत बताया। कच्चे तेल और पेट्रोल-डीजल से लेकर उर्वरकों, राष्ट्रीय सुरक्षा और खाड़ी देशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा के बारे में भी बात की। उन्होंने सरकार की ओर से उठाए गए कदमों की जानकारी देते हुए कहा, 'देश के सामान्य परिवारों को परेशानी कम से कम हो, इस पर हमारा फोकस रहा है।' ▶▶ देखें विशेष पेज

हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। अब हमें फिर से उसी तरह तैयार रहने की जरूरत है। -नरेंद्र मोदी, लोकसभा में

### वॉर अपडेट्स

- इस्राइली सेना ने कहा कि उसने तेहरान के केंद्र में ईरानी शासन के ठिकानों पर हमले किए।
- भारतीय ध्वज वाले दो LPG टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर चुके हैं।
- सऊदी अरब ने अपनी 1,200 किलोमीटर लंबी पूर्व-पश्चिम पाइपलाइन को शुरू कर दिया है, ताकि तेल निर्यात जारी रखा जा सके।
- रेटिंग एजेंसी मूडीज की रिपोर्ट के मुताबिक, तनाव अगर लंबा खिंचा तो भारत की GDP सामान्य स्तर से करीब 4% तक गिर सकती है।

### पश्चिम एशिया में तनाव का असर...

**सेंसेक्स 1837 अंक गिरा, 14 लाख करोड़ डूबे**

घरेलू शेयर मार्केट में सोमवार को भारी गिरावट रही। सेंसेक्स 1,837 अंक गिरा। निफ्टी 602 अंक लुढ़क गया। एक ही दिन में निवेशकों के करीब 14 लाख करोड़ रुपये डूब गए।

**सोने में 43 साल के बाद हफ्ते की बड़ी गिरावट**

वैश्विक स्तर पर पिछले हफ्ते सोने में तेज गिरावट देखी गई, जहां इसकी कीमत करीब 500 डॉलर तक गिर गई। यह 1983 के बाद हफ्ते की सबसे बड़ी गिरावट है।

**डॉलर के मुकाबले रुपया रेकॉर्ड निचले स्तर पर**

रुपया सोमवार को 50 पैसे टूटकर अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 94.03 प्रति डॉलर पर आ गया। यह पहली बार है जब रुपया 94 प्रति डॉलर के स्तर को पार कर गया।

सोना बेचिए अधिकतम दाम तुरंत भुगतान
myGold Gold that Grows
अधिक जानकारी के लिए +9190 4445 4178

खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें स्पोर्ट्स, स्पेशल पेज, पेज 3

### रिंकू सिंह बनेंगे क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी

लखनऊ के लोकभवन में मंगलवार को प्रदेश के नौ खिलाड़ियों को रानी लक्ष्मीबाई और लक्ष्मण अवॉर्ड दिए जाएंगे। क्रिकेटर रिंकू सिंह को क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी बनाया जाएगा। पैरा खिलाड़ी प्रगति केसरवानी भी सम्मानित होंगी। ▶▶ पेज 4

### 'कॉइनडीसीएक्स' केस में दो अरेस्ट

ठाणे पुलिस ने क्रिप्टोकरेंसी विनिमय मंच 'कॉइनडीसीएक्स' के दो सह-संस्थापकों को 71.6 लाख रुपये की कथित धोखाधड़ी के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। कंपनी का दावा है कि प्रायमिंग्स हुई है। कुछ लोगों ने खुद को कॉइनडीसीएक्स का संस्थापक बताते हुए ठगी की है।

### हैपी मॉर्निंग

**एक औरत दूसरी औरत से** - सम्झदार के लिए इशारा ही काफी होता है।

**दूसरी औरत** - इसीलिए मैं तुम्हें पूरी बात बताती हूं।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| लखनऊ | ₹1,45,000 |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो | |
| लखनऊ | ₹2,23,000 |

स्रोत: सीज सर्राफा असोसिएशन

### मौसम

न्यूनतम तापमान 17.1°

अधिकतम तापमान 31.2°

सूर्योदय मंगलवार 6:19 | सूर्यास्त बुधवार 6:07

## फाफामऊ के कोल्ड स्टोरेज में विस्फोट, चार की जान गई

### अमोनिया लीक होने से मची अफरातफरी, 14 घायल

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज

फाफामऊ इलाके के चंदापुर में सोमवार को एक कोल्ड स्टोरेज धमाके के बाद ढह गया। हादसे में चार मजदूरों की जान चली गई, जबकि 14 जख्मी हो गए। पीएम नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है। योगी ने मरने वालों के परिवारजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये की मदद देने की घोषणा की है।

**सपा सरकार में मंत्री रहे अंसार अहमद का है कोल्ड स्टोरेज**

फाफामऊ में सपा सरकार में मंत्री रहे अंसार अहमद का आदर्श कोल्ड स्टोरेज है। दिन में 1:30 बजे कोल्ड स्टोरेज के टैंक में तेज धमाका हुआ। इससे कोल्ड स्टोरेज के बड़े हिस्से की छत, दीवारें भरभराकर कर गिर गईं। भीतर काम कर रहे 20 मजदूर मलबे के नीचे दब गए। कोल्ड स्टोरेज से अमोनिया गैस रिसने से आसपास भी अफरातफरी मे मच गई। फायर ब्रिगेड, पीएसी, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ की टीमें ने मौके पर पहुंच कर राहत कार्य शुरू किया। तीन घंटे की मशक्कत के बाद 18 मजदूरों को अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों में 4 को मृत घोषित कर दिया।

PTI

धमाका इतना तेज था कि कोल्ड स्टोरेज का बड़ा हिस्सा ढह गया।

### खंडहर जैसे कोल्ड स्टोरेज का लाइसेंस कैसे रिन्यू हुआ?

हादसे की जांच के लिए डीएम मनीष वर्मा ने ऊपर जिलाधिकारी विजय एवं राजस्व विनीत सिंह की अध्यक्षता में कमिटी गठित की है। अन्य पहलुओं के साथ इस बात की भी जांच की जाएगी कि इतने पुराने, खंडहर जैसे कोल्ड स्टोरेज के लाइसेंस का नवीनीकरण कैसे किया गया। डिस्ट्रिक्ट हॉर्टिकल्चर अफसर कोल्ड स्टोरेज को लाइसेंस देते है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के भी निर्देश दिए गए है।

### चंदौली में पकड़ी नकली नोट छापने की प्रिंटिंग प्रेस

■ NBT न्यूज, वाराणसी : चंदौली पुलिस ने सोमवार को नकली नोट छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया। 100 रुपये के 42 जाली नोट, 452 अर्धनिर्मित नोट और मिनी प्रिंटिंग प्रेस के साथ एक आरोपित गिरफ्तार हुआ, जबकि दो बाल अपराधी अभिरक्षा में है।

एसओ अरुण सिंह ने बताया कि अलीनगर की मानसनगर कॉलोनी के एक घर में प्रेस चल रही थी। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि यूट्यूब-गूगल से तकनीक सीखकर जाली नोट छापता था और 3,500 रुपये के नकली नोट के बदले असल के 1000 रुपये लेता था।

### पंजाबः आत्महत्या मामले में पूर्व मंत्री भुल्लर गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : पंजाब में भंडारा निगम के जिला प्रबंधक गगनदीप सिंह रंधावा की आत्महत्या मामले में राज्य के पूर्व मंत्री और आप विधायक ललजीत सिंह भुल्लर को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। अमृतसर के दीवीजी सेंटर पाल ने कहा कि भुल्लर को मंडी गोबिंदगढ़ से पकड़ा गया। वहीं, भुल्लर ने फेसबुक पर पोस्ट डालकर दावा किया कि उन्होंने सरेंडर किया है।

पंजाब के कई सांसदों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर इस मामले की जांच CBI से कराने की मांग की।

उम्मीदः सीएम योगी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने दी मंजूरी

## दुबग्गा चौराहे का जाम ओवर करेगा 1.80 KM का फ्लाईओवर

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

लखनऊ-हरदोई रोड स्थित दुबग्गा चौराहे पर जाम से निजात दिलाने के लिए तीन लेन का फ्लाईओवर बनाया जाएगा। इस पर 305.31 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

**कानपुर बाईपास से शुरू होगा-दुबग्गा चौराहा-IIM रोड तक बनेगा**

1,811.72 मीटर लंबे इस फ्लाईओवर का निर्माण 18 महीने में पूरा करना होगा। सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को लोकभवन में हुई कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। कैबिनेट में 35 प्रस्तावों पर मुहर लगी।

फ्लाईओवर कानपुर बाईपास से शुरू होकर दुबग्गा चौराहे के ऊपर से गुजरते हुए IIM रोड तक जाएगा। इसका निर्माण होने के बाद दुबग्गा चौराहे से हरदोई, सीतापुर, मलिहाबाद, अशगंज एक्सप्रेसवे और बालागंज से आने-जाने वालों को जाम से राहत मिलने की उम्मीद है।

**1,435 करोड़ में बनेगा कन्वेंशन सेंटर :** वृंदावन योजना में प्रस्तावित इंटरनैशनल एक्सहिबिशन कम कन्वेंशन सेंटर अब 1435.25 करोड़ रुपये में बनेगा। कैबिनेट ने लागत में करीब 138 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। यहां 10 हजार लोगों की क्षमता का कन्वेंशन हॉल, 2500 की क्षमता वाला ऑडिटोरियम बनाया जाएगा। सुरक्षा मानकों एवं सुविधाओं के साथ 5000 व्यक्तियों के भोजन व जलपान की भी सुविधा होगी। पास में फाइव स्टार और बजट होटल विकसित किए जाएंगे। एक अन्य फैसले में रोशन-उद-दौला भवन और छत्तर मंजिल को 'एदाचिय रि-यूज' के तहत (पीपीपी) मॉडल पर विकसित करने पर भी सहमति दी गई है। इसके लिए छत्तर मंजिल की 1,096.84 वर्ग मीटर और रोशन-उद-दौला भवन की 4141.91 वर्ग मीटर जमीन पर्यटन विभाग को निःशुल्क दी जाएगी।

NBT

दुबग्गा चौराहे पर मिलेगी ऐसी जाम से राहत

### नक्शा पास होते ही बदल जाएगा लैंड यूज

विकास प्राधिकरणों, औद्योगिक विकास प्राधिकरणों, विनियमित क्षेत्रों, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद के अधीन क्षेत्रों में लैंड यूज की प्रक्रिया आसान होगी। इसके लिए सरकार अध्यादेश लाकर राजस्व संहिता की धारा 80 में संशोधन करेगी।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि मौजूदा व्यवस्था में कृषि भूमि के गैर कृषि उपयोग के लिए धारा-80 में अलग से अनुमति लेनी होती है। नई प्रक्रिया में यदि संबंधित जमीन का नक्शा प्राधिकरण ने पास कर दिया है तो उसका लैंड यूज स्वतः परिवर्तित मान लिया जाएगा।

▶▶ अन्य फैसले : पेज 2

## न्यू यॉर्क में एयरपोर्ट पर ट्रक से टकराया प्लेन, दोनों पायलटों की जान गई

**170Km/h** की स्पीड से विमान टकराया, जिससे अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में दोनों पायलटों की मौत हो गई।

■ न्यू यॉर्क के ला गार्डिया एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान एयर कनाडा का प्लेन रनवे पर फायर ब्रिगेड के ट्रक से टकरा गया।

■ प्लेन में 72 यात्री और क्रू के चार सदस्य थे। घटना के बाद 39 लोगों को अस्पताल ले जाया गया। कुछ को गंभीर चोटें लगी है।

पहल महिला आरक्षण संशोधन बिल इसी सत्र में ला सकती है सरकार

## आधी आबादी की बढ़ेगी भागीदारी

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

नई दिल्ली : संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण देने के लिए सरकार नई जनगणना होने और फिर परिसीमन का इंतजार नहीं करना चाहती।

**विपक्ष के नेताओं से बात कर रहे शाह**

सरकार की कोशिश है कि संसद में पास किए गए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' में संशोधन कर इसे जनगणना और परिसीमन की शर्तों से अलग किया जाए और फिर इसे जल्द लागू किया जाए। सरकार इसी सत्र में संशोधन बिल लाने की तैयारी में है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को विपक्षी दलों के कई नेताओं के साथ मीटिंग की। संसद भवन में हुई मीटिंग में NCP (एसपी), शिवसेना (UBT), बीजेडी, YSRCP के नेता मौजूद थे। सूत्रों के मुताबिक, अभी कांग्रेस और TMC के साथ बैठक नहीं हुई है। हालांकि विपक्ष के एक नेता ने अनौपचारिक बातचीत में कहा कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव से पहले अगर सरकार ये बिल लाती है तो कोई भी विरोध नहीं करेगा और ये चुनाव का एक बड़ा मुद्दा बनेगा।

**एक नजर**

आम चुनाव लड़ने वाली महिलाओं की कुल संख्या

1957 में 3% | 2024 में 10%

निर्वाचित महिला सदस्यों की संख्या

| | |
|---|---|
| पहली लोकसभा: | 22 |
| दूसरी लोकसभा: | 27 |
| 17वीं लोकसभा : | 78 |
| 18वीं लोकसभा : | 75 |

(कुल सदस्यों का लगभग 14%)।

राज्यसभा

1952 : 15 | वर्तमान : 42 सोर्स : PIB

AI Image

### ...तो लोकसभा में सदस्यों की संख्या 816 हो जाएगी

सूत्रों के मुताबिक, महिलाओं को आरक्षण देने के लिए 2011 की जनगणना को आधार बनाया जा सकता है। संसद ने 2023 में महिला आरक्षण के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास किया था। इसमें संसद के सभी ही राज्यों की विधानसभाओं में 33% सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रावधान है। इसे नई जनगणना और परिसीमन के बाद लागू किया जाना था। पर अब इसे जल्दी लागू किया जा सकता है। राज्यों में लोकसभा और विधानसभा सीटों में 50% की बढ़ोतरी की जाएगी, जो आनुपातिक होगी और इसमें 33% महिलाओं के लिए आरक्षण होगा। 2029 में लोकसभा में सदस्यों की संख्या तब बढ़कर 816 हो जाएगी और महिलाओं के लिए 273 सीटें आरक्षित होंगी।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 24-03-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG2 User: cci Time: 03-23-2026 23:42 Color:



# ट्रीटेड वॉटर से होगी सिंचाई और बागवानी

## योगी कैबिनेट ने सेफ रि-यूज ट्रीटेड वॉटर पॉलिसी को दी मंजूरी, पीने के अलावा अन्य कामों में होगा उपयोग

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : प्रदेश में जल संकट की आशंकाओं को ध्यान करने एवं पानी के बेहतर प्रबंधन के लिए ट्रीटेड वॉटर का गैर-पेय कामों में उपयोग किया जाएगा। सोमवार को सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यूपी स्टेट पॉलिसी ऑन रियूज ऑफ ट्रीटेड वॉटर को मंजूरी दे दी गई। पॉलिसी का उद्देश्य घरों और उद्योगों से निकलने वाले अपशिष्ट जल को शोधित कर दोबारा उपयोग में लाना है, जिससे पेयजल संसाधनों पर दबाव कम हो सके। उद्योग, बागवानी, सिंचाई आदि में इसका उपयोग किया जाएगा।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि सिंचाई, घरेलू, औद्योगिक और कन्नों क्षेत्रों में पानी की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में सरकार ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) और फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) के जरिए ट्रीटेड वॉटर के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देने की योजना बनाई है। शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में निकलने वाले अपशिष्ट जल को ट्रीट कर पहले चरण में गैर निकाय उपयोग, निर्माण कार्य, बागवानी और सिंचाई में इस्तेमाल किया जाएगा। दूसरे चरण में उद्योग, कृषि और रेलवे जैसे क्षेत्रों में इसका विस्तार होगा। वहीं, तीसरे चरण में ड्यूल पाइप सिस्टम के जरिए घरों तक गैर-पेयी योग्य उपयोग के लिए पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

**एमएसएमई के लिए भी बनेगे औद्योगिक क्षेत्रमा :** प्रदेश में एमएसएमई की स्थापना लागत कम करने एवं सुविधा देने के लिए पीपीपी मॉडल पर आधारित 'प्लग-ऐंड-प्ले औद्योगिक क्षेत्र योजना-2026' को कैबिनेट ने हरी झंडी दे दी है। अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार ने बताया कि अभी लीज-ऐंड-बिल्ड मॉडल में उद्यमियों को भूमि लेने के बाद भवन, आंतरिक सड़क, ड्रेनेज, एसटीपी/ईटीपी और अग्निशमन जैसी सुविधाओं पर भारी निवेश करना पड़ता है, जिससे उत्पादन शुरू होने में 18-36 माह लग जाते हैं। नई योजना के तहत पूर्व-निर्मित, उपयोगिताओं से युक्त औद्योगिक क्षेत्रमा उपलब्ध करवाए जाएंगे। इससे एमएसएमई सहित उद्योगों को तुरंत संचालन योग्य ढांचाढ्ढ्कर मिलेगा, जिससे लागत घटेगी, उत्पादन तेजी से शुरू होगा और रोजगार सृजन बढ़ेगा। योजना में माइक्रो इंजिनियरिंग, इलेक्ट्रिकल-इलेक्ट्रॉनिक्स, ईवी कंपोनेंट्स, ऑटो सहायक उद्योग, टेक्सटाइल-गारमेंट, फूड प्रोसेसिंग, प्लास्टिक पैकेजिंग, डिफेंस-एयरोस्पेस और हेल्थकेयर जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है, जबकि औद्योगिक विकास प्राधिकरण आवश्यकता अनुसार क्षेत्र-विशिष्ट सुविधाएं भी प्रदान करेंगे। भूमि का स्वामित्व प्राधिकरण के पास होगा और निजी डिवेलपर को 45 वर्ष के लिए जमीन विकास के लिए दी जाएगी। वह उद्योगों को सब-लीज पर क्षेत्रमा उपलब्ध करवाएगा और किराया लेगा।

**नॉलेज इकोनॉमी को बढ़ावा देगे बिजनेस पार्क :** कैबिनेट ने प्रदेश में नॉलेज इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए 'उत्तर प्रदेश निजी बिजनेस पार्क विकास पॉलिसी-2025' को मंजूरी दे दी है। प्रदेश में ऐसे बिजनेस पार्क विकसित किए जाएंगे, जहां वैज्ञिक निगमों के कार्यालय, रिसर्च ऐंड डिवेलपमेंट सेंटर, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर और संचालन केंद्र स्थापित किए जा सकेंगे। इन पार्कों में रेडी-टू-ऑपरेट और प्लग-ऐंड-प्ले सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी, जिससे सेवा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में तेजी से विस्तार होगा। हर बिजनेस पार्क को 45 वर्षों की रियायत अवधि पर विकसित किया जाएगा, जिसे आगे 45 वर्षों तक बढ़ाया जा सकेगा। इसके बाद विकसित संपत्तियां सरकार को हस्तांतरित कर दी जाएंगी। कम से कम 10 एकड़ जमीन पर इसे विकसित किया जाएगा।

**58 जिलों के मुख्यालय भी होंगे स्मार्ट:** नगर निगमों की तर्ज पर उन नगरीय निकायों को भी स्मार्ट बनाया जाएगा जहां संबंधित जिले का मुख्यालय स्थित है। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि 'नव्यवुग पालिका योजना' को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। इसके तहत 58 जिला मुख्यालयों के नगरीय निकायों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इसमें 55 नगर पालिका, 3 नगर पंचायत व दादरी नगर पालिका शामिल है। योजना के तहत प्रत्येक वर्ष 583.20 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी, इस तरह 5 वर्षों में कुल 2916 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। सड़कों, जल निकासी, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, पार्क, कम्यूनिटी सेंटर, ऑडिटोरियम, थीम पार्क और अन्य नागरिक सुविधाओं का व्यापक विकास किया जाएगा। निकायों को उनकी जनसंख्या के आधार पर दो श्रेणियों (1.5 लाख से अधिक और 1.5 लाख से कम आबादी) में विभाजित किया गया है।

**माध्यम सेवा संस्थान को 1 रुपये में दी जाएगी जमीन :** एलडीएडीआई के सामने निर्मित माध्यम सेवा संस्थान को इसके पास की 5393 वर्ग भूमि 1 रुपये के सालाना मूल्य पर लीज पर दी जाएगी। यह जमीन चिकित्सा शिक्षा विभाग को दी जाएगी। माध्यम सेवा संस्थान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का ही एक प्रकल्प है जो न्यूनतम शुल्क पर तीमारदारों के रहने, भोजन आदि की सुविधा उपलब्ध करवाता है।

**लोक सेवा अधिकरण के सदस्यों की आयु सीमा बढ़ी :** कैबिनेट ने यूपी लोक सेवा अधिकरण के लिए सदस्य, उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष की आयु सीमा बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। सदस्य की आयु सीमा 62 से बढ़ाकर 65 साल तक और उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष की 65 साल से बढ़ाकर 67 साल कर दी गई है। यह व्यवस्था पहले भी लागू थी लेकिन इसमें बदलाव कर दिया गया था। अब फिर से आयु सीमा बढ़ाई गई है।

### गोरखपुर बनेगा सोलर सिटी

अयोध्या के बाद गोरखपुर को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने का फैसला लिया गया है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि इसके तहत शिलुआताल में 20 मेगावाट क्षमता का फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट स्थापित किया जाएगा, जिससे हरित ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के मानकों के अनुसार सोलर सिटी के रूप में विकसित शहरों में 5 वर्षों के भीतर परंपरिक ऊर्जा की कुल मांग में कम से कम 10% की कमी लाना अनिवार्य है। गोरखपुर के लिए यह लक्ष्य करीब 121.8 मिलियन यूनिट ऊर्जा अक्षय स्रोतों से प्राप्त करना निर्धारित किया गया है। शिलुआताल में प्रस्तावित फ्लोटिंग सोलर प्लांट के लिए करीब 80 एकड़ जल क्षेत्र का उपयोग किया जाएगा। कोल इंडिया लिमिटेड इस प्लांट को विकसित करेगी, जहां से हर साल कम से कम 33.29 मिलियन यूनिट ग्रीन एनर्जी की उत्पादन होगा।

### ग्रेटर नोएडा में बनेगा मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क

कैबिनेट ने ग्रेटर नोएडा में 174.12 एकड़ भूमि पर मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क की स्थापना के लिए नियम, शर्तों और ब्रीफ को मंजूरी दे दी गई है। सरकार की नीति के तहत न्यूनतम 1000 करोड़ रुपये के निवेश वाली परियोजनाओं को 30% फ्रंट-एंड लैंड सब्सिडी प्रदान की जाएगी। यह सरकारी व औद्योगिक विकास प्राधिकरण से लीज पर आवंटित भूमि पर ही अनुमन्य होगी। इसी के तहत सब्सिडी भी मंजूर कर ली गई। भूखंड के आवंटन के लिए ई-नीलामी मॉडल अपनाया जाएगा। भारत में पंजीकृत साइंडहरी फर्म, एलालपी, निजी व सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियां इसमें भाग ले सकेंगी, जबकि कंसोर्टियम व जॉइंट वेंचर को निविदा में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी। भूखंड का अधिक मूल्य ₹11,000 रुपये प्रति वर्गमीटर निर्धारित किया गया है। सफल बोलीदाता को परियोजना 7 वर्षों में पूर्ण करनी होगी, जिसमें पहले 3 वर्षों में कम से कम 40% कार्य पूरा करना अनिवार्य होगा।

### ये फैसले भी हुए

- औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2012, 2017, 2020, 2022 के तहत डिफिन्ड उद्योगों को सब्सिडी दी जाएगी।
- संभल में गंगा एक्सप्रेसवे के पास इंटीग्रेटेड मैनुफैक्चरिंग ऐंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर के विकास एवं इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने पर 245 करोड़ खर्च होंगे।
- बुलंदशहर एवं खुर्जा विकास प्राधिकरण में 14 और राजस्व गांवों को शामिल किया जाएगा।
- 87 हजार गांठ जूट बोरे खरीदने के लिए अतिरिक्त धनराशि को हरी झंडी।
- घाटमपुर के नेवायली पॉवर प्लांट के लिए झारखंड के दूमका में आवंटित पाकवारा साउथ कोल ब्लॉक के विकास पर 2243 करोड़ रुपये खर्च होंगे, बिजली का उत्पादन 1 रुपये प्रति यूनिट सस्ता पड़ेगा।
- इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण नीति 2020 के तहत हायर एप्लायंसेज, फैजेट इलेक्ट्रॉनिक्स को सब्सिडी और एलजी इंडिया को लेटर ऑफ कंफर्ट जारी करने की मंजूरी।
- सुरक्षा विभाग में कदम हो गए 23 वाहनों के जगह नए खरीदे जाएंगे।
- नार्थ-साउथ कॉरिडोर के विकास के लिए सिद्धार्थनगर में बर्हापुर-पिपरहवा मार्ग 4 लेन होगा, 261.49 करोड़ रुपये खर्च होंगे।
- संभल में 24 कोसी दशमोत्तर तीर्थ परिक्रमा मार्ग का चौड़ीकरण किया जाएगा, 300.10 करोड़ रुपये मंजूर।
- किसान सहकारी मिल, बागपत की पेराई क्षमता 2500 टीसीडी (टन्स कुरड पर डे) से बढ़ाकर 5000 टीसीडी की जाएगी।
- ललितपुर में राजकीय मेडिकल कॉलेज में इंटीग्रेटेड पैथिक हेल्थ लैब और 100 बेड के डिटिकल केयर ब्लॉक के लिए 3250 वर्गमीटर जमीन निःशुल्क दी जाएगी।
- बलरामपुर-झारखंडी रेलवे स्टेशन के बीच संपार संख्या 136 पर 2 लेन का रेलवे ओवरब्रिज बनेगा, 292.21 करोड़ रुपये की स्वीकृति।
- औद्योगिक विकास प्राधिकरण केंद्रीयत सेवा नियमावली को मंजूरी, बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के नवसृजित 1021 पद समाप्त किए गए।

कैबिनेट की बैठक

## फटाफट खबरें

### यूपी में विकसित होंगे 51 नए वेटलैंड

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी में 51 नए वेटलैंड को मंजूरी मिल गई है। उप्र राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण की बैठक में यह फैसला किया गया। बैठक में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री भी मौजूद रहे। उप्र राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण के मुताबिक नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत अलैनड, बदायूं कासगंज, प्रयागराज, कानपुर नगर, चंदौली, फर्रुखाबाद, उन्नाव, भदोही, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, बहिया, प्रिंजगैर और अमरोहा में 23 वेटलैंड विकसित होने जो करीब 750 हेक्टेअर में फैला होगा। वहीं, महाराजगंज, बलरामपुर, अयोध्या, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर में 1130.653 हेक्टेअर में फैले 28 वेटलैंड को भी मंजूरी दी गई है। बैठक में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की प्रमुख सचिव डॉ. हेमाली सिन्हामें मौजूद रहे।

### फर्जी दस्तावेज लगाने का आरोप, जांच की मांग

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : मिनिस्टीरियल असोसिएशन ने लोक निर्माण विभाग में फ़र्जी और धांधली सॉफ्टवेयर पर फर्जी अनुभव प्रमाणपत्र लगाकर जालसाजी करने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष राम लखन सिंह और प्रदेश महामंत्री मनीष कुमार शुक्ला की तरफ से इसे लेकर झांसी क्षेत्र के चीफ इंजिनियर को ज्ञापन सौंपा है। मीनिस्टीरियल असोसिएशन के मुताबिक ऐसा मामला झांसी में सामने आया है। यहां शालिनी दीक्षित ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाते समय जो दस्तावेज लगाए उनमें अनुभव प्रमाणपत्र फर्जी है। आरोप है कि झांसी और उसके आसपास के जिलों में बड़े पैमाने अधिकारी और इंजीनियर मिलीभगत कर हो रहे इस फर्जीवाड़े में शामिल है।

### टीबी मुक्त के लिए 100 दिन का अभियान

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : टीबी से निपटने और इस बीमारी पर लगाम लगाने के लिए यूपी में 100 दिवसीय अभियान चलाया जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा इसका शुभारंभ करेंगे। ग्रेटर नोएडा स्थित गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में यह आयोजन होगा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की राज्य मंत्री अनूपिया पटेल, यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के अलावा अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष भी शामिल होंगे। इस दौरान टीबी मुक्त भारत रथ विथ खुशी (ई-नि-क्षय मित्र) और टीबी फ्री अर्बन वॉर्ड इनिशिएटिव का भी होगा शुभारंभ होगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष ने बताया कि इस कार्यक्रम में केंद्र एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

### पुलिस में 1933 पदों पर भर्ती के लिए होगी परीक्षा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी पुलिस की अलग-अलग इकाइयों के 1933 पदों के लिए अक्टूबर-नवंबर 2026 में ऑफलाइन लिखित परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने विभिन्न संवर्गों में सीधी भर्ती-2025 के तहत अभ्यर्थियों के लिए सीमवार को यह महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। इन भर्तियों के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। बोर्ड के अनुसार पुलिस उपनिरीक्षक (मौनीय), पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) और पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) के कुल 537 रिक्त पदों पर, कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए के 1352 रिक्त पदों पर और सहायक परिवालक के 44 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए अक्टूबर-नवंबर 2026 में लिखित परीक्षा आयोजित होगी। इस प्रकार तीनों भर्तियों को मिलाकर कुल 1933 पदों पर चयन प्रक्रिया प्रस्तावित है।

### मनाया जाएगा मिशन कर्मयोगी साधना सप्ताह

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : राज्य कर्मचारियों के बीच आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) को बढ़ावा देने और कर्मचारियों के कामकाज को बेहतर बनाने के लिए 2 से 8 अप्रैल तक मिशन कर्मयोगी साधना सप्ताह मनाया जाएगा। इसके लिए वार्मिक विभाग ने सभी विभागों को आदेश जारी कर दिया है। इसमें राज्य सरकार के अधिकारियों और कर्मचारियों को आईजीओटी कर्मयोगी प्लैटफॉर्म पर कम से कम चार घंटे की ट्रेनिंग करना अनिवार्य होगा। इसमें कर्मचारियों को एआई से जुड़ी ट्रेनिंग भी दी जाएगी।

### साल 2030 तक HIV मुक्त हो जाएगा यूपी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी को साल 2030 तक एड्स मुक्त करने का लक्ष्य तय किया गया है। उप्र राज्य HIV नियंत्रण सोसायटी की तरफ से राज्य सूचना विभाग में आयोजित कार्यक्रम में यह जानकारी दी गई। संयुक्त निदेशक रमेश श्रीवास्तव के मुताबिक यूपी में साल 2030 तक HIV के नए संक्रमण को रोक लेंगे। इसके बाद जो पुराने संक्रमण है, उनकी एक साल तक निगरानी की जाएगी। इसे अगर सही तरीके से पूरा कर लेते है तो यूपी अपना लक्ष्य हासिल कर लेगा। कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक डॉ. संजय सोलंकी भी मौजूद रहे। इस दौरान संयुक्त निदेशक रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस समय यूपी में लगभग 1.38 लाख एचआईवी संक्रमित व्यक्ति एआरटी केंद्रों पर मुफ्त फार्मासी, इलाज और देखरेख ले रहे है। इन संक्रमितों के लिए मंडल स्तर पर लोकपाल बने है, जो मददगार होते है।

### 'कोडीन सिरप की ऑनलाइन निगरानी हो'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : मुख्य सचिव एसपी गोयल ने कहा है कि कोडीन युक्त कफ सिरप की सप्लाई एवं बिक्री की निगरानी के लिए ऑफलाइन व्यवस्था के स्थान पर ऑनलाइन व्यवस्था तैयार की जाए। स्टॉक रखने के स्थान का भौतिक सत्यापन अवश्य करवाया जाए। फर्जी फर्मों, अवैध भंडारण या बिक्री से लिप्त पाए जाने पर तत्काल कानूनी कार्रवाई हो। गोयल ने सोमवार को नेशनल नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन पोर्टल (एनकॉर्ड) की राज्य स्तरीय समिति की बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर जिले में महीने में कम से कम दो एनकॉर्ड (नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन) बैठकें अनिवार्य रूप से आयोजित होनी चाहिए। जिन जिलों में इस वर्ष बैठक निर्धारित संख्या से कम हुई है, उन्हें इस संबंध में सख्त निर्देश दिए जाएं।

### आलू का एमएसपी घोषित करने की मांग

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : आलू किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) ने उद्यान भवन पहुंचकर उद्यान विभाग के निदेशक भानु प्रकाश राय को ज्ञापन सौंपा। इससे पहले हुई बैठक में प्रदेश अध्यक्ष हरनाम सिंह के साथ उद्यान विभाग के निदेशक समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष हरनाम सिंह चौधरी के मुताबिक एसएसवी के अलावा आलू किसानों के लिए ब्राइज स्टेबिलाइजेशन फंड की स्थापना करने की जरूरत जताई ताकि तंग गिरने की स्थिति में सरकार सीधे किसानों से आलू खरीद सके। इसके अलावा यूपी में कोल्ड स्टोरेज की संख्या बढ़ाने के साथ भंडारण और ट्रांसपोर्टेशन फीस कम करने की मांग भी की गई।

### शहरी नियोजन के लिए जरूरत है जियोस्पेशल डेटा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : विकास प्राधिकरणों ने शहरी नियोजन का सवाल हो या सिर मनचिंता। जमीन से जुड़े डिजीटल डेटा की जरूरत हो या फिर देश के बड़े भू-भाग पर कहां कौन सा प्राकृतिक संसाधन है? इन सबका जवाब जियोस्पेशल डेटा के जरिए आसानी से मिल सकता है। इसका इस्तेमाल करके कृषि, आजीविका और लॉजिस्टिक समेत आम आदमी के जीवन और व्यवसाय को बेहतर किया जा सकता है। यह बात राज्य स्तरीय ऑपरेशन ट्रैकबिनी समन्वय समिति की बैठक में विशेषज्ञों ने कही। बैठक का आयोजन मौसी नगर स्थित उत्तर प्रदेश भू-स्थानिक निदेशालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव पंकजी यादव ने की। निदेशक डीएम पाठक ने ऑपरेशन ट्रोनबिर्ड के बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद आईआईटी कानपुर के प्रफेसर डॉ. गोपाल दीक्षित ने कराणसी में चल रहे कामों का प्रेजेंटेशन दिया।

### 125 ग्रामीण स्टेडियम तैयार, 39 जल्द होंगे पूरे

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी में अब तक 125 ग्रामीण स्टेडियमों का निर्माण करवाया जा चुका है, जबकि 39 प्रोजेक्ट्स का काम जल्द ही पूरा होने वाला है। प्रदेश में युवाओं के शारीरिक विकास के लिए की जा रही कोशिशों की जानकारी देते हुए युवा कल्याण एवं खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने यह बात कही। उन्होंने बताया कि यूपी के 8 विकास खंडों में दो-दो स्टेडियम भी बनाए गए हैं। युवाओं को सामाजिक और राष्ट्रीय अभियानों से जोड़ने के लिए युवक एवं महिला मंगल दलों की अहमियत बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश की 57,696 ग्राम पंचायतों में अब तक 53,760 युवक मंगल दल और 52,354 महिला मंगल दल बनाए जा चुके हैं। अब तक 96,000 मंगल दलों को खेल सामग्री मुहैया करवाई गई है।

## यूपी में 30 मार्च से शुरू होगी गेहूं की खरीद, 50 लाख टन खरीद का लक्ष्य

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी में गेहूं की सरकारी खरीद 30 मार्च यानी सोमवार से शुरू होगी, जो 15 जून 2026 तक चलेगी। सोमवार को सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इसे मंजूरी दी गई। गेहूं खरीद के लिए सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रुपये प्रति कुंतल घोषित किया है, जो पिछले साल से 160 रुपये प्रति कुंतल अधिक है।

सरकार ने किसानों के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए उतराई, छनाई और सफाई के मद में 20 रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त देने का प्रावधान किया है। इस अतिरिक्त व्यय का करीब 60 करोड़ रुपये का भार मंडी परिषद वहन करेगी। पिछले सालों में यूपी में कम हुई गेहूं की खरीद के मद्देनजर इस साल खाद्य एवं रसद विभाग ने इस रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेहूं खरीद का लक्ष्य 30 लाख टन तय किया था, जिसे कैबिनेट बैठक में सीएम योगी ने बढ़ा कर 50 लाख टन कर दिया।

**पनवेल महानगरपालिका**

ता. पनवेल, जिल्हा - रायगड, पनवेल ४१० २०६

जा.क्र.पमपा/पापुवि/९९२५/प्र.क्र.०१/१८८/२०२६ दिनांक : २३/०३/२०२६

**निविदा सुचना**

| अ.क्र. | निविदा क्र. | कामाचे नाव | अंदाजपत्रकीय रक्कम |
|---|---|---|---|
| १ | PMC / WS/49/ 2025-26 | देहरंग धरणातून पनवेल महानगरीतला यात्रीय पाणी पुरवठा योजना करणे. | रु. ११५,४८,४१,२५५/- |

वरील ई-निविदाबाबची माहिती शासनाच्या https://mahatenders.gov.in या संकेत स्थळावर दिनांक २४/०३/२०२६ रोजी प्रसिद्ध करण्यात येईल. संबंधित निविदाधारकांनी याची नोंद घ्यावी.

सही/-
(गणेश शेटे)
अतिरिक्त आयुक्त-१
पनवेल महानगरपालिका



**जगजीवन राम रेलवे सुरक्षा बल अकादमी**

(रेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन केन्द्रीकृत प्रशिक्षण संस्थान)

**JAGJIVAN RAM RPF ACADEMY**

(A CTI OF GOVERNMENT OF INDIA UNDER THE MINISTRY OF RAILWAYS)
TALKATORA ROAD, ALAMBAGH, P.O. MANAK NAGAR, LUCKNOW-226011
Email: director.jr.academy@gov.in & Website: https://rpfa.indianrailways.gov.in
Control Room Nos. Mob: 9794833743 Landline: 0522-2983344

जगजीवन राम रेलवे सुरक्षा बल अकादमी, तालकटोरा रोड, मानकनगर लखनऊ परिसर में 145 अदद आम, 18 अदद कठहल व 18 अदद लीची के वृक्षों की फसल की खुली नीलामी वर्ष - 2026 के लिए दिनांक 28.03.2026 को 15:00 बजे अकादमी प्रांगण में कराई जायेगी। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यापारी किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 17:00 बजे तक फसल का भौतिक निरीक्षण तथा नीलामी की शर्तों की प्रति प्राप्त कर सकते है।

उप-प्रधानाचार्य
ज.रा. रे.सु.ब. अकादमी
लखनऊ



**REDEVELOPMENT TENDER NOTICE**

Ref: Redevelopment Tender/MIRA/26-27 Date: 24th March 2026

Request for DEMOLITION, REDEVELOPMENT and CONVEYANCE OF NEW SUPERSTRUCTURE

**MIRA CO-OP HOUSING SOCIETY LTD. (NO.2)** are the lawful owners of Premises, total land, Property of admeasuring **40,969 sq.mtrs. (4,40,990 sq.ft.)** on plot of land bearing 39, Shankar Shet Road, Pune - 411 037. The office bearers of the Society, the undersigned signatories on behalf of the Society, invite sealed offers from Real Estate Bidder/ Tenderers/ Companies having experience in development of residential cum commercial complexes.

The Bidder /Tenderer should have completed at least 1 (One) project each of value at Construction Cost, more than **Rs. 800,00,00,000/- (Eight Hundred Crores),** an urban Highrise project of 20 floors or more in last five years, priority will be given to the developers, who have successfully completed multiple projects of the above mentioned configuration. The bidder/ tenderer should go through prequalification criteria document and provide acceptance before purchase of tender document. Date & schedule of the tender process are mentioned in the tender. Offers are requested for bids for Demolition, entire Redevelopment and Conveyance of New Superstructure of our existing structures in **MIRA CO-OP HOUSING SOCIETY LTD. (NO.2)** premises owned by the Society members on the said plot of land. The members of society expect Bidder/Tenderer to carry out the proposed Redevelopment of The Society's buildings in lieu of FSI/TOD/ TDR/ Premium FSI/Green Building FSI, Ancillary FSI along with road widening FSI /TOD/Enhancement of FSI etc. if any by statutory authority. The Tender document can be obtained from the Office at **MIRA CO-OP HOUSING SOCIETY LTD. (NO.2)** 39, Shankar Shet Road, Pune - 411037, **from 24.03.2026 to 07.05.2026 between 11.00 A.M. to 7.00 P.M.** (excluding all Saturdays and public holidays). The tender document will be issued to the tenderers on payment of non-refundable fee amounting to **Rs. 3,00,000/- (Rs. Three Lakhs Only) + 18% GST** as applicable by Demand Draft payable at Pune drawn in favor of **"MIRA CO-OP HOUSING SOCIETY LTD. (NO.2)"** The duly filled and sealed Tender shall be submitted **on 27.06.2026** between **11.00 A.M. to 5.00 P.M.** at the above mentioned Society's office. The Tenders will be opened on the same day of the submission date i.e., **27.06.2026 at 7.00 P.M.** at a place which will be notified at the time of the submission of the tender **on 27.06.2026. "MIRA CO-OP HOUSING SOCIETY LTD. (NO.2)"** reserves all the rights to accept or reject any or all the tenders without assigning any reasons thereof.

**For MIRA CO-OP HOUSING SOCIETY LTD. (NO.2)**

Hon. Chairman — Mr. Vijay Dhere — M: +91 9822268268
Hon. Secretary — Mr. Mubeen Sayed — M: + 91 9371018690

Project Architect & Project Management Consultant
Devendra Dhere (Architect and Urban Planner) Mob : +91 9158182555
Email : devendra@ddarchitectsdesign.com


## घूसखोरी में तत्कालीन चीफ यार्ड मास्टर को चार साल की सजा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : गाजियाबाद की सीबीआई अदालत ने आगरा कैंट रेलवे स्टेशन के तत्कालीन चीफ यार्ड मास्टर रवी श्रीमाट को रिश्वतखोरी के मामले में दोषी ठहराते हुए चार वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। यह फैसला सोमवार को सुनाया गया। अदालत ने माना कि एक लोकसेवक द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर रिश्वत मांगना गंभीर अपराध है, जिससे सरकारी तंत्र की विश्वसनीयता प्रभावित होती है।

सीबीआई के मुताबिक, रवी श्रीमाट के खिलाफ 4 जुलाई 2015 को मामला दर्ज किया गया था। आरोप था कि उन्होंने एक ठेकेदार से रेलवे में गार्डर लांचर बॉक्स की लोडिंग और अनलोडिंग के काम में कथित रूप से संतोषजनक प्रदर्शन न होने पर लगाए गए जुर्माने को कम करने के बदले 30 हजार रुपये रिश्वत मांगी थी। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने जांच शुरू की और ट्रैप टीम गठित की। जांच के दौरान सीबीआई ने आरोपित को शिकायतकर्ता से रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 5 हजार रुपये लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। इसके बाद उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। जांच पूरी होने पर 24 नवंबर 2015 को विशेष अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया गया। लंबी सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने गवाहों और दस्तावेजी सबूतों के आधार पर आरोप सिद्ध किए, जिसके बाद अदालत ने दोषसिद्धि और सजा का आदेश दिया।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 24-03-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLFLP1 User: cci Time: 03-24-2026 00:27 Color:

फैजुल्लागंज, गोमती किनारे

# जहां चाहा गिरा दिया कूड़ा, लगा दी तीली

## खुले में कूड़ा जलाने की घटनाओं में इज़ाफा, अधिकारी बन रहे अंजान

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

नगर निगम की ओर से कूड़ा प्रबंधन में बरती जा रही लापरवाही शहर की हवा को गंभीर रूप से जहरीला बना रही है। IIM रोड पर नियमों को ताक पर रखकर नया कूड़ा डंपिंग ग्राउंड बना दिया गया है, जहां खुलेआम कूड़ा जलाया जा रहा है। ऐसा ही हाल शहर के दूसरे इलाकों का भी है, जहां कूड़े के ढेर में आग लगाकर उसका 'निस्तारण' किया जा रहा है। वहीं, नगर निगम के अफसर इससे खुद को अंजान बता रहे हैं।

> IIM रोड पर नियमों को रखा जा रहा ताक पर, बनाया जा रहा नया कूड़ा डंपिंग ग्राउंड

नगर निगम की उदासीनता अब लोगों की सांसों पर भारी पड़ने लगी है। IIM रोड स्थित लोधरिया के पास डूम फैक्ट्री सर्किस लेन पर कूड़ा डंपिंग जोन खाली प्लॉट पर बन गया है। यहां रोजाना करीब 500 मीट्रिक टन कूड़ा नगर निगम के डंपर से गिराया जाता है। इसके बाद तड़के कूड़े में आग लगा दी जाती है। बीते छह महीने से ऐसा किया जा रहा है, जिससे पूरे इलाके में दुर्गंध और धुआं फैला रहता है।

### पक्का पुल के पास भी कूड़े में आग

IIM रोड के अलावा पक्का पुल के पास गोमती नदी किनारे भी नया अघोषित डंपिंग ग्राउंड बना दिया गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि करीब एक किलोमीटर तक सड़क और नदी किनारे कूड़ा फैला है। यही नहीं, कूड़ा उठाने की जगह इसमें आग लगाई जा रही है। जब कूड़े का ढेर ज्यादा हो जाता है, तो उसे जेसीबी से गोमती की ओर धकेल दिया जाता है। ऐसे में गोमती नदी को भी प्रदूषित किया जा रहा है।

सीतापुर रोड, डालीगंज क्रॉसिंग के पास

### शिकायत के बाद भी निस्तारण नहीं

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार नगर निगम के अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन हर बार आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिला। कूड़ा डंप करना आज तक बंद नहीं हुआ। नगर निगम की अनदेखी के कारण क्षेत्र में बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है।

**यहां करें शिकायत**
टोल-फ्री नंबर 1533

> **कूड़े में आग लगने की घटनाओं का संज्ञान लेकर संबंधित जोन की कार्यदायी संस्थाओं से जवाब मांगा जाएगा। कूड़े को जलाने की साफ तौर पर मनाही है।**
>
> *– संजीव प्रधान, पर्यावरण अभियंता, नगर निगम*

### इन इलाकों में भी हो रही मनमानी

वृंदावन योजना सेक्टर-16, सीतापुर रोड, इंदिरानगर, आशियाना और गोमतीनगर में कूड़ा जलाने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इसके अलावा विभूति खंड, विनीत खंड, डालीबाग और फैजुल्लागंज जैसे इलाकों में कूड़ा गाड़ियां सड़क किनारे ही कूड़ा डंप कर रही हैं।

### शिवरी में कूड़े की आवक घटी

कूड़े की कहीं भी डंपिंग और आग लगाए जाने के कारण मोहान रोड स्थित शिवरी प्लांट पर कूड़े की मात्रा में भारी गिरावट आई है। आंकड़ों के अनुसार पहले शहर से प्रतिदिन औसतन 2,100 मीट्रिक टन कूड़ा शिवरी प्लांट पहुंचता था, लेकिन अब 1,600 मीट्रिक टन कूड़ा ही पहुंच रहा है।

IIM रोड

## फटाफट खबरें

### शालीमार गैलेंट के अध्यक्ष बने विकास

■ NBT न्यूज, लखनऊः शालीमार गैलेंट अपार्टमेंट्स में रविवार को रेजीडेंट ओनर असोसिएशन के चुनाव में विकास टंडन अध्यक्ष और सुमित गुप्ता सचिव चुने गए। विभिन्न पदों के लिए 21 उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें से शीर्ष 10 को नई कार्यकारिणी के रूप में चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में मुकुंद शर्मा उपाध्यक्ष और नितेश अग्रवाल कोषाध्यक्ष बने। अन्य सदस्यों में अरुण खन्ना, शिव कुमार सिधानिया, ऋतु गुप्ता, अजय अग्रवाल, रेनू आहुजा और अनिल सचर शामिल हैं।

### आपत्ति दर्ज कराएंगे व्यापारी और उद्यमी

■ NBT न्यूज, लखनऊः कुर्सी रोड महायोजना-2031 के तहत प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित व्यापारी, उद्यमी और भवन स्वामियों ने योजना पर आपत्तियां दर्ज कराएंगे। यह निर्णय बसंत, कुर्सी रोड स्थित एक होटल में हुई बैठक में लिया गया। बैठक में बड़ी संख्या में व्यापारी व उद्यमी मौजूद रहे, कई लोगों ने योजना को लेकर विरोध जताया। इस दौरान आराधना कुमारी ने कहा कि योजना लागू होने से धार्मिक स्थलों, शैक्षिक व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और आवासों पर असर पड़ेगा, जिससे हजारों लोगों की रोजी-रोटी प्रभावित होगी।

### आज अस्त होते सूर्य को दिया जाएगा अर्घ्य

■ NBT न्यूज, लखनऊः चैती छठ महापर्व पर मंगलवार को अस्त होते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। बुधवार को उदय होते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय भोजपुरी समाज की ओर से लक्ष्मण मेला मैदान स्थित गोमती तट पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। सोमवार को समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय के नेतृत्व में संस्था के पदाधिकारियों ने घाट पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

## ड्रेनेज सिस्टम नहीं, उफना रही मरीन ड्राइव

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊः गोमती नगर स्थित मरीन ड्राइव अपनी खूबसूरती खोती जा रही है। चटोरी गली के रेस्तरां से निकलने वाले गंदे पानी और ड्रेनेज सिस्टम की कमी के कारण मरीन ड्राइव की पहचान मानी जाने वाली लाल संगमरमर की दीवारें अब काली पड़ने लगी हैं।

> रेस्तरां का गंदा पानी सड़क पर, काली पड़ रही लाल संगमरमर की दीवार

चटोरी गली के रेस्तरां का पानी सीधे सड़कों पर बह रहा है। एलडीए द्वारा उचित जल निकासी की व्यवस्था न होने से गंदगी सड़कों पर जमा हो रही है। इस कारण पैदल चलने वाले और पर्यटकों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, एलडीए के अफसरों का कहना है कि चटोरी गली से बहने वाले पानी की निकासी के लिए ड्रेनेज सिस्टम विकसित किया जा रहा है। एक महीने के भीतर समस्या दूर हो जाएगी।

## नामित 10 पार्षदों को मेयर ने दिलाई शपथ

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय में सोमवार को शासन की तरफ से नामित 10 पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इसमें मेयर सुषमा खर्कवाल ने पार्षदों को शपथ दिलाई। उन्होंने नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ मिलकर पार्षदों को माल पहनाई। इस बीच वहां मौजूद पार्षद बीजेपी जिलाध्यक्ष के नारे लगाते रहे। शासन द्वारा जारी सूची में जिन लोगों को नामित पार्षद बनाया गया है। उनमें गणेश वर्मा, दीपू जायसवाल, रूपचंद अग्रवाल, पंकज बोस, किशन पाल, संतोष सिंह बलखंडी, नेहा सिंह, अखिलेश गिरि, मधुबाला जिवानी और पुष्पोत्तम पुरी शामिल हैं। उन्हें प्रमाण पत्र भी दिया गया।

> नगर निगम मुख्यालय में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## PCTS का लोकार्पण, 101 EV को दिखाई हरी झंडी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : निगमक के पास सेमाबार को पेटेबल कम्पैक्टर ट्रांसफर स्टेशन (PCTS) का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना मौजूद रहे। अबतक एलएसए द्वारा शहर के जोन 1, 3, 4, 6 और 7 में 21 पीसीटीएस स्थापित किए जा चुके हैं। मौके पर मेयर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त गौरव कुमार, क्षेत्रीय पार्षद अमित कुमार चौधरी, पार्षद सौरभ सिंह 'भोनू', अपर नगर आयुक्त पंकज कुमार श्रीवास्तव, डॉ. अरविंद कुमार राय, जोनल अधिकारी ओम प्रकाश सिंह, नेडएसओ कुलदीपक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान 101 इलेक्ट्रिक (ईवी) वाहनों को मंत्री और महापौर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**अपनी काबिलियत साबित करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से गुजरना होगा**

## CBSE स्कूलों में अब काउंसलर्स का भी 'एग्जाम'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : स्कूली बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और उनकी काउंसलिंग को लेकर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने एक बड़ा कदम उठाया है। अब सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्कूलों में पढ़ाने वाले काउंसलिंग ऐंड वेलनेस टीचर्स (सोशियो-इमोशनल काउंसलर्स) को अपनी काबिलियत साबित करने के लिए एक ऑनलाइन परीक्षा से गुजरना होगा।

बोर्ड ने इसके लिए ऑनलाइन रिमोट इनविजिलेशन एग्जामिनेशन (प्रॉक्टर्ड असेसमेंट) की शुरुआत की है।

**परखा जाएगा प्रैक्टिकल नॉलेज:** सीबीएसई के सचिव हिमांशु गुप्ता की ओर से जारी सर्कुलर के मुताबिक इस पहल का मकसद स्कूलों में स्टूडेंट सपोर्ट सिस्टम को मजबूत करना है। यह कोई सामान्य लिखित परीक्षा नहीं होगी। इसमें काउंसलर्स की स्किल्स, नैतिक समझ (एथिकल अंडरस्टैंडिंग) और प्रैक्टिकल नॉलेज को परखा जाएगा। यह परीक्षा पूरी तरह से एआई आधारित प्लैटफॉर्म डिजी एग्जाम पर आयोजित की जाएगी। इससे परीक्षा में पारदर्शिता, सुरक्षा और एकरूपता सुनिश्चित होगी।

**स्कूलों के लिए सख्त निर्देश:** सीबीएसई ने सभी मान्यता प्राप्त स्कूलों को निर्देश दिया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि बोर्ड की ओर से नॉमिनेट किए जाने पर उनके स्कूल के काउंसलर इस परीक्षा में अनिवार्य रूप से हिस्सा लें। OASIS पोर्टल पर अपडेट रखी जानकारी काउंसलर्स का नॉमिनेशन स्कूलों की ओर से OASIS पोर्टल पर ही गई जानकारी के आधार पर ही किया जाएगा।

### गणित और सोशल साइंस की परीक्षा टली

■ NBT न्यूज, लखनऊ : राजधानी के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे कक्षा 5 और 8 के छात्र-छात्राओं के लिए मंगलवार को होने वाली सामाजिक विज्ञान और गणित विषय की परीक्षा को बेसिक शिक्षा परिषद ने अपरिहार्य कारणों से टाल दिया गया है। अब ये परीक्षाएं 28 मार्च को होंगी। शिक्षा निदेशालय (बेसिक) ने इस संबंध में बीएसए को पत्र भेजते हुए निर्देश जारी किए हैं। उप शिक्षा निदेशक (प्राथमिक) संजय कुमार उपाध्याय के जारी पत्र के मुताबिक सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा के तहत 24 मार्च को होने वाले पेपरों की तारीख में बदलाव किया जा रहा है।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 24-03-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLFLP2 User: cci Time: 03-24-2026 00:30 Color:



# किसे भर्ती करें, किसे लौटाएं?

## ट्रॉमा सेंटर की कैजुअल्टी की क्षमता 50 बेड की, रोज़ आ रहे 350 मरीज़

■ NBT न्यूज, लखनऊ

केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर पर मरीजों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। हालत ऐसे है कि यहां रोजाना क्षमता से पांच से सात गुना अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। ट्रॉमा सेंटर की कैजुअल्टी की क्षमता 50 बेड की है, जबकि प्रतिदिन करीब 350 मरीज पहुंच रहे हैं। ओपीडी से भी कई गंभीर मरीजों को यहां रेफर किया जाता है, जिससे दबाव और बढ़ जाता है।

ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी डॉ. प्रेमरान सिंह के अनुसार सेंटर में 490 बेड उपलब्ध हैं। इनमें 150 वेंटिलेटर बेड हैं, जिनमें कुछ पीडियाट्रिक और बाकी वयस्क मरीजों के लिए हैं। आईसीयू, क्रिटिकल केयर यूनिट, आई बैंक और मिल्क बैंक आदि में भी वेंटिलेटर का उपयोग होता है, जिससे संसाधनों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है।

### रोजाना 100 से 150 नए मरीज

डॉ. प्रेमरान ने बताया कि आईसीयू में मरीज सामान्यतः कम से कम सात दिन तक भर्ती रहते हैं। रोजाना 100 से 150 नए मरीज भर्ती किए जाते हैं। ऐसे में बेड जल्दी खाली नहीं हो पाते। जिन मरीजों की हालत कम गंभीर होती है, उन्हें प्राथमिक उपचार देकर वापस भेज दिया जाता है, जबकि गंभीर मरीजों को प्राथमिकता के आधार पर भर्ती किया जाता है। सीमित संसाधनों के कारण सभी मरीजों को बेड या वेंटिलेटर उपलब्ध कराना संभव नहीं हो पाता। पिछले एक महीने के आंकड़ों पर नजर डालें तो स्थिति और चिंताजनक दिखाई देती है। ट्रॉमा सेंटर में हर दिन 150 से 200 मरीजों को भर्ती नहीं किया जा रहा है। इन मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद अन्य अस्पतालों के लिए रेफर करना पड़ता है।

AI Image

### जिलों से प्रतिदिन आ रहे मरीज़

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| गोंडा | 10-12 | झांसी | 5-8 | कानपुर देहात | 2-3 |
| बहराइच | 12-15 | प्रयागराज | 3-5 | महराजगंज | 2-3 |
| श्रावस्ती | 4-5 | प्रतापगढ़ | 3-5 | मीरजापुर | 1-2 |
| बलरामपुर | 4-5 | वाराणसी | 15-20 | जौनपुर | 2-3 |
| सीतापुर | 15-20 | फतेहपुर | 10-15 | बिजनौर | 2-5 |
| सुलतानपुर | 10-12 | कौशांबी | 10-15 | फर्रुखाबाद | 2-3 |
| अम्बेडकरनगर | 8-10 | पीलीभीत | 2-5 | इटावा | 2-3 |
| अयोध्या | 15-20 | हरदोई | 10-15 | झांसी | 1-2 |
| बस्ती | 10-12 | रायबरेली | 10-15 | हमीरपुर | 2-5 |
| गोरखपुर | 5-7 | लखीमपुर | 10-15 | जालौन | 2-5 |
| आजमगढ़ | 8-10 | संभल/मुरादाबाद | 2-5 | बुलंदशहर | 2-5 |
| उन्नाव | 15-20 | बरेली | 2-5 | सोनभद्र | 2-4 |
| कानपुर | 8-10 | अमेठी | 2-3 | (आंकड़े बीते महीने के हैं) | |

## अल्ट्रासाउंड लिख दिया ...लेकिन होगा कब, पता नहीं?

■ NBT न्यूज, लखनऊ: किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (KGMU) में अल्ट्रासाउंड जांच को लेकर मरीजों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। मरीजों को जांच के लिए 7 से 10 दिन बाद की तारीख दी जा रही है और तय दिन पर पहुंचने के बाद 5 से 6 घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है। दूर-दराज के जिलों से आने वाले मरीज इस व्यवस्था से खासे परेशान हैं, लेकिन मजबूरी में सरकारी अस्पताल का ही सहारा लेना पड़ रहा है।

KGMU में अल्ट्रासाउंड की कई मशीनें हैं, लेकिन OPD मरीजों की जांच न्यू OPD और रेडियोलॉजी विभाग में स्थापित अल्ट्रासाउंड मशीनों से होती है। न्यू OPD में स्थापित मशीनों से दिन में 2 बजे के बाद जांच शुरू होती है, जबकि OPD का समय भी उसी समय तक रहता है। ऐसे में मरीजों को पहले फीस जमा करने के बाद लंबा इंतजार करना पड़ता है।

**घंटों लाइन में खड़े नहीं आया नंबर:** गोंडा से आए अमन पांडे ने बताया कि उनके पिता माधव राज पांडे के पेट में समस्या है। डॉक्टर ने 12 मार्च को अल्ट्रासाउंड लिखा, लेकिन जांच के लिए 23 मार्च की तारीख दी गई। उन्होंने बताया कि सुबह 8 बजे से लाइन में लगे हैं, लेकिन दिन में 1:30 बजे तक उनका नंबर नहीं आया। सिद्धार्थनगर निवासी तुलसीराम ने बताया कि 15 मार्च को डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड के लिए लिखा था और 23 मार्च की तारीख मिली। वह सुबह 7 बजे से जांच के लिए आ गए थे, लेकिन दिन में 2 बजे तक भी जांच नहीं हो सकी। सीतापुर से आई सरिता देवी ने बताया कि उनकी मां को लंबे समय से पेट में दिक्कत है। 15 मार्च को 23 मार्च की तारीख दी गई। सुबह से लाइन में लगी हैं, लेकिन चार घंटे बाद भी नंबर नहीं आया।

**सामान्य दिनों में मरीजों को अल्ट्रासाउंड के लिए इंतजार नहीं करना पड़ता। ऐसा क्यों हो रहा है, इसकी पड़ताल की जाएगी। मरीजों को कोई परेशानी न हो, यह हमारी प्राथमिकता है।**

– डॉ. केके सिंह, प्रवक्ता, KGMU

## पोस्ट टीबी मरीजों का KGMU में होगा मुफ्त इलाज, देश का पहला ऐसा संस्थान

### मरीजों को दवा और विशेष थेरपी के जरिए राहत प्रदान करेगी विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम

■ NBT न्यूज, लखनऊ:

केजीएमयू के पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन केंद्र में पोस्ट टीबी मरीजों के लिए पूरी तरह निःशुल्क इलाज की सुविधा शुरू की गई है। यहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मरीजों की जांच कर उन्हें दवा, श्वसन एक्सरसाइज और विशेष थेरपी के जरिए राहत प्रदान करेगी। इस पहल से उन मरीजों को खास लाभ मिलने की उम्मीद है, जो टीबी से ठीक होने के बाद भी जटिलताओं से जूझ रहे हैं।

विशेषज्ञों के मुताबिक करीब 50 प्रतिशत टीबी रोगियों में इलाज पूरा होने के बाद भी फेफड़ों से जुड़ी गंभीर समस्याएं बनी रहती हैं। इनमें फेफड़ों में धब्बे, घाव, फाइब्रोसिस, कैल्सीफिकेशन और सांस की नलियों में रुकावट जैसी दिक्कतें शामिल हैं। इन समस्याओं के चलते मरीजों को लगातार खांसी, सांस लेने में परेशानी और सामान्य जीवन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन केंद्र के संस्थापक प्रभारी और रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पोस्ट टीबी बीमारी से पीड़ित मरीजों के इलाज की अब तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं थी। ऐसे में यह नई पहल एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने जानकारी दी कि विश्व टीबी दिवस के अवसर पर पोस्ट टीबी डिसीज क्लिनिक का औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा। यह सुविधा शुरू करने वाला केजीएमयू देश का पहला संस्थान होगा। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने इस पहल की सराहना की है। राजधानी की 65 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। टीबी मुक्त भारत अभियान में अहम भूमिका निभाने वाले ग्राम प्रधानों को विश्व टीबी दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में एक प्रधान को गोल्ड, 18 को सिल्वर और 46 प्रधानों को ब्रॉन्ज पदक देकर सम्मानित किया जाएगा।

### टीबी मरीजों को दी पोषण पोटली

■ NBT न्यूज, राजाजीपुरम: राजाजीपुरम के रानी लक्ष्मी बाई राजकीय संयुक्त चिकित्सालय में सोमवार को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई। अस्पताल की ओर से लगभग 15 टीबी मरीजों को पोषण पोटली दी गई।

## फटाफट खबरें

### भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु को श्रद्धांजलि

■ NBT न्यूज, लखनऊ : इंदिरा नगर आवासीय महासमिति ने सोमवार को शहीद दिवस पर भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि दी। महासचिव सुशील कुमार 'बब्बा' ने बताया कि तीनों क्रांतिकारियों को 23 मार्च-1931 को फांसी दी गई थी। सेक्टर-22 चौराहे पर प्रतिमा रखकर पुष्प अर्पित किए गए। इस दौरान महासमिति ने स्थायी प्रतिमा लगाने की मांग दोहराई। कार्यक्रम में देवीशरण त्रिपाठी, पीके जैन, सुभाष शर्मा, नवीन सिंह, सुनील दास, कैलाश चंद्र जैन, आलोक सक्सेना, महेश बाल्मीकि, सुनील त्यागी, उमाकांत सिंह, अन्नपूर्णा श्रीवास्तव व आरके उमराव मौजूद रहे।

### नदियों की स्वच्छता के लिए ली शपथ

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : कुकरैल नदी के किनारे सोमवार को उत्साह और संकल्प का अनूठा संगम देखने को मिला। 'गंगा स्वच्छता पखवाड़ा 2026' के तहत हुए एक विशेष कार्यक्रम में स्कूली बच्चों से लेकर स्थानीय निवासियों तक ने हाथों में झाड़ू थामकर और कचरा उठाकर यह संदेश दिया कि नदियों को स्वच्छ रखना अब केवल सरकार की नहीं, बल्कि जन-जन की जिम्मेदारी है। जिला मैजिस्ट्रेट के मार्गदर्शन में जिला गंगा समिति की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत 'प्लांग रन' (दौड़ते हुए कचरा इकट्ठा करना) से हुई।

### बच्चों की भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

■ NBT, न्यूज, लखनऊ : आलमबाग स्थित मां विंध्यवासिनी मंदिर में बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल और गर्ल्स एकेडमी द्वारा भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। शिवांश मिश्रा ने बैंसियों और वंश व रोहित ने ढोलक पर संगत दी, जिससे पूरा दरबार भक्तिमय हो गया। आराधना, अनन्या और पखुड़ी समेत दो टोलियों ने 'ओढ़ के चुनरिया लाल' जैसे भजनों से समां बांध दिया। मंदिर के महंत सूर्यकुमार तिवारी ने दोनों मंडलियों को 11-11 सौ रुपये का नकद पुरस्कार भेंट किया।

## छात्रों ने जाने मौसम के मिजाज, सीखा कैसे काम करता है रेडार

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : अमौसी स्थित मौसम केंद्र में सोमवार को 'विश्व मौसम विज्ञान दिवस' के अवसर पर स्कूली छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। इस दौरान छात्रों ने मौसम विज्ञान से जुड़े आधुनिक उपकरणों को नजदीक से देखा और समझा कि डॉप्लर रडार व सैटलाइट के जरिए बारिश, तूफान और चक्रवात की सटीक भविष्यवाणी कैसे की जाती है।

कार्यक्रम में छात्रों ने भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के महानिदेशक डॉ. एम. महापात्रा द्वारा 'डिजिटल मौसम विज्ञान वेधशाला' के उद्घाटन के लाइव लेक्चर में भी हिस्सा लिया। मौसम केंद्र के प्रमुख डॉ. मनीष आर. रानालकर ने इस वर्ष की थीम 'आज का अवलोकन, कल की सुरक्षा' का महत्व बताते हुए कहा कि वर्तमान में जुटाए गए आंकड़े भविष्य में जलवायु परिवर्तन से निपटने में अहम भूमिका निभाते हैं।

**विश्व मौसम विज्ञान दिवस पर कई संस्थानों के 70 छात्रों ने किया मौसम केंद्र का भ्रमण**

एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट और शिवानी पब्लिक स्कूल सहित विभिन्न संस्थानों के करीब 70 छात्रों ने परिसर का भ्रमण किया। वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने सतही उपकरणों, विमानन मौसम यंत्रों और रेडियो सोंडे के संचालन की जानकारी दी। छात्रों ने चक्रवात की पूर्व सूचना और रूपरी वायुदाब मापने की प्रक्रिया को लेकर जिज्ञासापूर्ण प्रश्न भी पूछे। कार्यक्रम के तहत केंद्र सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आम जनता के लिए भी खुला रहा।

### मां दुर्गा का छठा रूप 'मां कात्यायनी'

नवरात्र के छठे दिन दुर्गाजी के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा और अर्चना की जाती है। ऐसा विश्वास है कि इनकी उपासना करने वाले को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इन चार पुरुषार्थ चतुष्टय की प्राप्ति हो जाती है।

**इनकी पूजा, अर्चना और स्तवन निम्न मंत्र से किया जाता है।**

चंद्रहासोज्ज्वलकरा, शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्यात् देवी दानवघातिनी॥

अर्थात् चंद्रहास की भांति देदीप्यमान, शार्दूल अर्थात् शेर पर सवार और दानवों का विनाश करने वाली मां कात्यायनी हम सबके लिए शुभदायी हो।

एक्सपर्ट ने बताया, यूपी में क्यों खाली रहे तेल के कुएं और क्या है भविष्य की तैयारी

## तेल की खोज में अब AI बनेगा 'गेमचेंजर'

■ सैयद समा, लखनऊ: देश की ऊर्जा जरूरतों और आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने में अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) बड़ी भूमिका निभाएगा। बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान (BSIP) में आयोजित व्याख्यान के दौरान ONGC के पूर्व प्रमुख (कॉर्पोरेट प्लानिंग) और अन्वेषण विशेषज्ञ **डॉ. श्री कृष्ण देशपांडे** ने 'एनबीटी' से खास बातचीत की:

**तेल की खोज में AI कैसे मदद करेगा?**

■ पहले तेल खोज की सफलता दर केवल 10% थी, जो अब 40-50% तक पहुंच गई है। AI के इस्तेमाल से यह 60% तक जा सकती है। AI डेटा का सटीक विश्लेषण कर सही स्थान पर ड्रिलिंग में मदद करता है, जिससे समय और अरबों रुपयों की लागत बचती है।

**यूपी में 'तेल के खजाने' की उम्मीदें क्यों पूरी नहीं हुईं?**

■ शहनहतपुर और तिल्हर जैसे इलाकों में गहरी ड्रिलिंग की गई थी। भौगोलिक समानताएं तो थीं, लेकिन वहां तेल बनने के लिए जरूरी 'जेनरेशन' (उत्पत्ति) की प्रक्रिया नहीं हो सकी। इसी तरह शिवालिक में चट्टानें तो थीं, लेकिन वे तेल को रोककर रखने (रिटेंशन) में नाकाम रहीं, जबकि ईरान के जग्रोस क्षेत्र में यह संभव हुआ।

**क्या 2070 तक 'नेट जीरो' लक्ष्य से तेल पर निर्भरता खत्म होगी?**

■ फिलहाल जीवाश्म ईंधन का कोई पूर्ण विकल्प नहीं है। खासकर एविएशन सेक्टर (विमानन) की ऊर्जा जरूरतें इतनी अधिक हैं कि सोलर या बिजली अभी उसका स्थान नहीं ले सकते।

**रूस से मिला रहे सस्ते तेल पर क्या राय है?**

■ अंतरराष्ट्रीय बाजार में हर देश अपने हित देखता है। भारत को फिलहाल रूस से रियायती तेल मिल रहा है। अच्छी बात यह है कि हमारे पास आयात स्थिति के लिए करीब दो महीने का रणनीतिक तेल भंडार सुरक्षित है।

**इस पूरी प्रक्रिया में BSIP जैसे संस्थानों की क्या भूमिका है?**

■ ये संस्थान 'की-फैक्टर' हैं। पत्थरों और फॉसिल्स (जीवाश्मों) के अध्ययन से ही पता चलता है कि जमीन के नीचे कहां तेल या कोयला होने की सबसे अधिक गुंजाइश है। इनका शोध ही ड्रिलिंग का आधार बनता है।

ओएनजीसी के पूर्व प्रमुख डॉ. श्रीकृष्ण देशपांडे को सम्मानित किया गया।

### 'तेल आयात पर बढ़ती निर्भरता चिंताजनक'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और पेट्रोलियम का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बन चुका है, लेकिन घरेलू उत्पादन उस रफ्तार से नहीं बढ़ रहा है। सोमवार को बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान (BSIP) में आयोजित डॉ. के.एस सुरये स्मृति व्याख्यान के दौरान विशेषज्ञों ने देश के ऊर्जा संकट और तेल खोज की चुनौतियों पर मंथन किया।

मुख्य अतिथि और ओएनजीसी (ONGC) के पूर्व प्रमुख डॉ. श्रीकृष्ण देशपांडे ने 'द ऑयल हंटर' किताब पर चौंकाने वाले आंकड़े साझा करते हुए बताया कि भारत का तेल आयात व्यय 1998 में लगभग 145 अरब रुपये था, जो 2022 तक बढ़कर करीब 9000 अरब रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि 1990 के दशक के बाद से घरेलू उत्पादन में कोई विशेष वृद्धि नहीं हुई है, जबकि खपत निरंतर बढ़ रही है, जिससे आयात पर निर्भरता बढ़ी है। डॉ. देशपांडे ने भारत में तेल खोज के इतिहास पर चर्चा करते हुए असम के ऐतिहासिक डिगबोई तेल क्षेत्र और बॉम्बे हाई जैसे अपतटीय क्षेत्रों की खोज के रोमांचक अनुभव साझा किए।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 24-03-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG3 User: cci Time: 03-24-2026 00:18 Color:

BBAU में जल्द दूरस्थ डिस्टेंस एजुकेशन की सुविधा मिलेगी। छात्र दाखिला लेकर घर बैठे पढ़ाई कर सकेंगे। -p4

व्यस्त इलाकों में ट्रैफिक नियमों की अनदेखी बढ़ती जा रही है। NBT की पड़ताल में काफी लोग रॉन्ग साइड ड्राइव करते दिखे। -p5

**106** रहा लखनऊ का AQI सोमवार को, जो मॉडरेट रहा।

**1912** पर बिजली से जुड़ी समस्या के समाधान के लिए कर सकते है शिकायत

## LPG सिलिंडर संकट छीन रहा दुकानदारों की रोजी-रोटी, किसी ने मजबूरी में दाम बढ़ाए, किसी ने गिराया शटर

# भट्ठी की आग में जल रही कमाई

■ NBT न्यूज, लखनऊ

होली की रौनक खत्म होते ही लखनऊ की सड़कों पर एक अलग सा सन्नाटा उतर आया है। जहां कभी तंदूर पर बनते कबाब, समोसे, पकौड़े और मिठाइयों की महक आती थी, वहां अब भट्ठियों की राख और दुकानों के बंद शटर दिख रहे हैं। LPG सिलिंडर की किल्लत ने न सिर्फ बड़े बल्कि छोटे दुकानदारों की रोजी-रोटी पर भी ऐसा वार किया है कि किसी ने मजबूरी में दाम बढ़ा दिए, तो कोई दुकान बंद कर घर बैठने को मजबूर हो गया है।

### भट्ठी के कारण बढ़ी लागत

जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव आलमबाग में चाय-पकौड़ी की दुकान चलाते हैं। उन्होंने बताया कि 10 मार्च को सिलिंडर न मिलने पर दुकान बंद कर दी थी। 5-6 दिन बाद जब खर्च निकालना मुश्किल हुआ तो भट्ठी पर काम शुरू किया। उन्होंने बताया कि भट्ठी पर आधा काम भी नहीं हो पाता। ग्राहक रुक-रुक कर आते हैं, लेकिन भट्ठी लगातार जलानी पड़ती है। पहले में रोज करीब 300 रुपये का खर्च बढ़ गया है। इस कारण हर आइटम के दाम 5 से 10 रुपये तक बढ़ाने पड़े हैं।

### दाम बढ़ाने पड़े, छूट रहे ग्राहक

आलमबाग के श्री राज वेज कबाब के संचालक राजीव पाल बताते हैं कि होली के बाद सिलिंडर खत्म हो गया। 3-4 दिन दुकान बंद रखने के बाद भट्ठी पर काम शुरू किया। कबाब-पराठा की प्लेट का दाम 30 से बढ़ाकर 35 रुपये करने पड़े, लेकिन पुराने ग्राहक 5 रुपये ज्यादा देने से मना कर रहे हैं। इस कारण अधिक नुकसान हो रहा है।



### फिर बंद करनी पड़ेगी दुकान

नटखेड़ा के शिवाला में बताया कि होली के बाद से सिलिंडर नहीं मिला तो दुकान बंद करनी पड़ी। दोबारा 21 मार्च को दुकान खोली और बचा हुआ सिलिंडर इस्तेमाल कर रहे हैं। लेकिन लगता है कि गैस खत्म होने पर दुकान फिर बंद करनी पड़ेगी। रोजगार का और कोई साधन नहीं है।

### देखना पड़ेगा दूसरा काम

नवल किशोर रोड के अजय यादव की कबाब-पराठा की दुकान पिछले 10 दिनों से बंद है। उन्होंने बताया कि गांव में जो थोड़ी खेती है, उसके कारण अभी घर का राशन तो मिल जाता है, लेकिन ऐसे ही चलता रहा तो बहुत जल्द कोई और काम ढूंढना पड़ेगा।

### 20 दिनों से बंद है दुकान

वैसरबाग स्थित न्यू बालाजी पूरी कॉर्नर के मालिक धीरज ने बताया कि पिछले 20 दिनों से उनकी दुकान बंद है। पहले 300 से 400 रुपये रोज कमा लेते थे, लेकिन अब घर का खर्च निकालना मुश्किल हो रहा है। दूसरे दुकानदारों के साथ काम करके खाने-पीने का जुगाड़ कर रहे हैं

### रोज 2,000 रुपये का नुकसान

हजरतगंज स्थित साधो वेज कॉर्नर के मालिक विनय गुप्ता ने बताया होली से उनकी दुकान बंद है। इस कारण रोज 2,000 रुपये का नुकसान हो रहा है। 20 दिन से दुकान बंद होने के कारण अब तक 50,000 रुपये का नुकसान हो चुका है। कारीगरों को भी घर भेजना पड़ा।

### समय, लागत दोनों बढ़ गई

अलीगंज शहीद कैसरबाग में पूड़ी-कचौड़ी की दुकान चलाते हैं। उन्होंने बताया कि भट्ठी के कारण दुकान शुरू करने में रोजाना 3 घंटे की देरी हो रही है। उसर से कोयले में हवा देने के लिए पंखे का इस्तेमाल करना पड़ रहा है, जिससे बिजली का खर्च भी बढ़ गया है। भट्ठे के कारण ग्राहक भी देर से बन रहा है, जिससे ग्राहक लौट जाते हैं। गैस में जहां 300 रुपये रोज की लागत आती थी, वह बढ़कर 600 रुपये तक पहुंच गई है।

### महंगी गैस ने बढ़ाए खाने के दाम

हजरतगंज स्थित बिरयानी कॉर्नर के आलीम ने बताया कि वह छोटे सिलिंडर का इस्तेमाल करते हैं। उनका कहना है कि पहले गैस 100 रुपये किलो थी, अब 250 रुपये हो गई है। इसलिए 20 रुपये की हाफ बिरयानी 25 रुपये की करनी पड़ी।

### स्कूल कैसे जाएंगे बच्चे

लालबाग में गुट लक वेज कॉर्नर के शेखर कि दुकान पिछले 15 दिनों से बंद है। उन्होंने बताया कि कोई दूसरा रोजगार भी नहीं है। बच्चे स्कूल जा रहे हैं, लेकिन आगे जा पाएंगे, यह पता नहीं। घर का खर्च भी मुश्किल से चल पा रहा है।

### जंग के साए में अपनों की हिफाज़त की फिक्र

■ NBT न्यूज, लखनऊ: खाड़ी युद्ध का असर अब लखनऊ के परिवारों पर भी दिखने लगा है। ईरान के कोम, मशहद और तेहरान समेत कई शहरों में पढ़ाई कर रहे लखनऊ के 150 से अधिक छात्र वहां फंसे हैं। इंटरनेट सेवाएं बाधित होने और उड़ानों के रद्द होने से परिवारजन उनसे संपर्क नहीं कर पा रहे हैं, जिससे चिंता बढ़ गई है। हजारों किलोमीटर दूर जंग के बीच फंसे बच्चों की सलामती की खबर पाने के लिए परिवार हर पल फोन की घंटी का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन इंटरनेट ठप होने से यह इंतजार और लंबा होता जा रहा है। माता-पिता, भाई-बहन की आंखों नम हैं और दुआओं में बस एक ही सुकून है कि उनका बेटा या भाई हिफाजत से लौट आए।

ईरान में फंसे लखनऊ के छात्रों के परिजनों कर रहे सलामती की दुआ

■ **तीन दिनों से बेटे से संपर्क नहीं:** दुबग्गा निवासी आमिर नकवी कोम शहर में इस्लामिक यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहे हैं। उनकी मम्मी अम्मार जहां और पापा रईस आलम ने बताया 23 दिन से छिड़ी जंग में मुश्किल से ही बेटे से बात हो सकी है। बीच में इंटरनेट चालू हुआ तो बात हुई थी। बीते तीन दिनों से कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है।

■ **कुछ सेकंड के लिए हो सकी बात:** कैम्पबेल रोड के पास रहने वाले हाशिम अंकरी बताते हैं कि दो दिन पहले चंद सेकंड के लिए बेटे आमिर से बात हुई थी। वह तेहरान में रहता है। 19 मार्च को बेटे ने बताया था जिस जगह पर उसका रूम है, उससे थोड़ी दूरी पर मिसाइल हुआ था।

■ **ईद से पहले आना था:** रानाबाजार निवासी असलम मशहद यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहे हैं। उनकी मम्मी शगुफ्ता जैदी और भाई अमन ने बताया कि ईद से पहले असलम को लखनऊ आना था, लेकिन वतन वापसी नहीं हो पाई। दो दिन पहले उससे फोन करके कहा था कि वह सहरियत से है। शगुफ्ता ने कहा कि बच्चा जितना भी हौसला दे दे, लेकिन मां के दिल की बेचैनी तो वही समझ सकती है।

■ **नहीं हो पा रहा संपर्क:** अलीगंज निवासी चमन हुसैन ने बताया कि उनका बेटा इरफान मौलवी की पढ़ाई के लिए साल भर से मशहद में है। जिस दिन से जंग छिड़ी है, हालात जानने के लिए बार-बार कॉल करते हैं। शुरुआत के कई दिन तक बेटे से बात नहीं हो सकी थी, लेकिन बीच में रोजाना हो रही थी। अभी कई दिनों से फिर संपर्क नहीं हो पा रहा है।

## कैंटीन में 'ताले' की नौबत, थालियों की संख्या घटी, मेन्यू से गायब नाश्ता

■ NBT न्यूज, लखनऊ : शहर के प्रमुख सरकारी दफ्तरों में संचालित कैंटीनों पर LPG सिलिंडर की किल्लत का असर अब साफ नजर आने लगा है। जंगबहादुर भवन, इंदिरा भवन और शक्ति भवन सहित विभिन्न विभागों व मुख्यालयों की कैंटीनों में निर्धारित रूप से बनने वाला नाश्ता और भोजन सीमित हो गया है। इस कारण कर्मचारियों के घर से आ रहे टिफिन का 'सहारा' बढ़ गया है। कैंटीन संचालकों का कहना है कि जल्द हालात नहीं सुधरे तो कैंटीन पर तालाबंदी की स्थिति आ जाएगी।

सिमटने लगी दफ्तरों की कैंटीन, घर के टिफिन का बढ़ा 'सहारा' LPG सिलिंडर की किल्लत का असर, मेन्यू में करनी पड़ रही कटौती

### जवाहर भवन : 35 की जगह 25 थालियां

जवाहर भवन की कैंटीन के मैनेजर अमित गुप्ता का कहना है कि पहले नाश्ता, थाली सहित खानपान के कई विकल्प मिलते थे, लेकिन अब 35 की जगह 25 थालियां ही तैयार कर रहे हैं। अगर एक-दो दिन में सिलिंडर नहीं मिले तो नाश्ते की वैरायटी आधी कर देंगे।

### शक्ति भवन : एक-दो दिन का स्टॉक बचा

शक्ति भवन की कैंटीन के प्रभारी राहुल ने बताया कि अभी तक स्टॉक के सिलिंडर से काम चल रहा था, जो एक-दो दिन में खत्म हो जाएगा। अभी किसी चीज के दाम नहीं बढ़ाए हैं, लेकिन मेन्यू में कटौती करनी पड़ी है। थाली की संख्या भी घटी है। अगर सिलिंडर नहीं मिला तो कैंटीन बंद करनी पड़ेगी।

### अब पूरा खाना घर से आ रहा

जवाहर भवन के कर्मचारी नेता सुशील कुमार बच्चा ने बताया कि कैंटीन व्यवस्था प्रभावित होने से कर्मचारियों की दिनचर्या पर असर पड़ रहा है। बाहर जाकर भोजन करने में काफी समय लग जाता है। इस कारण न्यायालय कर्मचारी टिफिन में ज्यादा चीनी लेकर आ रहे हैं। शक्ति भवन में कर्मचारी संघ के नेता अक्षय कुमार ने बताया कि पहले कुछ सामग्री लंच के समय कैंटीन से मंगा लेते थे, लेकिन अब घर से ला रहे हैं।

## शहर में आज

- कार्यालय सहायक सभागीय परिवहन अधिकारी की ओर से स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण कार्यशाला, जुपिटर हॉल, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, सुबह 9 बजे।
- केबी स्पोर्ट्स फाउंडेशन की ओर से बैडमिंटन टूर्नामेंट, मिनी स्टेडियम, विजयंतखंड, गोमती नगर, दोपहर 12 बजे।
- डॉ. दरबारी लाल अस्पताल ट्रस्ट की ओर से जश्न ए संस्कृतिक कार्यक्रम, टी. डी. गर्ल्स इंटर कॉलेज, विवेक खंड- 2 गोमती नगर, दोपहर 1 बजे।
- पीकॉक हेलिंग हैल फाउंडेशन की ओर से अब बोलेगा इंडिया-हांस पे चांस सीजन- 3, बौद्ध रिसर्च इंस्टिट्यूट ऑडिटोरियम, गोमती नगर, दोपहर 3 बजे।
- डॉ. के. आर. सुरेश मेमोरियल लेक्चर, बीएसआईपी ऑडिटोरियम, शाम 4 बजे।
- बिरजू महाराज कथक संस्था की ओर से कथक संध्या, बली प्रेक्षागृह, कैसरबाग, शाम 5:30 बजे।
- यूपी संगीत नाटक अकादमी की ओर से दो दिवसीय राज्य नाट्य समारोह, संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह, अकादमी परिसर, गोमती नगर, शाम 6:30 बजे।

## मरी मछलियां गोमती में फेंकी, पुलिस ने दफनाया

■ NBT न्यूज, बीकेटी : इटौंजा के हीरापुरवा गांव के पीछे गोमती किनारे मरी मछलियां मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल की जांच-पड़ताल कर मछलियों को गड्ढा खोदकर दफना दिया। मरपा निवासी तिरगा महाराज ने बताया कि सोमवार को उन्हें सूचना मिली कि नदी किनारे मछलियां मरी पड़ी हैं। मौके पर करीब 300 मछलियां मरी मिलीं। उन्होंने 112 पर फोन कर इसकी जानकारी दी। इटौंजा थाना प्रभारी सोबरन सिंह ने बताया जांच में पता चला कि अकड़रिया निवासी रुपम कश्यप मछली पालन करता है। उसके तालाब में काफी मछलियां मर गई थीं। उसने इन मछलियों को नदी में फेंक दिया था।

## मेयर की फटकार के बाद ध्वस्त किया पुराना भवन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : गोमती नगर स्थित आरआर कार्यशाला में सोमवार को मेयर सुषमा खर्कवाल ने निर्माणाधीन नगर निगम मुख्यालय भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान मेयर ने पाया कि नगर निगम की केंद्रीय कार्यशाला के पुराने भवनों को खाली कराने के निर्देश 16 जुलाई 2024 में दिए जाने के बावजूद उसे तोड़ा नहीं गया। इस पर उन्होंने चीफ इंजिनियर अरुण मनोज प्रसाद को कड़ी फटकार लगाई। इसके बाद अधिकारियों ने बुलडोजर चलवाकर पुराने भवन को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार मौजूद रहे।

## राज्य संपत्ति विभाग से ₹7.08 करोड़ की वसूली

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : नगर निगम की टीम ने एक बार फिर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। हाईकोर्ट लखनऊ (जोन-4) से 35 करोड़ 16 लाख रुपये की रेकॉर्ड टैक्स वसूली के बाद, अब जोन-1 में वर्षों से लंबित राज्य संपत्ति विभाग के 7 करोड़ 8 लाख रुपये के हाउस टैक्स की वसूली में सफलता प्राप्त की है। इस वसूली में अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, टैक्स सुप्रीटेंडेंट अनुराग उपाध्याय और टैक्स इंस्पेक्टर देवीशंकर दुबे की मुख्य भूमिका रही। नगर आयुक्त ने पूरी टीम को बधाई दी है।

## घेराबंदी देख चार सिलिंडर लदी बाइक छोड़कर भागा युवक

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: हजरतगंज के एमजी मार्ग पर सोमवार को आपूर्ति विभाग की टीम को देखकर एक युवक चार गैस सिलिंडर लदी बाइक छोड़कर भाग गया। आपूर्ति विभाग ने हजरतगंज कोतवाली में आरोपित के खिलाफ FIR दर्ज करवाकर बाइक और सिलिंडरों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

हजरतगंज में आपूर्ति विभाग की कार्रवाई, गैस एजेंसी या हॉकर होने की आशंका

क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी परवेज अख्तर और कांस्टेबल पूर्ति निरीक्षक हर्ष मिश्रा की टीम सोमवार को हजरतगंज में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान टीम ने एक सफेद बाइक (UP32BW7783) का पीछा किया, जिस पर चार सिलिंडर लदे थे। टीम को पीछे आता देख बाइक सवार युवक बाइक खड़ी कर गलियों में ओझल हो गया।

**ऐसे हुई पहचान :** जांच टीम ने जब आरटीओ से बाइक के नंबर की डिटेल निकलवाई, तो पता चला कि गाड़ी खरदा के टीनी हॉस्टल (कक्ष संख्या-105) निवासी **गौरव यादव** के नाम पर रजिस्टर्ड है। आशंका जताई जा रही है कि आरोपित किसी गैस एजेंसी का हॉकर है, जो सिलिंडरों की अवैध बिक्री करने जा रहा था। पूर्ति निरीक्षक ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कराकर जांच शुरू कर दी है।

## चारबाग से वसंतकुंज के बीच 2030 तक दौड़ने लगेगी मेट्रो

### सीएम योगी आदित्यनाथ ने समय पर काम पूरा करवाने के दिए निर्देश

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : चारबाग से वसंतकुंज तक लखनऊ मेट्रो के दूसरे कॉरिडोर पर साल 2030 से मेट्रो दौड़ने लगेगी। सीएम योगी आदित्यनाथ की समीक्षा बैठक में यूपी मेट्रो रेल कारपोरेशन के अधिकारियों ने ये दावा किया। सीएम ने लखनऊ समेत प्रदेश में चल रहे सभी मेट्रो प्रोजेक्ट्स को तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। मेट्रो प्रोजेक्ट से जुड़े कामों में किसी भी तरह की अड़चन न आए इसके लिए मेट्रो रेल कारपोरेशन और इस प्रोजेक्ट से जुड़े या प्रभावित हो रहे विभागों के बीच नियमित बैठकें करवाने के भी निर्देश दिए।

सीएम की समीक्षा बैठक में लखनऊ के अलावा कानपुर और आगरा मेट्रो प्रोजेक्ट की भी समीक्षा हुई। मेट्रो अधिकारियों के मुताबिक लखनऊ में करीब 23 किलोमीटर लंबे मेट्रो कॉरिडोर पूरी तरह से चल रहा है जबकि चारबाग से वसंत कुंज का काम 2030 तक पूरा हो जाएगा। कानपुर मेट्रो प्रोजेक्ट के 32.4 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर काम चल रहा है। इसमें लगभग 15 किलोमीटर सेक्शन पर मेट्रो का संचालन हो रहा है जबकि बचा हुआ काम मार्च 2027 तक पूरा करने की तैयारी है। वहीं, आगरा मेट्रो की लगभग 29.4 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर के प्रायमरी सेक्शन (करीब 6.5 किमी) पर मेट्रो चल रही है जबकि बाकी हिस्सा जून 2026 तक और कॉरिडोर-2 को साल 2027 तक पूरा कर लिया जाएगा।

AI Image

### डिपो, एलिवेटेड स्टेशनों के लिए 7 फर्मों में होड़

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : राजधानी में मेट्रो के सेकंड फेज की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। ठाकुरगंज के वसंतकुंज तक बनने वाले एलिवेटेड रूट और वसंतकुंज डिपो के कंस्ट्रक्शन का टेंडर हासिल करने के लिए 7 फर्में मैदान में है। इनमें से पांच फर्में सिर्फ डिपो का टेंडर लेने को आतुर है।अब इनमें से जिस फर्म का टेंडर रेट सबसे कम होगा, उसे वरीयता मिलेगी। हालांकि, फर्म को अनुभव समेत अन्य बिंदुओं पर भी परखा जाएगा। एलिवेटेड मेट्रो स्टेशनों के अलावा डिपो का टेंडर फाइनल होने के बाद अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशनों के निर्माण और रेल पटरी बिछाने का टेंडर अपलोड किया जाएगा।

**सीएम ने दिए आय बढ़ाने के सुझाव :** सीएम योगी आदित्यनाथ ने मेट्रो प्रोजेक्ट्स को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने प्रोजेक्ट की आमदनी बढ़ाने के लिए मेट्रो स्टेशन और प्रोजेक्ट से जुड़े फैसेस में मल्टीलेवल पार्किंग, रिटेल, फूड कोर्ट और ऑफिस स्पेस को बढ़ावा देने के विकल्प सुझाए। इसके अलावा विज्ञापन और डिजिटल बुकिंग का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने के साथ मेट्रो की जमीन समेत दूसरी संपत्तियों का बेहतर इस्तेमाल करने के निर्देश दिए।

**घर-दफ्तर से मेट्रो तक पहुंच हो आसान :** सीएम ने घर और दफ्तर से मेट्रो तक पहुंच को आसान बनाने के लिए मल्टी मोडल कनेक्टिविटी को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने मेट्रो स्टेशनों को सिटी बस, ई-रिक्शा, टैक्सी और ऐप आधारित ट्रांसपोर्ट सेवाओं से जोड़ने का निर्देश दिए ताकि मेट्रो से यात्रा करने वालों को लास्ट माइल कनेक्टिविटी का फायदा मिल सके।

BSIP की स्टडी: छत्तीसगढ़ की झील में मिले '9.2 ka इवेंट' के सबूत, ग्लोबल वॉर्मिंग के दौर में भविष्य के लिए बड़ी चेतावनी

# ग्रीनलैंड की बर्फ पिघली तो भारत में पड़ा था कई साल का सूखा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: हजारों किलोमीटर दूर ग्रीनलैंड में जमी बर्फ का पिघलना भारतीय मॉनसून को कमजोर कर सकता है। लखनऊ स्थित बीरबल साहनी पुरविज्ञान संस्थान (BSIP) के वैज्ञानिकों ने एक तात्र शोध में इस 'टेलीकनेक्शन' को साबित कर दिया है। 'क्वाटरनरी इंटरनेशनल' जर्नल में प्रकाशित यह अध्ययन बताता है कि कैसे 8,200 साल पहले हुई एक वैश्विक भौगोलिक घटना ने भारत में सालों तक सूखे जैसे हालात पैदा कर दिए थे।

**क्या है '8.2 ka इवेंट'?:** वैज्ञानिकों के अनुसार, लगभग 8,200 साल पहले उत्तरी अमेरिका की विशाल लाउरेंशियन झील का बांध टूटने से लाखों गैलन पानी उत्तरी अटलांटिक महासागर में मिल गया था। इस घटना ने समुद्री जलधाराओं के चक्र को बाधित कर दिया, जिससे ग्रीनलैंड का तापमान करीब 3 डिग्री सेल्सियस गिर गया। इससे वायुमंडल में मौसम का स्तर कम हुआ और वैश्विक वायुमंडलीय पैटर्न बदल गया, जिसने भारतीय मॉनसून को बेहद कमजोर कर दिया।

AI Image

**छत्तीसगढ़ की झील से मिले 'सूखे' के सुराग :** BSIP के शोधकर्ताओं ने इस थ्योरी को साबित करने के लिए छत्तीसगढ़ की तुमन झील को चुना, जो भारत के 'फोर मॉनसून जोन' में स्थित है। झील की तलहटी से 1.2 मीटर लंबे मिट्टी का नमूना निकाला गया। मिट्टी में दबे प्राचीन पराग कणों की जांच की गई। रेडियोकार्बन डेटिंग से पता चला कि ठीक 8,200 साल पहले नमी वाले जंगलों के पराग अचानक कम हो गए और सूखे इलाके की वनस्पतियां कम हो गईं। यह इस बात का ठोस सबूत है कि ग्रीनलैंड की ठंड ने भारत में भीषण अकाल जैसी स्थिति पैदा की थी।

### यह शोध अलार्मिंग क्यों?

वैज्ञानिकों का कहना है कि यह शोध साबित करता है कि भारतीय मॉनसून वैश्विक जलवायु परिवर्तनों के प्रति 'अति संवेदनशील' है। आज जब ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण ध्रुवीय बर्फ फिर से तेजी से पिघल रही है, तो अतीत की यह घटना एक अलार्म की तरह है। महासागरों में होने वाले ये बदलाव भविष्य में भी हमारे मॉनसून चक्र को अनिश्चित और खतरनाक बना सकते हैं।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

साइंस न्यूज

नैचरल वॉरियर: कंक्रीट के जंगल में जहरीली हवा के बीच सांसों के पहरेदार बनेंगे ये फूल, NBRI की स्टडी में बड़ा खुलासा

इंटरनेशनल जर्नल में प्रकाशित हुआ शोध

# प्रदूषण के 'धुएं' से बचाएंगे गुलाब और चमेली

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: शहरों में कंक्रीट के बढ़ते जाल और गाड़ियों के जहरीले धुएं के बीच अब फूल ही हमारे सेहत के रक्षक बनेंगे। सीएसआईआर-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (NBRI) के ताजा अध्ययन में सामने आया है कि गुलाब और चमेली जैसे आम पौधे घातक शहरी प्रदूषण से लड़ने में 'नैचरल वॉरियर' की भूमिका निभा सकते हैं। यह शोध हाल ही 'इंटरनेशनल जर्नल ऑफ फाइटोरेमेडिएशन' में प्रकाशित हुआ है।

**'नेचर बेस्ड समाधान':** वैज्ञानिकों का अनुमान है कि साल 2050 तक एशिया का 64% हिस्सा पूरी तरह शहरों में तब्दील हो जाएगा। ऐसे में ग्लासगो जलवायु सम्मेलन (CoP26) में भी 'नेचर बेस्ड सॉल्यूशंस' पर जोर दिया गया। इसी कड़ी में एनबीआरआई के वैज्ञानिकों डॉ. रिचा राय और सोमित बोहरा ने 'सीएसआईआर-फ्लोरीकल्चर मिशन' के तहत तीन प्रमुख फूलों-गुलाब, चमेली और रजनीगंधा पर गहन शोध किया। NBRI के निदेशक डॉ. एके शासनी ने बताया कि पौधों को अर्बन लैंडस्केप, छतों और वर्टिकल गार्डन का हिस्सा बनाना अब शौक नहीं, बल्कि जरूरत है। लार्ज-स्केल बिल्डिंग्स की छतों और सड़क किनारे वर्टिकल ग्रीनरी में गुलाब और चमेली को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

### कौन पास, कौन फेल?

शोध के लिए 'रैंडम फॉरेस्ट एनालिसिस मॉडल' का इस्तेमाल किया गया, जिसमें पौधाने वाले तथ्य सामने आए है।

**चमेली**
गैस एक्सचेंज और पानी के सही इस्तेमाल (वॉटर यूज एफिशिएंसी) के मामले में चमेली ने सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया। यह खराब हवा में भी खुद को बखूबी ढाल लेती है।

**गुलाब**
वैज्ञानिकों ने पाया कि गुलाब प्रदूषण के भारी तनाव के बावजूद अपनी फोटोसिंथेसिस (प्रकाश संश्लेषण) प्रक्रिया को जारी रखने में सक्षम है। यानी यह जहरीली हवा में भी दम नहीं तोड़ता।

**रजनीगंधा**
रजनी में रजनीगंधा प्रदूषण के सामने संवेदनशील (कमजोर) साबित हुआ। इसके स्टोमेटा (सांस लेने वाले छिद्र) बंद होने के कारण यह प्रदूषण झेलने में नाकाम रहा।

### इस तरह समझें

**बालकनी के लिए:** अगर आप फ्लाईओवर या मुख्य सड़क के पास रहते हैं, तो गुलाब और चमेली के पौधे लगाना सबसे बेहतर है।

**फायदा:** ये पौधे न सिर्फ ऑक्सीजन देंगे, बल्कि पीएम (Particulate Matter) कणों को सोखने में भी मदद करेंगे।

**सावधानी:** रजनीगंधा को अधिक प्रदूषण वाले बाहरी हिस्सों के बजाय कम प्रदूषण वाली जगहों पर लगाएं।

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper
# Website:- onlineftp.in